ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 13 • विक्रम संवत 2080 • बुधवार, 17 मई 2023 • वर्ष-24 • अंक-103 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

मिनिमल मेकअप गोल्डन पैंट-सूट में स्पॉट हुईं मलाइका पेज 12 पर



NEWS इन ब्रीफ

### चार दिवसीय प्रवास पर झारखंड पहुंचे संघ प्रमुख भागवत

**रांची।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत चार दिवसीय प्रवास पर मंगलवार को झारखंड के रांची पहुंचे। इस दौरान वह लोहरदगा जिले में आयोजित संघ शिक्षा वर्ग में शामिल होंगे। 12 बजे तपस्विनी एक्सप्रेस से भुवनेश्वर से चलकर रांची जिले के हटिया स्टेशन पहुंचे। उनके आगमन से पहले ही रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी। रेलवे स्टेशन से वह सड़क मार्ग से लोहरदगा के लिए रवाना हो गए। लोहरदगा जिले में स्थित शीला अग्रवाल सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर में संघ शिक्षा वर्ग का आयोजन किया गया है। डॉ. भागवत के आगमन के मद्देनजर यहां सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। डॉ. भागवत 19 मई को सुबह 9.30 बजे यहां से रांची जाएंगे और उसी दिन शाम को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से मुंबई के लिए रवाना होंगे। उल्लेखनीय है कि संघ शिक्षा वर्ग संघ का सांगठनिक प्रशिक्षण शिविर है। इसके प्रथम और द्वितीय वर्ष का प्रशिक्षण हर साल प्रांत अथवा क्षेत्र स्तर पर आयोजित किया जाता है।

### ऑटो पलटने से 15 महिला मजदूर घायल, दो गंभीर

**सरायकेला।** सरायकेला थाना अंतर्गत सरायकेला- कांड्रा मुख्य मार्ग पर दुगनी के समीप मंगलवार को ऑटो के अनियंत्रित होकर पलटने से ऑटो चालक सहित ऑटो पर सवार मजदूरी करने जा रही 15 महिला मजदूर घायल हो गई हैं। इसमें दो घायलों की स्थिति नाजुक बताई जाती है। जानकारी के अनुसार यात्री ऑटो दुगनी गांव से महिला मजदूरों को लेकर कंस्ट्रक्शन का काम चल रहे साइट पर पहुंचाने सालडीह जा रहा था। इसी दौरान दुगनी के समीप एक स्कॉर्पियो को बचाने के चक्कर में ओवरलोडेड ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना के बाद घटनास्थल पर चीख- पुकार मच गई। इसी क्रम में ड्यूटी जा रहे गम्हरिया के रोजगार सेवक शंकर सत्पथी ने स्थानीय लोगों की मदद से रोड एंबुलेंस को सूचना देकर घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया। इसमें दो घायल महिला मजदूर सुगुन कैवर्त और शंकर कैवर्त की स्थिति चिकित्सकों ने गंभीर बताई। शेष घायल महिला मजदूरों में तारामनी, होपना गोप, सुभद्रा नायक, कल्पना गोप, कलावती गोप, फुलमनी गोप, मंगली देवी, जितनी नायक, उत्तरा नायक, दिशा नायक, रानी गोप, सुलोचना कैवर्त और टुंपा दास का इलाज सरायकेला सदर अस्पताल अस्पताल में चल रहा है। घटना की सूचना पाकर सरायकेला थाना पुलिस ऑटो को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच कर रही है।

## सीएम 3200 शिक्षकों को सौपेंगे नियुक्ति पत्र

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 19 मई को माध्यमिक विद्यालयों के लिए चयनित 3200 स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौपेंगे। नियुक्ति की प्रक्रिया के लिए राज्य के सभी हाई स्कूलों के कार्यालय ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान 25 मई तक खुले रहेंगे। इसके अलावा 23 मई से तीन जून तक नवनियुक्त शिक्षकों का जिला स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम होगा। इसका भी शिड्यूल शिक्षा विभाग ने जारी कर दिया है। इस नियुक्ति के लिए झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने अनुशंसा की है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने इन नव नियुक्त शिक्षकों के प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की है। ऐसा पहली बार होगा जब नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र के साथ ही प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें शिक्षकों को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, प्राथमिक शिक्षा निदेशालय, प्रमंडल स्तर पर क्षेत्रीय संयुक्त शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय आदि के कार्यों की जानकारी दी जाएगी। स्कूली



शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक नव नियुक्त शिक्षकों को 23 मई से तीन जून तक ट्रेनिंग दी जाएगी। इसमें शिक्षकों को उनकी सेवा शर्त नियमावली प्रविधानों, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से संचालित होनेवाली विभिन्न योजनाओं, समग्र शिक्षा अभियान के कार्यक्रमों, मध्याह्न भोजन, ई-विद्यावाहिनी, निपुण भारत आदि की जानकारी दी जाएगी। साथ ही जेसीईआरटी के कार्यों, स्कूलों के लिए तैयार होनेवाले पाठ्यक्रम, पाठ्यचर्या, कैलेंडर के बारे भी बताया जाएगा।

विभाग ने इसे लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिया है। इस कार्यक्रम को लेकर स्कूली शिक्षा सचिव के रवि कुमार ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को पत्र लिखा है। इसमें इस कार्यक्रम के आयोजन को सुनिश्चित कराने को कहा है। उन्होंने अपने पत्र में इस बात का जिक्र भी किया है कि शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर 25 मई तक गर्मी की छुट्टी में भी हाई स्कूलों के कार्यालय को खोले जाएं। इन शिक्षकों की नियुक्ति पत्र दिया जाएगा उनकी नियुक्ति आयोग की ओर से आयोजित स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक नियुक्ति परीक्षा-2016 के माध्यम से हुई है।

उल्लेखनीय है कि मई और जून महीने में कुल नौ हजार अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा जाएगा। पहले चरण में 3200 को मुख्यमंत्री नियुक्ति पत्र देंगे। नियुक्ति पत्र पानेवाले सभी अभ्यर्थियों को सूचना दे दी गई है। संयुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा 2016 के मामले पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद यह नियुक्ति हो रही है। नियुक्त होने वाले शिक्षकों में अंग्रेजी की उनकी दक्षता के अनुसार उन्हें उत्कृष्ट व आदर्श विद्यालयों में पदस्थापित किया जाएगा।

## कट्टा व कारतूस के साथ पीएलएफआई उग्रवादी हेरमन बारला गिरफ्तार



नवीन मेल संवाददाता

**खूंटी।** पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने रनिया थाना क्षेत्र के निचितपुर सदान टोली में छापामारी कर प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया(पीएलएफआई) के सक्रिय उग्रवादी हेरमन बारला को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा, जिंदा कारतूस, संगठन के पर्चे और मोबाइल बरामद किया है।

तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ओम प्रकाश तिवारी ने मंगलवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पीएलएफआई का उग्रवादी श्रवण दास संगठन के कुछ अन्य उग्रवादियों के साथ निचितपुर सदान टोली में किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा है। सूचना के सत्यापन और कार्रवाई के लिए एसपी अमन कुमार के निर्देश पर एएसपी अभियान द्वारा ऑपरेशन प्लान के तहत तोरपा के एसडीपीओ के नेतृत्व में छापामार दल का गठन किया गया।

पुलिस ने जिस समय निचितपुर गांव पहुंची, उस समय तीन उग्रवादी एक अर्द्धनिर्मित मकान की छत पर सो रहे थे। पुलिस को देखते ही श्रवण दास एक अन्य उग्रवादी के साथ छत से कूदकर भागने में सफल रहा, पर हेरमन बारला पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने मंगलवार को उसे जेल भेज दिया। छापामारी टीम में एसडीपीओ ओपी तिवारी ,तोरपा के पुलिस इंस्पेक्टर दिग्विजय सिंह, रनिया थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार, तपकारा थाना प्रभारी रंजीत किशोर, रनिया थाना के अवर निरीक्षक संदीप कुमार और निशांत केरकेट्टा के अलाव सैट 120 और तपकारा थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## नेता प्रतिपक्ष मामले की हाई कोर्ट में सुनवाई अब 15 जून को

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** एडवोकेट एसोसिएशन की जनहित याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में मंगलवार को दलबदल मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के अधिवक्ता कपिल सिब्बल और महाधिवक्ता राजीव रंजन ने आंशिक बहस की। याचिकाकर्ता राजकुमार की ओर से अधिवक्ता अभय मिश्रा और नवीन कुमार ने पक्ष रखा। अदालत ने इस मामले की विस्तृत सुनवाई की तारीख 15 जून मुकर्रर की है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने दो बिंदुओं पर सुनवाई के लिए मंगलवार की तिथि निर्धारित की थी। इनमें से एक बिंदु में कहा गया है कि यदि कोई राजनीतिक दल अगर विपक्ष के नेता के लिए किसी का नाम देता है तो विधानसभा स्पीकर क्या सिर्फ इस आधार पर इस मामले को लंबित रख सकते हैं कि उनके खिलाफ दलबदल का केस चल रहा है। दूसरे बिंदु में कोर्ट ने कहा है कि क्या हाई कोर्ट को पावर है कि वह विधानसभा अध्यक्ष को विपक्ष के नेता बनाने के लिए निर्देश दे सकता है। दरअसल, सूचना आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित राजकुमार की अवमानना याचिका, राज्य के 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों के पद रिक्त रहने एवं अन्य दलबदल मामले पर हाई कोर्ट में सुनवाई हो रही है।

## झारखंड एटीएस ने गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को मुंबई से किया गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड के आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने कुख्यात गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को मुंबई से गिरफ्तार किया है। डीजीपी अजय कुमार सिंह, एडीजी अभियान और एटीएस एसपी सुरेंद्र कुमार झा ने संयुक्त रूप से पुलिस मुख्यालय में मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। डीजीपी ने बताया कि एटीएस को सूचना मिली थी कि हत्या, आतंक का पर्याय, संगठित अंतर्राज्यीय आपराधिक गिरोह का सरगना अमन श्रीवास्तव मुंबई में पनाह लिए हुए हैं। सूचना के बाद एटीएस की टीम को मुंबई भेजा गया, जहां महाराष्ट्र एटीएस के सहयोग से उसे गिरफ्तार किया गया। अमन श्रीवास्तव को मुंबई न्यायालय के समक्ष मंगलवार को प्रस्तुत किया गया, जहां न्यायिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद उसे रांची लाया जाएगा। डीजीपी ने बताया कि अमन पिछले सात-आठ वर्षों से आतंक का पर्याय रहा है। इस गैंगस्टर पर कुल 23 जघन्य आपराधिक कांड दर्ज हैं। इनमें हत्या के दो, हत्या के प्रयास के चार, रंगदारी के 13, आर्म्स एक्ट के दो, यूएपी एक्ट का एक एवं धारा 174 (ए) भादवि का एक कांड शामिल हैं। इसके अतिरिक्त इस गैंग के खिलाफ राज्य के अन्य जिलों में और भी कई कांड दर्ज हैं, जिसका विवरण एकत्रित किया जा रहा है। डीजीपी ने बताया कि गैंगस्टर राज्य के कोयला उत्खनन क्षेत्र और विकास योजनाओं में कार्यरत कम्पनियों एवं कारोबारियों के बीच भय तथा आतंक का माहौल बनाकर लगातार रंगदारी की मांग करता था। रंगदारी के लिए फायरिंग एवं अन्य विध्वंसकारी घटना को अंजाम देता था। इससे व्यवसायियों एवं आम जनता के बीच काफी भय एवं आतंक का माहौल बना हुआ था। डीजीपी ने बताया कि विगत सात-आठ वर्षों से टेक्निकल रूप से निपुण यह अपराधी अन्य राज्यों (तेलंगाना महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, गुजरात एवं मध्य प्रदेश) में ठिकाना बनाकर घटना को अंजाम दे रहा था।

## चिनिया में महिला की हत्या, जंगल में मिला शव

### क्षेत्र में फैली सनसनी, जांच में जुटी पुलिस

नवीन मेल संवाददाता

**चिनिया।** थाना क्षेत्र के चपकली गांव के जंगल में मंगलवार की सुबह पुलिस ने एक 40 वर्षीय महिला का शव बरामद किया गया है। शव की पहचान चपकली गांव के उतरवारा टोला निवासी महेंद्र भूइयां की 40 वर्षीय पत्नी बसंती देवी के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार बसंती देवी के पति महेंद्र भूइयां दूसरे राज्यों में जाकर दिहाड़ी मजदूरी का काम किया करता था और वह अभी भी बाहर में ही रहकर मजदूरी का काम कर रहे हैं। मंगलवार की सुबह चरवाहे से ग्रामीणों को यह सूचना मिली कि चपकली के जुगलहिया जंगल में एक महिला का शव देखा गया है। इसके बाद घटनास्थल पर ग्रामीणों ने पहुंचकर शव को देखा। शव की बरामदगी घर से महज एक किलोमीटर दूर जुग लहिया जंगल के पास हुई है। जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भेज दिया है। पूछे जाने पर थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या यह हत्या प्रतीत हो रहा है, क्योंकि महिला के शरीर पर कई जगह चोट के निशान पाए गए हैं। महिला का एक हाथ भी टूटा हुआ पाया गया है। पुलिस हर पहलू की गहनता से जांच करेगी। जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गुनाहगार कितना भी बड़ा शातिर क्यों न हो वह पुलिस की नजरों से नहीं बच पाएगा।

## निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन न्यायिक हिरासत में भेजे गए, रांची जेल बना नया ठिकाना

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। रिमांड की अवधि खत्म होने के बाद अब छवि रंजन को न्यायिक हिरासत में रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में रहना होगा। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)ने चार दिनों की रिमांड की अवधि खत्म होने के बाद सुरक्षा व्यवस्था के बीच छवि रंजन को मंगलवार को ईडी के विशेष अदालत में पेश किया, जहां पीसी छवि रंजन को न्यायिक हिरासत में रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया गया।

**लगातार दस दिनों तक हुई पूछताछ :** इससे पहले गिरफ्तार किए जाने के बाद ईडी ने छवि रंजन से लगातार दस दिनों तक पूछताछ कर चुकी है। 16 मई छवि के रिमांड का आखिरी दिन था ,जिसके बाद ईडी के विशेष अदालत में छवि रंजन को पेश किया गया। गौरतलब है कि 4 मई को जमीन घोटाले में संलिप्तता पाए जाने के बाद रांची के पूर्व डीसी आईएएस अधिकारी छवि रंजन को गिरफ्तार कर लिया गया था। इससे पहले मंगलवार को दिन में लगभग एक बजे पर ईडी दफ्तर से छवि रंजन को अदालत लाया गया। अदालत में पेश करने के बाद ईडी ने तीसरी बार रिमांड के लिए आवेदन नहीं दिया जिसके बाद अदालत के आदेश पर छवि रंजन को रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया गया मामले में अगली सुनवाई अब 25 मई को होगी।



### 4 मई को किया गया था गिरफ्तार, छह दिन हुई पूछताछ

जमीन घोटाले मामले में लंबी पूछताछ के बाद 4 मई को रात के लगभग 9।44 बजे छवि रंजन को गिरफ्तार करने के बाद ईडी ने उन्हें 5 मई को ईडी के विशेष अदालत में पेश किया था ,जहां से अदालत ने उन्हें न्यायिक हिरासत में रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया था। 5 मई को ही ईडी ने अदालत से छवि रंजन को रिमांड पर लेने के लिए आवेदन दिया था। अवकाश रहने की वजह से रिमांड की मंजूरी शनिवार की सुबह मिली थी। जिसके बाद 12 मई की दोपहर तक पूछताछ करने के बाद छवि को विशेष अदालत में पेस किया गया।

**एजुकेशन** नए फ्रेमवर्क में छात्रों को ड्यूएल डिग्री कोर्स में दाखिला लेना होगा आसान

## क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क में हुआ बदलाव

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** यूजीसी ने नेशनल हायर एजुकेशन क्वॉलिफिकेशन फ्रेमवर्क में बदलाव किया हैं।जिसमे 5 से 10 साल लेवल को कम करके 4.5 से 8 लेवल में बदल दिया गया हैं।यह ग्रेजुएशन से लेकर पीएचडी तक लागू होगा।इस बदलाव पर 25 मई को देश भर के यूनिवर्सिटी के कुलपति और कॉलेजों के प्राचार्यो के साथ वर्चुअल बैठक होगी। ऐसी चार बैठके होंगी, ताकि इसे लागू करने में कोई दिक्कत न हो सके।उच्च शिक्षा के नामांकन में बढ़ोतरी, अपनी पढ़ाई पूरी न करने वाले छात्रों की आसान वापसी, रोजगार आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ नए प्रयोगों के लिए नेशनल हायर एजुकेशनल क्वालिफिकेशन




फ्रेमवर्क जारी किया गया हैं।यह फ्रेमवर्क सभी यूनिवर्सिटी कॉलेजों में लागू किया जाएगा। गौरतलब है कि चार साल का डिग्री कोर्स अब लागू हो गया हैं। यूजीसी ने फ्रेमवर्क के अंतर्गत क्रेडिट और ट्रेडिंग फॉर्मुला तैयार किया हैं। बहुविषयक पढ़ाई कराने वाले उच्च शिक्षा संस्थानों की संख्या में बढ़ोतरी का लक्ष्य भी रखा गया हैं। सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, ग्रैजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन, पीएचडी करने पर कितने क्रेडिट मिलेंगे, इसके दिशा-निर्देश भी अब फाइनल हो गए हैं। उच्च शिक्षा में नामांकन के बाद अगर कोई छात्र किन्हीं कारणों से पढ़ाई छोड़ देता हैं तो उन्हें कुछ क्रेडिट मिल जाएंगे। दोबारा दाखिला लेना अब पहले से कहीं आसान होगा। यूजीसी के अध्यक्ष के अनुसार उच्च शिक्षा में व्यावसायिक शिक्षा के एकीकरण को भी आसान बनाया गया है।जिससे कि एकैडमिक बैक ऑफ क्रेडिट्स के माध्यम से मल्टी एंटी और एग्जिट सुविधा के विकल्प को हर संस्थान में लागू किया जाएगा। अब एक संस्थान से दूसरे संस्थान में जाने के लिए क्रेडिट काम आएंगे। बहुविषयक पढ़ाई के विकल्प से छात्र अपनी पसंद के हिसाब से विषय चुन सकेगा।अभी जो नियम लागू है, उनमें छात्रों को एक कोर्स से दूसरे कोर्स में शिफ्ट होने या एक संस्थान से दूसरे संस्थान में जाने में दिक्कत होती हैं। लेकिन अब विद्यार्थियों को ऐसी समस्या नही होगी।

## अमित शाह पर टिप्पणी मामले में राहुल की याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

### जस्टिस अंबुजनाथ की कोर्ट में बहस पूरी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि के मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। मंगलवार को जस्टिस अंबुजनाथ की कोर्ट में बहस पूरी हुई। अदालत ने दोनों पक्षों को कल तक दलीलों का सारांश दाखिल करने का भी निर्देश दिया है। दरअसल, कांग्रेस पार्टी की एक सभा में भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ कथित रूप से राहुल गांधी की आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद एक स्थानीय भाजपा नेता ने मानहानि का मामला दायर किया था। झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस अंबुजनाथ की कोर्ट में आज राहुल गांधी की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने मामले में



प्रतिवादी नवीन झा को लिखित बहस प्रस्तुत करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया था। यह मामला वर्ष 2019 में कांग्रेस के अधिवेशन में भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ राहुल गांधी की टिप्पणी से जुड़ा है। इसमें राहुल गांधी ने कहा था कि कांग्रेस में कोई हत्यारा राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बन सकता है। यह भाजपा में ही संभव है। इसके बाद भाजपा नेता नवीन झा ने लीगल नोटिस देकर राहुल गांधी से माफी मांगने को कहा था। राहुल गांधी के माफी नहीं मांगने पर नवीन झा ने रांची सिविल कोर्ट में शिकायत दर्ज कराई थी।

# करमा उरांव को याद कर भावुक हुआ रांची विश्वविद्यालय परिवार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डॉक्टर करमा उरांव को याद कर रांची विश्वविद्यालय परिवार मंगलवार को भावुक हो गया। विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में कुलपति प्रो. डॉ. अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में स्व. करमा उरांव की याद में शोक सभा का आयोजन किया गया। साथ ही दो मिनट का मौन रखा गया। उल्लेखनीय है कि गत 14 मई को रांची विश्वविद्यालय के प्रो. डॉ. करमा उरांव का निधन हो गया। कुलसचिव आरयू डॉ. मुकुंद चंद्र मेहता ने डॉ. करमा उरांव की जीवनी और रांची विश्वविद्यालय में उनके योगदान की यात्रा के बारे में विस्तार से बताया। कुलपति प्रो. डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि उनका जाना रांची विश्वविद्यालय ही नहीं झारखंड के लिये भी बहुत बड़ी क्षति है। खराब स्वास्थ्य के बाद भी वह काम के प्रति बहुत ज्यादा समर्पित रहते थे। उनमें बेहतरीन नेतृत्व क्षमता थी। उन्होंने 25 से ज्यादा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में विदेशों में जाकर झारखंड और देश का प्रतिनिधित्व किया। झारखंड को पहचान दिलायी। एक ऐसे संवेदनशील शिक्षाविद् और आत्मीय व्यक्ति के जाने से हम सभी बहुत आहत हैं। हम सभी प्रार्थना करते हैं कि ईश्वर उनके परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति दे। शोक सभा में रांची विश्वविद्यालय के सभी विभागों के हेड, संकायाध्यक्ष, प्राध्यापक, वरीय पदाधिकारी एवं कर्मी शामिल हुये। सभी ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। शोक सभा के बाद रांची विश्वविद्यालय में सभी प्रकार के कार्य बंद कर दिये गये।

## रातू गोविंद नगर में युवक की धारदार हथियार से की हत्या

**रातू।** रातू थाना क्षेत्र के गोविंदनगर के रहने वाले एक 42 वर्षीय युवक अनिरुद्ध शाही उर्फ राजकुमार शाही की धारदार हथियार से हत्या कर दी गयी। उसका शव उसके घर के अंदर लगे बिस्तर के नीचे फर्श पर पड़ा था। युवक का पैतृक गांव मांडर थाना क्षेत्र के नारों में है। राजकुमार कई वर्षों से गोविंद नगर में मकान बनाकर रहता था। वह पेशे से मेटेरियल सप्लायर का काम करता था। जानकारी के मुताबिक मंगलवार की सुबह 7 बजे मृतक की पत्नी सोनी देवी व 8 वर्ष का पुत्र किसी काम से रांची गयी थे। घर मे पति अनिरुद्ध के अलावा कोई नही था। दिन के ढाई बजे पत्नी जब अपने पुत्र के साथ घर वापस लौटी तो पति को खून से लथपथ पाया। उसके चेहरे व गले में गहरा जख्म का निशान था। इसके उपरांत घटना की जानकारी पत्नी ने अपने पड़ोसियो की दी।

# रेंसी सुनील किस्पोट्टा ब्लैक बेल्ट छठे डान से नवाजे गए



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी इमा के तकनीकी निदेशक सह सिकोकाई कराटे इंटरनेशनल झारखंड के राज्य प्रतिनिधि रेंसी सुनील किस्पोट्टा ब्लैक बेल्ट छठे डान से नवाजे गए। साथ ही इन्हें शिहान की उपाधि भी प्राप्त हुई।यह सामान इन्हें पिछले दिनों खेल गांव के टाना भगत इंडोर स्टेडियम में संपन्न ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप के समापन समारोह के दौरान विशिष्ट अतिथि कराटे इंडिया ऑर्गेनाईजेशन के महासचिव शिहान संजीव जांगड़ा के द्वारा प्राप्त हुआ। कराटे इंडिया आर्गेनाइजेशन ने इन्हें अपने छठे डान की उपाधि से नवाजा। इस अवसर पर मंच पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व उपमहापौर अजय नाथ शहदेव ने सुनील किस्पोट्टा को बधाई देते हुए कहा कि सुनील पिछले कई वर्षों से कराटे खेल में खिलाड़ियों को आगे लाने का प्रयास कर रहे हैं जिसमें इन्होंने सफलता भी प्राप्त की है।इन्होंने सिर्फ राज्य का ही नहीं देश का मान बढ़ाया है। महासचिव शिहान संजीव जांगड़ा ने कहा कि सुनील किस्पोट्टा के मार्गदर्शन में जिस प्रकार से यहां के कराटे खिलाड़ी प्रदर्शन कर रहे हैं वह दिन दूर नहीं जब ये राज्य का ही नहीं देश का भी परचम लहराएंगे। शिहान सुनील किस्पोट्टा ने कहा कि यह सामान मुझे अपने कैरियर के सही समय पर मिला है जो आगे रामबाण का काम करेगा। सुनील किस्पोट्टा के सम्मानित किए जाने पर पद्मा श्री मुकुंद नायक इमा अध्यक्ष अनिल किस्पोट्टा सचिव मोहनी रितिका टोप्पो राकेश तिर्की कुंदन उरांव श्वेता हेंब्रोम उमा शंकर महतो देवंती कुमारी आदि ने बधाई दी है।

### मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में झारखण्ड भवन के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया

# जिम्मेदार अधिकारियों व सलाहकारों की भूमिका से संबंधित जांच रिपोर्ट तलब की



**नवीन मेल संवाददाता। नई दिल्ली / रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने नई दिल्ली प्रवास के दौरान निर्माणाधीन झारखण्ड भवन के सभी सात फ्लोर का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने इस क्रम में कांफ्रेंस हॉल, डाइनिंग हॉल, मुख्यमंत्री कक्ष, गेस्ट रूम, गवर्नर सुइट समेत अन्य स्थलों का निरीक्षण किया।

**15 दिनों के अंदर जांच रिपोर्ट दें :** मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों, सलाहकार और कार्यान्वयन एजेंसियों के साथ एक समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री नई दिल्ली में बन रहे झारखण्ड भवन के निर्माण में खर्च होने वाले बजट से भी अवगत हुए। इसको लेकर मुख्यमंत्री संतुष्ट नजर नहीं आए और मुख्यमंत्री ने 15 दिनों के अंदर झारखण्ड भवन निर्माण को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों एवं सलाहकारों की भूमिका से संबंधित जांच रिपोर्ट पेश करने को कहा। उन्होंने भवन की गुणवत्ता, सुरक्षा एवं अतिथि की सुविधा के लिए आवश्यक बदलाव करने निर्देश अधिकारियों को दिया। मालूम हो कि कोविड संक्रमण की वजह से काम पर रोक और तकनीकी चुनौतियों के कारण झारखण्ड भवन निर्माण कार्य में विलंब हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा झारखण्ड भवन का निर्माण कार्य की गुणवत्ता अपनी पहचान स्थापित करे, ऐसा प्रयास होना चाहिए। झारखण्ड भवन निर्माण कार्य में अगर किसी तरह की अनियमितता सामने आती है तो जिम्मेदार व्यक्ति बख्शे नहीं जायेंगे। बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, प्रधान स्थानिक आयुक्त मस्त राम मीणा, भवन निर्माण सचिव सुनील कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

## 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन की तिथि बढ़ाई गई

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के आदेश के बाद राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में शैक्षणिक वर्ष 2023-24 हेतु नामांकन की तिथि 25 मई 2023 तक विस्तारित कर दिया गया है। इससे पहले दिनांक 02.05.2023 से 15.05.2023 तक निर्धारित की गई थी। इसके अतिरिक्त अब नामांकन प्रपत्र की स्क्रूटनी 26 और 27 मई तक की जाएगी। नामांकन के लिए चयन परीक्षा का आयोजन 30 मई को होगा। 07 जून को मेरिट लिस्ट का प्रकाशन और 12 जून तक मेरिट लिस्ट के अनुरूप स्टूडेंट्स का नामांकन किया जायेगा। 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन के लिए राज्य भर से हजारों आवेदन प्राप्त हुए हैं। लोगों की मांग के अनुरूप आवेदन देने की अंतिम तिथि को मुख्यमंत्री के आदेश के बाद बढ़ाया गया है। विस्तृत दिशा-निदेश को जे.ई.पी.सी. के वेबसाईट पर अपलोड किया गया है जिसे ीस्र्ॅ१ॅल्र्लाॅ.ङ्क्ष्प्.ल्ल पर देखा जा सकता है तथा जहां से अभ्यर्थी नामांकन हेतु दिशा-निर्देश एवं नामांकन फॉर्म भी डाउनलोड कर सकते हैं।

# सेंटर ऑफ एक्सेलेंस कुश्ती के लिए चयन प्रतियोगिता



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पर्यटन,कला संस्कृति,खेल कूद एव युवा कार्य विभाग, झारखंड के अधिनस्थ झारखंड खेल प्राधिकरण , रांची द्वारा नव सृजित स्वीकृत सेंटर फॉर एक्सीलेंस कुश्ती हेतु चयन प्रतियोगिता मेघा स्पोर्ट्स कंपलेक्स खेलगांव होटवार स्थित शहीद गणपत राय इनडोर स्टेडियम में दूसरे दिन स्किल टेस्ट लिया गया। इस चयन प्रतियोगिता में पूरे झारखंड के विभिन्न जिलों से 60 बालक एवं 31 बालिका वर्ग के खिलाड़ी भाग ले रहें है। चयन हेतु विशेष रुप से स्किल टेस्ट के लिए वरीय अंतरराष्ट्रीय कुश्ती प्रशिक्षक रजनीश कुमार ,बबलू कुमार एवं राजीव रंजन के अलावे बैटरी टेस्ट के लिए अग्नू एवं राजू साहू विशेष भूमिका निभा रहे हैं। कल चयन प्रतियोगिता का अंतिम दिन है सेंटर ऑफ एक्सीलेंस कुश्ती के लिए कुल 48 खिलाड़ियों का चयन किया जाना है। जिसमें बालक एवं बालिका वर्ग में फ्री स्टाइल के लिए 16-16 खिलाड़ी एवं ॅशृ्र्ङ्क-१ङ्कॅल्ल के लिए 16 बालक वर्ग के खिलाड़ी अंतिम रूप से चयन चयनित किए जाएंगे। इन सभी चयनित खिलाड़ियों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रखा जाएगा ।जिन्हें सरकार द्वारा सभी उच्च स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी ।

## योग और पर्यावरण को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया

**जमशेदपुर।** कर्नाटक के रहने वाले योग टीचर कृष्णा नायक योग और पर्यावरण को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए पैदल यात्रा पर निकले हैं। कई राज्यों की यात्रा करने के बाद कृष्णा नायक मंगलवार को जमशेदपुर के साकची पहुंचे। कृष्णा नायक ने बताया कि झारखंड की पैदल यात्रा करने के बाद वह असम जाएंगे। कृष्णा नायक शहर पहुंचते ही वहां के स्कूल कॉलेजों में जाकर छात्र-छात्राओं को योग और पर्यावरण के प्रति जागरूकता करते हैं। कृष्णा नायक बताते हैं कि वह सुबह 6:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक पैदल चलते हैं और इसके बाद कोई स्कूल देखकर वहां रात गुजारते हैं। कृष्णा नायक 16 अक्टूबर 2022 को कर्नाटक से इस पैदल यात्रा पर चले थे। अब तक कृष्णा नायक ने सातवें महीने की पैदल यात्रा में 9 राज्यों का भ्रमण पैदल कर चुके हैं। जिसमें कर्नाटक के अलावा तमिलनाडु आंध्र प्रदेश केरल छत्तीसगढ़ आदि राज्यों का भ्रमण कर चुके हैं और यहां सेअसम होते हुए पूरे देश के 28 राज्यों का भ्रमण करते हुए वापस कर्नाटक पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि हमें कुछ पीठ कमर में समस्याएं आई थी और डॉक्टर ने उसके लिए ऑपरेशन का सुझाव दिया था। तब ना हमारे पास पैसा था, ना मैं ऑपरेशन कराना चाहता था।

## चायबागान में काली पूजा कल से होगी शुरू

**नामकुम।** मिश्रा काली पूजा समिति चायबगान द्वारा इस वर्ष भी काली पूजा आयोजित की जा रही है। आयोजक पंडित परमानंद मिश्र ने बताया कि गुरुवार की सुबह कलशयात्रा से पूजा की शुरूआत हो जाएगी। कलशयात्रा में लगभग 500 महिलाएं स्वर्णरेखा नदी से कलश में जल भरकर पूजा स्थल तक आएगी। गुरुवार की रात काली पूजा बलिदान होगा और शुक्रवार की सुबह 56 भोग बलिदान तथा संध्या सात बजे महाआरती और प्रसाद वितरण होगा। शनिवार को पूजा हवन, बटुक और कुमारी पूजन भंडारा एवं प्रसाद का वितरण किया जाएगा। वहीं रविवार को पूजा, आरती, खिचड़ी भोग और संध्या में मूर्ति विसर्जित की जाएगी।

# राष्ट्रपति के खूंटी आगमन के मद्देनजर उपायुक्त ने अधीनस्थों को दिए दिशा-निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के खूंटी आगमन के मद्देनजर उपायुक्त की अध्यक्षता में मंगलवार को जिले के अधिकारियों की बैठक हुई। उपायुक्त ने की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि सभी प्रतिनियुक्त अधिकारी, दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि विधि व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था के अलावा ट्रैफिक व्यवस्था, रूट लाइन की व्यवस्था बेहतर बनी रहे। उन्होंने सभी प्रतिनियुक्त अधिकारियों और कर्मियों को आईडी कार्ड के साथ कार्यस्थल पर सतर्क रहने का निर्देश दिया। जिला प्रशासन ने बताया कि राष्ट्रपति के आगमन को लेकर जिला और पुलिस प्रशासन को पूर्ण व्यवस्थित रूप से कार्य करना है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी स्तरों पर विभिन्न विभागों के दायित्व निर्धारित किए गए हैं। बिरसा कॉलेज स्टेडियम में प्रस्तावित महिला सम्मेलन के मुख्य आयोजन को लेकर सुरक्षात्मक पहलुओं से संबंधित निर्देश अधिकारियों को दिए गए। राष्ट्रपति के आगमन पर हेलिपैड की व्यवस्था और कार्केड पदाधिकारी तथा दंडाधिकारियों की जिम्मेदारियों के संबंध में बताया गया। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों के प्रवेश द्वार और निकासी द्वार की विशेष व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न सेल का गठन किया गया। साथ ही चिकित्सा व्यवस्था, पेयजल, भोजन, वाहन, विद्युत, बैठने की व्यवस्था के लिए अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम स्थल पर लगाए जानेवाले स्टॉल एवं इसके उचित प्रबंधन को लेकर निर्देश दिए गए।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### भवन निर्माण विभाग भवन प्रमंडल संख्या-1, राँची

**अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना-04/2023-24**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता :कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या-1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय :दिनांक 19.05.2023 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :दिनांक 19.05.2023 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :दिनांक 19.05.2023 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :मुख्य अभियंता, भवन निर्माण विभाग, राँची, अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची एवं नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान :अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of False Ceiling in Verandah, wall Paper, wooden Polish (Charkha, Octopus, First Floor and Ground Floor all wooden work, all wooden chair), HPL work in First Floor Verandah Corner, wooden door in dinning side, Main Portico and first Floor Right Side all room painting work at Main Building Rajbhawan Ranchi (Occasion for visiting of President of India) | 1905900.00 | 38200.00 | 5000.00 | 23.05.2023 |
| 2 | Supply work for Door Curtain & Window Curtain (Secretary Chamber, Visitor Area, Governor Chamber and First Floor Verandah door), Cushion Cover, Cushion, Glass, Spoon (Small, Medium, Big), Napkin, Dinner Mate, Hand Glops etc at Main Building Rajbhawan Ranchi (Occasion for visiting of President of India) | 2604700.00 | 52100.00 | 5000.00 | 23.05.2023 |
| 3 | Renovation of Gate No.-(1, 2, 3, and 5 ) and all Barrack (Internal and External) Painting work at Rajbhawan Campus Ranchi (Occasion for visiting of President of India) | 1123400.00 | 22500.00 | 2500.00 | 23.05.2023 |
| 4 | Renovation of Boundary wall (Internal and External), Concertina wire and Grill Painting work at Rajbhawan Campus Ranchi (Occasion for visiting of President of India) | 3655700.00 | 73200.00 | 5000.00 | 23.05.2023 |
| 5 | Painting work all tree, all Guard room, Watch Tower, Electric Poll base at at Rajbhawan Campus Ranchi (Occasion for visiting of President of India) | 667000.00 | 13400.00 | 1250.00 | 23.05.2023 |
| 6 | Painting work in all Pathway (both side portion area), Pond area, PCC work in Gate no.-5 at Rajbhawan Campus Ranchi (Occasion for visiting of President of India) | 955600.00 | 19200.00 | 1250.00 | 23.05.2023 |
| 7 | Renovation of Cow Shed Area and Cow Shed Building at Rajbhawan Campus Ranchi (Occasion for visiting of President of India) | 530300.00 | 10700.00 | 1250.00 | 23.05.2023 |

नोट :- निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या-1, राँची

PR 297537 (Building)23-24*D


**कार्यक्रम** — तीन दिवसीय समर कैंप हुआ संपन्न

# बच्चों ने चित्रकला व हस्तकला का प्रशिक्षण लिया





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अग्रवाल सभा महिला समिति की ओर से चल रहे तीन दिवसीय समर कैंप का समापन आज संध्या 5:00 बजे किया गया। तीन दिवसीय समर कैंप में 110 बच्चों ने सुबह 8:00 बजे से शाम के 5:00 बजे तक प्रार्थना संस्कार जूडो कराटे योग चित्रकला हस्तकला नृत्य शतरंज संगीत की कला का प्रशिक्षण लिया। 3 दिनों में इन सभी चीजों के प्रति उनकी रुचि जागृत हुई। अच्छे आचरण और अनुशासन की शिक्षा भी उन्होंने खेल खेल में प्राप्त किया। सभी प्रशिक्षकों सुनील किस्पोट्टा, श्री नंद दुलाल दत्ता, साबिर हुसैन, सुबोध कुमार, दीपक कुमार, अजय गोस्वामी, मनीष कमल, जिज्ञासा पाजेब के दीपक सिन्हा, को उचित मानदेय देकर अग्रवाल सभा की ओर से सम्मानित किया गया। सभी बच्चों को सर्टिफिकेट देकर प्रोत्साहित किया गया। पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में अग्रवाल सभा के पदाधिकारी गणों और महिला समिति के बहनों का भरपूर सहयोग रहा। समापन समारोह में सभा के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र केडिया, अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया, मंत्री मनोज चौधरी , प्रमोद अग्रवाल, सज्जन पाडिया, बिजय खोवाल, अनिल अग्रवाल, अनिल कुमार अग्रवाल, नरेश बंका, राजेश भरतिया, सुनील पोद्दार, बिनोद टिबड़ेवाल एवं कई अभिभावक गण उपस्थित थे। इस कैंप के सफल आयोजन में संयोजिका रूपा अग्रवाल, महिला समिति के सदस्य रीना सुरेका,मंजू केडिया, लक्ष्मी पाटोदिया, उर्मिला पाड़िया, प्रीति बंका, प्रीति पोद्दार,पूजा बगड़िया, प्रीति केडिया, सुषमा पोद्दार, बीना मोदी, जिज्ञासा ना सरिया, साक्षी केजरीवाल, बबीता नार्सरिया, छाया अग्रवाल, विद्या अग्रवाल, सुनीता सरावगी, रेणु छापड़िया, सीमा टांटिया, अनु पोद्दार, ने सक्रिय भूमिका निभाई। उपरोक्त जानकारी मीडिया प्रभारी सज्जन सर्राफ ने दी।

## 6 साइबर अपराधी गिरफ्तार, 2 फरार, 11 मांगे मोबाइल सेट एवं 14 सिम बरामद

**जामताड़ा ।** जामताड़ा पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियरी के निर्देश पर साइबर अपराध के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान साइबर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस को जामताड़ा जिले के करमाटांड़ एवं नारायणपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से 6 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है जबकि दो साइबर अपराधी पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा । इस दौरान पुलिस ने 11 महंगे मोबाइल सेट एवं 14 फर्जी सिम बरामद किया है। साइबर पुलिस निरीक्षक अजय पंजियार ने बताया कि गिरफ्तार साइबर अपराधियों में मसूद अंसारी , मुस्तकीम अंसारी, रहमान अंसारी, एवं शाहबाज अंसारी को नारायणपुर थाना क्षेत्र के मोचायडीह एवं चिरुडीह से गिरफ्तार किया गया है जबकि समीर अंसारी एवं मोहम्मद अहमद को कमार्टांड़ थाना क्षेत्र के लोहारबंधा गांव से गिरफ्तार किया गया है ।

# विविधता में एकता हमारी शक्ति और प्रगति की आधारशिला : राज्यपाल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि हमारे देश में विभिन्न जाति, धर्म और संप्रदाय के लोग सौहार्दपूर्वक रहते हैं। उनकी भाषा, संस्कृति, रीति-रिवाज इत्यादि अलग-अलग है, फिर भी हम सभी एक हैं। यही विविधता में एकता हमारी शक्ति एवं प्रगति की आधारशिला रही है। राज्यपाल मंगलवार को सिक्किम राज्य के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राज भवन में आयोजित ह्लसिक्किम राज्य स्थापना दिवस समारोहह्ल में बोल रहे थे। उन्होंने सिक्किम के निवासियों को स्थापना दिवस की बधाई दी।राज्यपाल ने झारखंड में निवास कर रहे सिक्किम के लोगों से संवाद करते हुए कहा कि सिक्किम ने विकास के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने में यह राज्य अग्रणी रहा है। साथ ही इस राज्य ने पर्यटन के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। उन्होंने कहा कि इस प्रदेश का जैविक कृषि के क्षेत्र में किए गए अद्वितीय प्रयास ने पूरे विश्वपटल पर अमिट पहचान स्थापित की है। जैविक कृषि की दिशा में राज्य के द्वारा किये गए कार्य अत्यंत ही प्रशंसनीय है। जो देश के बाकी हिस्सों के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करता है। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी ने स्वागत भाषण किया। सिक्किम की बीआईटी मेसरा में अध्ययनरत छात्रा प्रशांति शर्मा एवं जैप-1 में कार्यरत राजेश शर्मा ने राज्यपाल का आभार प्रकट किया।

## ग्राफ, चार्ट और टेबल कॉपीराइट में नहीं हैं शामिल : पटनायक

**रांची।** केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड (सीयूजे) की ओर से अभ्यास में अनुसंधान (अंतःविषय) के तहत मंगलवार को पहले सत्र में आईआईएम बंगलुरु की लाइब्रेरियन डॉ के रमा पटनायक का व्याख्यान हुआ। उन्होंने अनुसंधान व कॉपीराइट पर चर्चा की। कहा कि कुछ कॉपीराइट कानूनों की प्रकृति क्षेत्राधिकार संबंधी होती है। कुछ सामग्री कॉपीराइट से बाहर हो सकती है। कॉपीराइट में पाठ, कलात्मक कार्य, नाटकीय कार्य, संगीत कार्य, फिल्म, प्रसारण व प्रकाशित संस्करण आदि शामिल हैं। कॉपीराइट में चार्ट, टेबल, ग्राफ आदि शामिल नहीं हैं। कॉपीराइट नई चीजों को पुनः प्रस्तुत करने, मुद्रित रूप में प्रकाशित करने, काम को प्रकाशित करने और जनता से संवाद करने और उनके काम को अपनाने या संशोधित करने के कुछ अधिकार देता है। कॉपीराइट लेखक की मृत्यु के 70 साल बाद तक प्रभावी रहता है।

# गलत तरीके से राशन कार्ड लेनेवाले तीन लोगों पर ढाई लाख का जुर्माना




**नवीन मेल संवाददाता। रांची जिला** प्रशासन ने गलत तरीके से राशन कार्ड बनाने वालों पर कार्रवाई करना शुरू कर दिया है। मंगलवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी अल्बर्ट बिलुंग ने ऐसे तीन कार्डधारियों पर जुर्माना लगाया गया और छह दिनों के अंदर राशि जमा करने का आदेश दिया। राशि जमा नहीं करने पर उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। तीनों पर कुल 2 लाख 49 हजार 480 रुपए का जुर्माना लगाया गया। मांडर प्रखंड के ब्रांबे गांव के निवासी पंकज कुमार ने योग्यता नहीं होने के बाद भी राशन कार्ड बनाया था। 10.6.2015 को राशन कार्ड बना था। तब से वह लगातार राशन उठा रहे थे। सिल्ली प्रखंड के सुलुमुजरी गांव के जयपाल नारायण का राशन कार्ड 15.9.2015 को बना था और वह भी लगातार राशन ले रहे थे। इसी गांव के बिनय कुमार 18.09.2017 से राशन कार्ड बना कर लगातार अनाज का उठाव कर रहे थे। पंकज कुमार पर 97 हजार 428, विनय कुमार पर 54 हजार 624 और जयपाल नारायण पर 97 हजार 428 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने इन तीनों राशन कार्डधारकों को छह दिनों के अंदर जुमार्ने की राशि जमा करने का निर्देश दिया है। जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिनियम और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अनाज योजना के नियमों का उल्लंघन करने पर सभी के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

# कैब चालक का कार में मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** रांची के पुंदाग ओपी क्षेत्र के जवाहर नगर में कार में एक युवक का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान जय कर्मकार(24) के रूप में की गई है। मृतक डिबडीह का रहने वाला था और वह पेशे से कैब ड्राइवर था। बताया जा रहा है कि जय कर्मकार को सांस की बीमारी थी। उसका इलाज भी चल रहा था। सोमवार की रात उनकी गाड़ी पुंदाग के जवाहर नगर में खराब हो गयी थी। इसके बाद जय कर्मकार जवाहर नगर में ही गाड़ी लगाकर कार में ही सो गया था। आशंका व्यक्त की जा रही है कि सांस लेने में परेशानी होने की वजह से ही जय की मौत हुई होगी। पुलिस के अनुसार मंगलवार की सुबह आठ बजे स्थानीय लोगों की नजर कार पर पड़ी। कार के सामने जाकर आवाज लगा, लेकिन भीतर से कोई जवाब नहीं मिला। शंका होने पर पुंदाग पुलिस को सूचना दी गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। जांच के बाद पता चला कि युवक की मौत हो गई है। उसके जेब की तलाशी लेने के बाद युवक का नाम व पते की जानकारी मिली। पुलिस से मिली जानकारी के बाद परिजन पहुंचकर शव की शिनाख्त की। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया। गले में युवक के खरोच के निशान भी मिले हैं। इसके बाद रिम्स में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। फिलहाल मामले में यूडी केस दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### खराब हो गई थी गाड़ी

जवाहर नगर के लोगों ने पुलिस को बताया कि जय कर्मकार की कार जवाहर नगर में खराब हो गयी थी। स्टार्ट नहीं हो रहा था। हालांकि उसने किसी से मदद नहीं मांगी। सुबह में उसे अचेत देखकर पुलिस को सूचना दी गई।

**गाड़ी में था कम तेल, पुंदाग पहुंचते ही हुई खत्म :** जय कर्मकार की मां से पुंदाग पुलिस ने पूछताछ की। उसने पुलिस को बताया कि उनके पुत्र जय कर्मकार को सांस की बीमारी है। उसका इलाज भी चल रहा था। जब भी सांस लेने में परेशानी होती थी, तब वह अक्सर अपने पास एक दवा रखता था। सोमवार को भी उसकी तबीयत खराब थी। वह दिनभर घर पर ही था। उसने शाम में घूमने की बात कही। परिजनों ने उसकी हालत देखकर कार में तेल भी कम भरा ताकि वह ज्यादा दूर नहीं जा सके। वह अपने एक रिश्तेदार के जवाहर नगर स्थित घर में मिलकर लौट रहा था। देर रात तक जब वह नहीं मिला तो परिजन परेशान हो गए। खोजबीन भी की, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। सुबह में पुलिस से उसकी मौत की खबर मिली।

## सीआईपी का 106वां स्थापना दिवस और एलुमिनाई मीट आज

**रांची।** केंद्रीय मनःचिकित्सा संस्थान (सीआईपी) में बुधवार को 106वां स्थापना दिवस और एलुमिनाई मीट मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम का शुरूआत मुख्य अतिथि रांची यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ एके सिन्हा होंगे। इसके तत्पश्चात एक सीएमई का आयोजन किया जाएगा, जिसका शीर्षक है ग्लोबलाइजेशन और मानसिक स्वास्थ्य है। इसके मुख्य वक्ता डॉ एस के मुंडा, डॉ निखिल नय्यर एवं मालविका होंगे। इस कार्यक्रम में देश-विदेश से करीब 150 मानसिक रोग प्रोफेशनल शामिल होंगे। इस मौके पर बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले रेजिडेंट डाक्टर, छात्र एवं कर्मचारी और अधिकारी को प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा।

# तारा शहदेव यौन उत्पीड़न मामले में मुख्यमंत्री की ओर से झामुमो जिलाध्यक्ष ने दी गवाही



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** रांची सीबीआई कोर्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में मंगलवार को तारा शाहदेव यौन उत्पीड़न केस की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष की ओर से सीबीआई कोर्ट में गवाही दर्ज हुई। कोर्ट में मुख्यमंत्री की ओर अधिकृत गवाह के तौर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम उपस्थित हुए। उन्होंने अदालत को बताया कि इफ्तार पार्टी के लिए मुख्यमंत्री आवास से निमंत्रण पत्र जारी होता है। रंजित कोहली उर्फ रकीबुल हसन जो आमंत्रण पत्र दिखा रहा है। वह सही है। लेकिन मैं किसी रकीबुल हसन को नहीं जानता हूं। रंजीत कोहली उर्फ रकीबुल के साथ हाई कोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार (विजिलेंस) बर्खास्त मुश्ताक अहमद और कोहली की मां कौशल रानी ट्रायल फेस कर रही हैं। अधिवक्ता मुमताज ने बताया कि मुख्यमंत्री आउट ऑफ स्टेशन है इसलिए उनके जगह पर अधिकृत रूप से जिला अध्यक्ष कोर्ट में प्रस्तुत हुए और गवाही दी। उल्लेखनीय है कि रंजीत कोहली और तारा शाहदेव की शादी सात जुलाई 2014 को हुई थी। शादी के बाद से ही मारपीट एवं उत्पीड़न की घटनाएं होने लगी थी। हाई कोर्ट के आदेश पर 2015 में सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज की थी।

# आचार्यकुलम के खिलाड़ियों ने सोना जीतकर स्कूल का नाम रौशन किया




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** 13 और 14 मई को मुरी में आयोजित 19वीं झारखण्ड राज्यस्तरीय सब जूनियर वुशू प्रतियोगिता में आचार्यकुलम के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 गोल्ड 7 सिल्वर और 8 ब्रॉन्ज मेडल जीत कर स्कूल का मान बढ़ाया इस प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को आचार्यकूलम की प्रिंसिपल श्रीमती सुजाता कौरा, स्वामी श्री दिव्य देव जी, गंगा प्रसाद राय तथा एन आई एस कोच दीपक गोप, प्रतिमा कुमारी ने शुभकामनाएं दी और उज्ज्वल भविष्य की कमाना की पदक विजेता खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार है : *स्वर्ण पदक -अमर तिर्की, अहाना सिंह, अभिउदय कुमार, सायेशा सिंह को मिला।

**रजत पदक :** आदित्य पाण्डेय, सुहाना शिखा, सौम्या कुमारी लिपिका श्रेष्ठ, जानवी कुमारी, अनुष्का जायसवाल, अनिक शर्मा ने पाया।

ब्रॉन्ज : प्रगति निधि सोय, महक कुमारी, रिद्धि कुमारी, अनुष्का कुमारी, अंशिका मेहता, शिवांगी, शिवांगी सिंह, सात्विक ने पदक जीते।

## अनगड़ा में आग पर चलकर भक्तों ने दिखाई अपनी भक्ति

**अनगड़ा।** प्रखंड की हरातू पंचायत के ईद गांव में मंडा पूजा में मंगलवार की सुबह 101 भोक्ताओं ने अंगारों पर चलकर शिव भक्ति के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। सात दिनी मंडा पूजा में 151 सोख्ताइन शामिल हुईं। सुबह में झूलन और सोमवार की शाम में लोटन पूजा की गई थी। रात्रि जागरण में रात भर बंगाल की दो छऊ नृत्य टीमों के बीच मुकाबला चलता रहा। मुख्य अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप और विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, झारखंड कर्मकार बोर्ड के सदस्य पारसनाथ भोगता ने छऊ नृत्य का उद्घाटन किया। अतिथि के रूप में हरातू मुखिया राजेन्द्र बेदिया, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र मुंडा, पंचायत समिति सदस्य विनोद रजवार, समाजसेवी फारूक खान, प्रकाश यादव, शिवधर रजवार, निर्मल करमाली, महेश महतो थे। इसमें अध्यक्ष श्रवण कुमार मुंडा, उपाध्यक्ष चिंता साहू, राजू करमाली और बालेश्वर बेदिया आदि ने सराहनीय योगदान रहा।

**कार्यकाल** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में कार्यक्रमों की रूपरेखा तय

# केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक ले जाने को कसी कमर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की मंगलवार को हुई बैठक में पार्टी ने मोदी सरकार के नौ साल पूरे करने पर राज्यव्यापी कार्यक्रमों की रूपरेखा बनी। रांची के सरला बिरला स्कूल में आयोजित एक दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश ने की। कार्यसमिति की बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में दीपक प्रकाश ने कहा कि मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर राज्य में कार्यक्रमों की श्रृंखला खड़ी की जायेगी। 30 मई को मोदी सरकार के कार्यकाल का नौ साल पूरा हो रहा है। इसको लेकर भाजपा 30 मई से 30 जून तक राज्य में कार्यक्रम आयोजित कर जनता के बीच पहुंचेगी। कार्यक्रमों को बूथ स्तर पर सफल बनाने के लिए जल्द ही जिला और मंडल कार्यसमिति की भी बैठक होगी। इसके जरिये ना सिर्फ केंद्र सरकार की उपलब्धियों को पहुंचाएगी, बल्कि लोगों के बीच पैठ भी बढाएगी। दीपक प्रकाश के मुताबिक महीने भर के विशेष जनसंपर्क अभियान के लिए 30 मई तक संगठनात्मक संरचनाओं से जुड़ी इकाईयों के साथ बैठक होगी। जिला और मंडल स्तर पर भी कार्यसमिति की बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा तय होगी। 29 मई को किसी केंद्रीय मंत्री का प्रेस कॉन्फ्रेंस होगा। 30-31 मई को पीएम मोदी जनसभा के जरिये विभिन्न कार्यक्रमों की लॉन्चिंग करेंगे। 1-22 जून तक संपर्क से समर्थन अभियान चलेगा। मिस्ड कॉल के जरिये भी समर्थन लोगों से लेंगे। 2-3 जून को विकास तीर्थ यात्रा होगी। इसी तरह चार जून से 31 जून तक निर्धारित कार्यक्रमों के जरिये केंद्र की योजनाओं की जानकारी जन-जन को दी जाएगी। व्यापारियों, लाभार्थियों का सम्मेलन होगा। राज्य सरकार की नाकामियों को भी जनता के सामने रखा जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत बाजपेई, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी और भाजपा एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यसमिति सदस्यों को संबोधित किया।



NEWS इन ब्रीफ

## रांची में बदमाशों ने बाइक लूटी विरोध पर युवक को चाकू मारा

**रांची।** अनगड़ा थाना क्षेत्र के भार चमघटी पुल के पास मंगलवार को तीन अज्ञात अपराधियों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर बाइक लूट ली। मिली जानकारी के अनुसार बदमाशों ने सिल्ली निवासी साजन पोद्दार की सफेद रंग की 200 सीसी की पल्सर बाइक (जेएच 01एफए 3621) और मोबाइल फोन लूट लिया। लूट का विरोध करने पर साजन को चाकू मारकर घायल कर दिया। फिलहाल साजन का इलाज सीएचसी अनगड़ा में चल रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।

## राजमिस्त्री प्रशिक्षण के 89 प्रशिक्षणार्थीयों के बीच प्रमाण पत्र का हुआ वितरण

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में राजमिस्त्री प्रशिक्षण प्राप्त किए हुए कुल 89 प्रशिक्षणार्थीयों को प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार के द्वारा प्रमाण पत्र वितरण किया गया। जिसमें भास्कर फाउंडेशन के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किए हुए 73 प्रशिक्षणार्थियों एवं ओपीजेसीसी के द्वारा 16 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्राप्त प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

## ट्रेनों का न्यू बरौनी स्टेशन पर प्रयोगिक ठहराव

**रांची ।** रेल मंत्रालय द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि ट्रेन संख्या 18626/18625 हटिया झ पूर्णिया कोर्ट-हटिया एक्सप्रेस ट्रेन का न्यू बरौनी स्टेशन पर प्रयोगिक तौर पर 21/05/2023 से अगले आदेश तक ठहराव दिया गया है" इन ट्रेनों का न्यू बरौनी स्टेशन पर समय सारणी 1. ट्रेन संख्या 18626 हटिया - पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस ट्रेन का न्यू बरौनी स्टेशन पर दिनांक 21/05/2023 से अगले आदेश तक आगमन 18 .50 बजे एवं प्रस्थान 18 .52 बजे होगा। 2. ट्रेन संख्या 18625 पूर्णिया कोर्ट-हटिया एक्सप्रेस ट्रेन का न्यू बरौनी स्टेशन पर दिनांक 21/05/2023 से अगले आदेश तक आगमन 07 .34 बजे एवं प्रस्थान 07 .6 बजे होगा।

## शोकाकुल परिजनों से मिले बाबूलाल

**रांची ।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मराण्डी ने झारखंड की संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन के प्रति आजीवन समर्पित रहे प्रख्यात शिक्षाविद् स्वर्गीय करमा उरांव के शोकाकुल परिजनों से मिलकर अपनी संवेदनाएं प्रकट की।बाबूलाल मराण्डी ने कहा कि स्वर्गीय उरांव के आदर्श और विचार सदैव हम सबों को राज्य के विकास के प्रति संकल्पित करती रहेगी।

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

# समय पर पूर्ण करें आवास योजनाएं



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार ने प्रखंड के कर्मियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि आवास योजनाएं समय पर पूर्ण करना हम सबका दायित्व है। आवास योजनाएं गरीबों के सिरों पर छतों की सौगात है। जिसके सहारे एक परिवार मौसम की बेरुखी से अपनी सुरक्षा करता है। आवास योजनाओं के लाभुको को मनरेगा से दी जाने वाली मजदूरी की राशि समय पर मजदूरों को देना ही मनरेगा कर्मियों का एक अहम दायित्व है। जिसपर लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस संबंध में उन्होंने फील्ड कर्मी एवं पर्यवेक्षकों को फील्ड भ्रमण कर कार्य में प्रगति लाने और योजनाएं पूर्ण करने की सख्त हिदायत दी। मनरेगा योजनाओं की समीक्षा करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने पोटोहो खेल मैदान को अति शीघ्र पूर्ण करने तथा साथ ही 15 वे वित्त से बनाए जाने वाले चेंजिंग रूम को पूर्ण करने की हिदायत दी। सक्रिय मजदूरों का आधार सीडिंग करने तथा एबीपीएस के माध्यम से मजदूर मजदूरी राशि मनरेगा मजदूरों के खाते में हस्तांतरित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि अभी मनरेगा के तहत कार्य किए जाने का बेहतरीन अवसर है। इस अवसर का लाभ उठाते हुए प्रत्येक पंचायत में 150 से 200 मजदूरों को काम देना सुनिश्चित किया जाए। रोजगार सेवकों को निर्देश दिया कि प्रत्येक दिन प्रति गांव कम से कम 5 योजनाओं का संचालन सुनिश्चित करें। इस महत्वपूर्ण बैठक में अनुपस्थित रहने पर रोजगार सेवक से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया। सभी पंचायत में पूर्ण हुए एवं अधूरे सभी योजनाओं का जियो टैग करने और कार्य में प्रगति लाने की बात कही। मौके पर संजय तिर्की, फारुक नदीम, विभिन्न पंचायत के मुखिया गण के अतिरिक्त सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, रोजगार सेवक कंप्यूटर सहायक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में सब्जी विक्रेता महिला की मौत, तीन अन्य गंभीर रूप से घायल

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बिष्टुपुर थाना अंतर्गत कॉन्वेंट स्कूल के समीप बाइक और टेंपो में हुई जोरदार टक्कर में सोनारी की सब्जी विक्रेता महिला की मौत हो गई, वहीं तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार उस वक्त यह दुर्घटना घटी, जब कॉन्वेंट स्कूल और मोदी पार्क के बीच के मुख्य सड़क में सोनारी से साकची की ओर जा रही टेंपो के साथ बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि टेम्पो में सवार सोनारी खुटाडीह की रहने वाली मालू प्रमाणिक, उनके भाई कार्तिक प्रमाणिक, बाइक सवार छाया नगर के रहने वाले विक्रम और एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर बिष्टुपुर थाना की पीसीआर वैन घटना स्थल पर पहुंची और सड़क पर लहूलुहान हालत में पड़े चारों घायलों को एमजीएम अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां मालू प्रमाणिक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन को दी नसीहत, कहा

# दागदार अफसरों को सरकार न दे छूट



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को ट्वीट कर के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को याददाश्त ठीक करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि झारखंड की सत्ता संभालते ही रांची जैसे महत्वपूर्ण जिले के लिए दलाल प्रेम प्रकाश की पसंद छवि रंजन जैसे दागदार, चार्जशीटेड और जमानत प्राप्त अफसर को डीसी बनाकर लाया गया। मरांडी ने कहा कि अभी जो स्थिति जमीन लूट में सरकार को देखनी पड़ रही, वह नहीं देखनी पड़ती। उन्होंने कहा कि छवि रंजन अकेले नहीं हैं। छह से ज्यादा आईएएस-आईपीएस दलाल प्रेम और अमित को झारखंड का गॉड फादर मानते थे और इन दलालों के इशारे पर काम करते थे। ऐसे अफसरों के दिन की शुरुआत ही प्रेम दलाल की जी हुजूरी करने के साथ होती थी। मरांडी ने तंज कसते कहा है कि कैदी पंकज मिश्रा रिम्स अस्पताल से सरकार चलाता था।

# बिजली की आंख मिचौनी, कई मोहल्लों में तीन घंटे ठप रही आपूर्ति, बढ़ी परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**


हटिया ग्रिड में सीटी ब्लास्ट के कारण 20 घंटे तक एक पावर ट्रांसफार्मर बंद रहा। इसके कारण मंगलवार को रांची में करीब 10 घंटे लोड शेडिंग की गई। दिनभर बाधित बिजली आपूर्ति के कारण लोग गर्मी से परेशान रहे। हटिया ग्रिड में खराबी के कारण नामकुम ग्रिड भी प्रभावित रहा। सोमवार दोपहर हटिया ग्रिड का तीन पावर ट्रांसफार्मर बंद हो गया था और ग्रिड से आपूर्ति बंद हो गई थी। दो पावर ट्रांसफार्मर को दुरुस्त कर लिया गया था। परंतु एक पावर ट्रांसफार्मर को मंगलवार रात आठ बजे तक चार्ज किया गया। हालांकि नामकुम और हटिया सहित कांके ग्रिड को फुल लोड बिजली मिल रही है। परंतु नामकुम से हटिया ग्रिड और हटिया से कांके ग्रिड जुड़ा रहने के कारण हटिया में आई समस्या का असर रांची के अन्य हिस्सों में पड़ रहा है। प्रभावित इलाके में वैकल्पिक रूप से नामकुम ग्रिड से बिजली आपूर्ति की जा रही है, परंतु क्षमता से अधिक बिजली आपूर्ति किए जाने के कारण सब स्टेशनों में बिजली कटौती कर सप्लाई की जा रही है। इस वजह से हर एक से दो घंटे के अंतराल में बिजली आ- जा रही है। इसका खामियाजा जनता को उठाना पड़ रहा है, वह सिलसिला देर शाम तक रांची में बना हुआ था। बिजली की आंख मिचौनी के कारण कई मोहल्ले कुछ घंटों के अंतराल पर अंधेरे में पसरा रहा। केतारी बगान जाने वाले रेलवे फाटक के पास मंगलवार शाम को 11 केवी के ट्रांसफार्मर में आग लग गई। जिसके कारण स्वर्णरेखा नगर में अंधेरा पसरा रहा। वहीं, सुबह से लेकर शाम तक केतारी बगान में लो वोल्टेज और लोड शेडिंग की समस्या बनी रही। देर रात तक इलाके में बिजली बहाल नहीं हो पायी थी। पथलकुदवा, आजाद बस्ती, नया टोली, ओल्ड एचबी रोड, कृष्णापुरी, शांति नगर, गढ़ा टोली, कोकर, मेन रोड, हिंदपीढ़ी, चर्च रोड, बहुबाजार, कठर टोली, चुटिया, पिस्का मोड़, रातू, हिनू, हरमू, पुंदाग, कांटा टोली, लालपुर, डंगरा टोली, धुर्वा, हटिया, तुपुदाना, पहाड़ी टोली, कांके सहित अन्य दर्जन भर इलाके प्रभावित रहे।

## छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

**गिरिडीह ।** तंबाकू के सेवन से होने वाले नुकसान और तंबाकू के सेवन पर रोकथाम के आरके महिला कॉलेज की छात्राओं ने मंगलवार को जागरूकता रैली निकाली । यह जागरूकता रैली आरके महिला कॉलेज से निकलकर शहर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए कॉलेज प्रांगण पहुंची । इस दौरान पूरे रास्ते में छात्राओं के द्वारा तंबाकू के सेवन पर रोकथाम करने के लिए लोगों से अपील की गई और तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों के बारे में बताया गया । आरके महिला कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मधुश्री सेन सन्याल ने बताया कि तंबाकू के सेवन से कई गंभीर प्रकार की बीमारियां होती है और लोगों की जान तक चली जाती है । उन्होंने बताया कि महिला कॉलेज की छात्राओं के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया और लोगों से अपील की गई।

# करोड़ों खर्च करने के बाद भी लोगों को नहीं मिल पा रहा पीने का पानी

**नवीन मेल संवाददाता। मांडर/चान्हो**



करोड़ों खर्च के बाद भी सिर्फ दिखावे के बड़े पैमाने पर विभागीय आयोजन के बाद भी जनता को नहीं मिल पाया पीने का पानी। आखिर सारी योजनाएं गधे के सींग की तरह गायब कैसे और क्यूँ हो जाते हैं ये मांडर और चान्हो प्रखंड की जनता के लिए आज भी अबूझ पहेली बनी हुई है विकास की योजनाएं बनती हैं, टेंडर, भेंडरआदि से गुजर कर ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य होता दिखता है पर जनता को उसका लाभ मिलना मुंगेरीलाल के हसीन सपने बन कर रह जाते हैं और ठीकेदार, अधिकारियों या विभाग से कोई प्रश्न करने वाले नहीं होते इस प्रखंड के अधिकारी और प्रतिनिधि भी अपनी डफली अपना राग अलापते दिखाई देते हैं पंचायती राज व्यवस्था से जनता में कुछ उम्मीद जगी थी किन्तु 13 वित्त से लेकर अब तक जो भी कार्य हुए उनका नामो निशान ग्रामीणों को तो नहीं दिखता सिर्फ अधिकारियों को ही लगता है दिखाई पड़ता है बिजली के खम्भों से लाईट गायब, मुखियाओं का कैमरा, जेरोक्स मशीन, पानी टैंकर, फर्नीचर, नये कुँए, तालाब, डोभा, शौचालय सभी अधिकारियों के दुर्लभ दर्शन के लिए ढूंढ कर दिखाने मात्र के लिए रह गया है। इस भीषण गर्मी में पीएचडी विभाग अपनी जलमिनारों की प्रदर्शनी तो बेकाम के चापाकल, सोलर जलमिनारें के सहारे नल जल योजना के ढकोसले तक पंहुच ही गई है। किसी भी प्रतिनिधि ने अभी तक जनता की आवाज बनने का प्रयास नहीं किया है मांडर सह चान्हो के प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडारी ने आगामी विभागीय अधिकारियों की बैठक में सभी समस्याओं को लेकर जानकारी के बाद कठोर कार्रवाई की बात कही है वहीं मांडर प्रमुख फिलिप सहाय एक्का ने विकास योजनाओं में कोई भी समझौता नहीं किए जाने की बात कही है पर जनता सबकी कथनी और करनी से कई दशक से वाकिफ होते आ रही है।

## झारखंड विधानसभा की अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति की बैठक हुई आयोजित

**साहिबगंज ।** समाहरणालय स्थित सभागार में विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारियों के साथ झारखंड विधानसभा की अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति के सदस्य सह विधायक लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र दिनेश विलियम मरांडी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागवार उनके विभागों से संबंधित प्रश्नों के उत्तर की जानकारी ली गयी। सभी विभागीय पदाधिकारी अपने प्रश्नों का सही ढंग से पढ़ लें एवं समिति को लिखित में एवं सटीक उत्तर उपलब्ध कराएं। ग्रामीण विकास विभाग बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवासी से संबंधित प्रश्न, ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित प्रश्न के उत्तर की जानकारी ली गई। इस क्रम में दयनीय सड़क के विषय में अभी तक कोई कार्यवाही, जल संसाधन विभाग, पथ निर्माण विभाग से मिजाचौकी से बुआरी जोड़ तक सड़क निर्माण की स्थिति।

# केन्द्र सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर भाजपा एक माह तक कार्यक्रम मनाएगी

**नवीन मेल संवाददाता। नामकुम**



मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रदेश भाजपा कार्यसमिति की बैठक कर राज्य में एक माह तक कार्यक्रम करने की योजना बनाई गई। प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने बताया कि 30 मई से 30 जून तक भाजपा जनता से मिलने बूथ से लेकर घर-घर तक जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 29 मई को भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में एक केन्द्रीय मंत्री प्रेसवार्ता कर कार्यक्रम की जानकारी देंगे। 30 और 31 मई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जनसभा कर कार्यक्रम लांच करेंगे। एक से 22 जून तक संपर्क अभियान चलाया जाएगा। दो और तीन जून को विकास तीर्थ यात्रा कार्यक्रम होगा। वहीं चार जून को भाजपा सोशल मीडिया ग्रुप का सार्वजनिक स्थानों पर मीट किया जाएगा। पांच और छह जून को लोकसभा स्तर पर विकास योजना के लाभार्थियों का सम्मेलन होगा। सात और आठ जून को भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मेलन कर उनका अनुभव सुनेंगे। 10 और 11 जून को लोकसभा स्तर पर जनसभा की जाएगी। 12, 13 और 14 जून को पार्टी के सभी सात मोर्चा का विधानसभा स्तरीय सम्मेलन होगा। 15 जून को सभी लोकसभा क्षेत्रों में प्रेसवार्ता होगी। 16 और 17 जून को व्यापारियों का लोकसभा और विधानसभा स्तर पर सम्मेलन होगा।

# सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के विकास का दावा खोखला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मंगलवार को सोनाहातु प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में प्रखण्ड अध्यक्ष अवगुण महतो की अध्यक्षता में बारेंदा पंचायत अन्तर्गत उलिडीह गाँव में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में रांची जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो उपस्थित हुए एवं स्थानीय जनसमस्याओं से अवगत हुए।उपस्थित ग्रामीणों ने बारी-बारी से अपनी व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याओं के समाधान के लिए जिला अध्यक्ष से फरियाद की , जिसपर उन्होंने सकारात्मक आश्वासन दिया। जिला अध्यक्ष डॉ महतो ने अपने सम्बोधन में कहा कि सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के विकास के दावे खोखले हैं। आज भी हर गाँव में जनसमस्याओं का भरमार है। अलग राज्य गठन के बाद आजसू एनडीए के घटक दलों ने इन जनसमस्याओं के समाधान के लिए ईमानदारी पूर्वक प्रयास किया होता तो स्थिति इतनी बदतर नहीं होती। परंतु अब कांग्रेस पार्टी जनता को भगवान भरोसे नहीं छोड़ेगी। उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किया जायेगा। अध्यक्ष डॉ.महतो ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी ही देश की जनता का मात्र विकल्प है। भाजपा और उसकी सहयोगी आजसू पार्टी ने सिर्फ जनता को छलने का काम किया है। परंतु अब धीरे-धीरे जनता जाग चुकी है और धार्मिक धुर्वीकरण के हर हथकंडों और छल-प्रपंचों को नकार रही है। देश फिर से कांग्रेस पार्टी की नीतियों और राहुल गांधी के ईमानदार नेतृत्व को स्वीकार करने के लिए तैयार है।

## राहत — प्रखंड विकास पदाधिकारी लैम्पस अध्यक्षों के साथ की बैठक

# खाद्य व बीज में किसानों को मिलेगी सुविधा



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

प्रखंड के विभिन्न लैम्पस अध्यक्षों को सक्रिय करने के उद्देश्य से मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार के द्वारा बैठक का आयोजित की। जहां प्रखंड के कुल 17 लैम्पस में हरिहरपुर जामटोली, खुखरा, डोरेंडा व ईटा के पास ही अपना गोदाम है और बाकी शेष के पास नहीं है। 17 लैम्पस के अंतर्गत कुल 3280 किसान सदस्य है जो निबंधित किसानों के बीच में लैम्पस खाद एवं बीज का वितरण सब्सिडाइज्ड दरों पर करती है। विकास पदाधिकारी के द्वारा आग्रह किया गया कि लैम्पस और अधिक सदस्यों को जोड़ें और सक्रिय रूप से काम करें। इसके लिए हर महीने में उनके साथ एक बैठक किया जाएगा ताकि और वह सक्रिय रूप से कार्य करें। वहीं मौके पर लैम्पस अध्यक्षों ने अपनी निम्नलिखित मांगे रखी कि किसान द्वारा धान क्रय किए जाने के बाद अब तक उठाव नहीं होने से उनको काफी परेशानी हो गयी है, एक तो किसानों का उन पर दबाव है वहीं दूसरी ओर धान के वजन में कमी होने का उन्हें चिंता सता रहा है। लैम्पस अध्यक्षों के द्वारा वर्किंग कैपिटल बढ़ाने और जिन अध्यक्षों को वर्किंग कैपिटल नहीं मिला है उन्हें भी आच्छादित करने का आग्रह किया गया। बेड़ो में कुल 5 पंचायतों लैम्पस गोदाम बने हुए और अन्य पंचायतों में भी गोदाम की मांग अध्यक्षों द्वारा किया गया। प्रखंड मुख्यालय बेड़ो में अभी तक लैम्पस का अपना गोदाम नहीं बना है, उसके लिए भूमि प्रतिवेदन अंचल कार्यालय हेतु दिया हुआ दिया गया है उसे जल्दी कराने का आग्रह किया गया।

## पूर्व रेलवे महाप्रबंधक ने किया स्टेशन सहित साइडिंग का निरीक्षण

**पाकुड़।** पूर्व रेलवे कोलकाता के महाप्रबंधक अमर प्रकाश द्विवेदी ने पाकुड़ रेलवे स्टेशन,यार्ड के अलावे मालपहाडी एवं लोटामारा साइडिंग का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक अमर प्रकाश ने कोयला एवं पत्थरो की रेल मार्ग से होने वाली ढुलाई से राजस्व वसूली में बढ़ोतरी का भी निर्देश दिया।रेल महाप्रबंधक ने कोयला एवं पत्थरों की लोडिंग बढ़ाने को लेकर कोल कंपनी के अधिकारियों के साथ बात की।स्टेशन का निरीक्षण के दौरान रेल यात्रियों की सुविधा पर विशेष ध्यान देने का निर्देश महाप्रबंधक ने रेल अधिकारियों को दिया।निरीक्षण के उपरांत महाप्रबंधक अमर प्रकाश द्विवेदी ने पत्रकारों को बताया स्टेशन की कमियों के साथ ही अमृत भारत योजना के तहत पाकुड़ रेलवे स्टेशन में होने वाले कार्यो,पाकुड़ गोड्डा रेल विस्तारीकरण ,स्टेशन में बिल्डिंग निर्माण को लेकर हर बिंदुओं पर विभागीय अधिकारियों से जानकारी ली गयी है।उन्होंने कहा कि रेल के राजस्व वृद्धि,यात्रियों के सुविधाओं का विस्तार सहित हमारी प्राथमिकता है एवं इस दिशा में आवश्यक निर्देश भी दिए गए हैं ।

# संत माईकल +2 स्कूल मुरी के कक्षा दसवीं के छात्रों का उत्कृष्ट परिणाम



**नवीन मेल संवाददाता। मुरी**

सी. बी. एस. ई. बोर्ड परीक्षा कक्षा दसवी का परिणाम 12 मई को घोषित हुआ। जिसमें संत माईकल + 2 स्कूल का रिजल्ट सत प्रतिशत रहा। अंजली कुमारी 96.4% अंक लाकर स्कूल टॉपर रही। संजय महतो 94% अंक लाकर द्वितीय एवं अनुशा प्रतिमा रोबी और स्नेहा भारती 93% अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किए। खुशबू कुमारी 91.2 % मुन्ना कुमार मांझी 91% अंक प्राप्त किए। 15 मई को सभी टॉपर बच्चों को पुष्प गुच्छ देकर तथा मिठाई खिला कर सम्मानित किया गया। इस खुशी के मौके पर सभी बच्चे तथा सभी शिक्षक कर्मी मौजूद थे। सभी ने एक साथ सफलता की खुशियाँ मनाई। विद्यालय के निर्देशक श्री राकेश कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए सभी शिक्षकों एवं विद्धार्थियों को बधाई दी। उन्होंने ये भी कहा कि ये परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का ही फल है साथ ही उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के सभी शिक्षकों को भी दिया जिसके अंतर्गत बच्चो ने गुणवत्ता शिक्षा प्राप्त करके इस मुकाम को हासिल किया स्कूल प्रबंधक डॉ. रूपेश कुमार ने शिक्षको एव विद्यार्थियों को बधाई के साथ बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दिए उन्होंने उन सभी अभिभावकों को भी धन्यवाद दिए जिसने स्कूल के प्रति भरोसा जताया स्कूल प्राचार्य श्री सी. एल. प्रजापति ने कहा कि बच्चे हमारे विश्वास पर खरे उतरे। आगे उनके सफल भविष्य की कामना करते हैं इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक सपना दत्ता, संयुक्ता सिंह देव, मनीषा सिंह, शेखर कुमार, ममता गोस्वामी रमेश गौराई, सोमांशी तिवारी आदि उपस्थित थे।

# मिशन मेरी लाइफ योजना के तहत चला जागरूकता अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़ ।** राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय छोटकी डूंडी में केंद्र सरकार के निर्देश पर मिशन मेरी लाइफ योजना के तहत 16 मई को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ । कार्यक्रम में मुख्य रूप से वन विभाग के वनरक्षी, वन समिति के अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, विद्यालय के बच्चे एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। इस दौरान वन रक्षियों ने सरकार की मिशन लाइफ योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही कहा कि मिशन ऐसे अभियान से है जिससे पर्यावरण का संरक्षण हो। इसमें हर एक इंसान को अपनी जिम्मेदारी समझने के साथ छोटे से लेकर बड़े-बड़े काम में पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ाने की अपील की गई है। मौके पर वनरक्षी नितेश कुमार मुंडा, पवन कुमार अग्रवाल, सुनील कुमार, देवेंद्र धर, अजीत कुमार, वन समिति के अध्यक्ष वीरू महतो, पंचायत समिति सदस्य रीना कुमारी, शिक्षक आशीष कुमार महतो, राजेश महतो, पालो कुमारी, अरुण कुमार, नेमधारी महतो, हेमलाल महतो सहित अन्य मौजूद थे ।

## चौपारण : पोड़ा कोयला लदा टाटा मैजिक जब्त, चालक फरार

**चौपारण।** चौपारण में अवैध पोड़ा कोयला लदा टाटा मैजिक बीआर02जीसी-9057 को पुलिस ने जब्त कर लिया है। एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर चौपारण पुलिस ने यह कार्रवाई की। तस्करी के लिए चौपारण होते हुए कोयला बाराचट्टी बिहार की ओर ले जाया जा रहा था। चौपारण थाना प्रभारी शंभूनंद ईश्वर ने बताया कि चालक सियरकोनी कट के पास पुलिस को देखकर गाड़ी छोड़ जंगल का लाभ लेकर फरार हो गया। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# पुलिस ने कोयला लदे दो ट्रक को पकड़ा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर मांडू पुलिस द्वारा ट्रक संख्या जेएच 01 बीएच 2176 और ट्रक संख्या बीआर 28 ई 4697 को अवैध कोयला लेकर जाते हुए मांडू प्रखंड कार्यालय के निकट पकड़ा गया। उक्त जानकारी एसडीपीओ किशोर कुमार रजक ने मांडू थाना में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए 16 मई को दी। उन्होंने बताया की पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी की दोनो वाहनों को मांडू गोविंदपुर विनोद डोमेस्टिक कॉल डीपू जाना था । लेकिन दोनो वाहनों को को अन्यत्र ले जाया जा रहा था। उसी क्रम में मांडू पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए मांडू प्रखंड कार्यालय के निकट दोनो वाहनों को पकड़ा। बताया की दोनो वाहनों पर 25-25 मीट्रिक टन कोयला लदा था। बताया की दोनों वाहन के चालकों से पेपर लेकर जांच किया गया । बताया की जांच से पता चला की वाहनो को मांडू गोविंदपुर विनोद डोमेस्टिक कॉल डीपू में जाना था । लेकिन दोनो वाहन अन्यत्र जा रहे थे। बताया की जांच में पकड़े गए उप चालक छोटू यादव उम्र 28 पिता स्वर्गीय चंद्र यादव ग्राम बरडीहा थाना जिला कोडरमा को गिरफ्तार किया गया है। बताया की अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 279/414/120,30 कोल्ड माइनिंग एक्ट दर्ज कर विधिवत कार्रवाई की गई है। पुलिस टीम का नेतृत्व थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने किया।

### श्रीश्री 1008 तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ संपन्न

# भक्ति जागरण में झूमे भक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** नीचे धौड़ा में चल रहे श्रीश्री 1008 तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा सह मां भगवती काली मंडल जीर्णोद्धार महायज्ञ प्रतिष्ठा आवाहित, देवी-देवताओं व कन्या पूजन, हवन एवं पुर्णाहुति के साथ महायज्ञ संपन्न हो गया। महायज्ञ को ले मंगलवार को भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारे में सैंकड़ो महिला-पुरूष श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। महायज्ञ को संपन्न कराने में पुरोहित आचार्य ष्णा मिश्रा, विनय मिश्रा, अविनाश उपाध्याय, मुरारी पांडेय, कुल्लू मिश्रा, गिरजानंद पांडेय का विशेष योगदान रहा। महायज्ञ को ले सोमवार की रात्रि भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। जागरण का शुभारंभ मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने फीता काटकर किया। मौके पर अंबा प्रसाद ने यज्ञ स्थल में मत्था टेक क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। कहा कि महायज्ञ से क्षेत्र में हरियाली-खुशहाली का आगमन होता है। कहा कि भक्ति आयोजनों से श्रद्धालुओं को भक्ति के सागर में डुबकी लगाने का भी अवसर मिलता है। जागरण का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ। इसके बाद धनबाद भजन मंडली की टीम ने एक से बढ़कर एक भजन व भक्ति गीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को रातभर झुमाए रखा। इसके पूर्व महायज्ञ समिति ने विधायक अंबा प्रसाद को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। महायज्ञ व भंडारा को सफ ल बनाने में कमेटी के अध्यक्ष सह मुखिया अजय पासवान, सचिव आजाद भुइयां, कोषाध्यक्ष संजीत राम, सदस्य राजेंद्र करमाली, दीपक भुइयां, विनय कुमार, राहुल पासवान, बसंत करमाली, राममूर्ति नायक, सूरज कुमार आदि ने योगदान दिया।

### हजारीबाग में वृद्धि निगरानी सप्ताह शुरू

# बच्चों-महिलाओं के स्वास्थ्य की होगी निगरानी : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** डीसी नैंसी सहाय के निर्देश पर वृद्धि निगरानी सप्ताह के तहत महिला, बाल विकास एवं सामाजिकि सुरक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं संबंधित विभागों की ओर से अभियान शुरू कर दिया गया है। यह अभियान 22 मई तक चलेगा। इसके तहत आपसी समन्वय स्थापित कर बच्चों के कुपोषण व महिलाओं के स्वास्थ्य समस्याओं से निपटने के लिए सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों के अतिरिक्त आंगनबाड़ी स्तर से 0-5 वर्ष तक के बच्चों की नियमित वृद्धि की निगरानी की जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत पूरे सप्ताह जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में 0-5 वर्ष के सभी बच्चों, गर्भवती महिलाओं, धातृ माताओं तथा किशोरी बालिकाओं (14-18 वर्ष) का वजन एवं वृद्धि निगरानी का कार्य किया जा रहा है। इसका उद्देश्य बच्चों व महिलाओं के पोषण स्तर की जानकारी प्राप्त करना है। इसके साथ ही बच्चों में कुपोषण व गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य समस्याओं से निबटने के लिए समेकित प्रयास के तहत विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इस मौके पर डीसी ने सभी किशोरियों व माताओं को अपने छोटे बच्चों के साथ संबंधित आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पहुंच कर पोषण निगरानी कार्यक्रम में सहभागी बनने की अपील की। गौरतलब है कि भारत सरकार की ओर से निर्मित पोषण ट्रैकर एप्प में वृद्धि निगरानी आंकड़ों की प्रविष्ट कर राज्य, जिला, परियोजना, सेक्टर एवं आंगनबाड़ी स्तर पर कुपोषण की स्थिति का आकलन किया जाना है।

### स्वच्छता पखवाडा अभियान के तहत

# बेहतर कार्य पर मुखिया को किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) स्वच्छता पखवाडा अभियान 2023 अंतर्गत जिला स्तरीय समापन-सह-सम्मान समारोह का आयोजन जिला समाहरणालय रामगढ़ में बीते दिनों किया गया। उसी क्रम में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत बेहतर कार्य करने के लिए पूरे जिला से बड़कीपोना पंचायत के मुखिया अरविंद कुमार सिंह का चयन किया गया। मुखिया को स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत स्वच्छता भारत मिशन की ओर से प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। पूर्व कार्यकाल में भी अरविंद कुमार सिंह को बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया जा चुका है। बड़कीपोना निवासी निर्मल कुमार ने कहा कि यह पूरे जिला के लिए सम्मान की बात है। बताते चलें कि महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को पूरा करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू किया गया एक प्रमुख कार्यक्रम है। सम्मानित होने पर मुखिया को बीडीओ उदय कुमार, जल सहिया वीणा देवी, उप मुखिया परवेज आलम, पंसस शम्भु कुमार, बेबी कुमारी आदि ने बधाई दी है।

## ट्रक का टायर चोरी करने के आरोप में दो धराये

**चौपारण।** चौपारण के चोरदाहा चेक पोस्ट परिसर में जब्त कर रखे गए ट्रक के टायर को खोलकर चोरी करते हुए दो लोगों कृष्णा यादव और कमलेश कुमार मंडल को गिरफ्तार कर लिया गया. रामदेव यादव का पुत्र कृष्णा चौपारण के चोरदाहा और मदन मंडल का पुत्र कमलेश बिहार के दरभंगा स्थित बसौली का रहनेवाला है. वर्तमान में वह कैलाश नगर वर्मा माइंस पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में रह रहा था. दोनों आरोपियों ने टायर को चोरदाहा पिकेट से 100 मीटर दूर झाड़ी में छुपाकर रखा था, जिसे बरामद कर लिया गया. वहीं चोरी करने में प्रयुक्त लोहे का जैक, रड, एक लकड़ी का गुटका एवं अन्य सामान बरामद किया गया. चोरी के दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया.

## चेन छीनने वाली तीन महिलाएं गिरफ्तार, जेल

**चौपारण।** हजारीबाग जिला के चौपारण प्रखंड की झापा पंचायत के बेन्दुआरा में यज्ञ का कार्यक्रम आयोजित है। इस दौरान यज्ञ में महिलाओं के गले की चेन चोरी करती तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। मामले को लेकर चौपारण थाना प्रभारी शंभूनंद ईश्वर ने बताया कि यज्ञ मंडप में महिलाओं की काफी भीड़ थी। उसी दौरान कुछ बाहरी महिलाओं की ओर से चेन चोरी की सूचना दी गई। उसके बाद सहायक अवर निरीक्षक अजीत कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और तीनों महिलाओं को महिला चौकीदार के माध्यम से गिरफ्तार किया। महिलाओं के पास से एक चेन, दो चाकू और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में उत्तर प्रदेश स्थित देवरिया सलेमपुर की बिन्दु, सिद्धार्थनगर पीपीगंज की पुतरहीमन की पूजा और महाराजगंज बेलसंड की सुशीला कुमारी शामिल हैं।

## हजारीबाग : बीएड प्रशिक्षुओं को दी गयी विदाई

**हजारीबाग।** बीएड प्रशिक्षुओं के विदाई समारोह में इचाक स्थित उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय तिलरा-कवातू के छात्र-छात्राओं ने मंगलवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें कक्षा छह की राजनंदिनी ने देशभक्ति आधारित साइलेंट एक्टिंग किया। बच्चों ने देशभक्ति गायन के साथ अपनी कला का भी प्रदर्शन किया। प्रिंसिपल शिव ओम प्रकाश ने कहा कि बच्चों के जीवन में पढ़ाई के साथ-साथ गीत-संगीत और नृत्य का भी बहुत महत्व है। उन्होंने बच्चों से इस प्रकार के कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का निर्देशन प्रशिक्षु रोहित सिंह गौतम, कृति कुमारी तथा विपुल कुमार ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामचंद्र यादव, शिक्षक पुरुषोत्तम कुमार पाठक, कौलेश्वर प्रसाद सिंह आदि मौजूद रहे।

## बेटे का मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने की मांग को लेकर अनशन पर बैठे पिता

**हजारीबाग।** हजारीबाग के टाटीझरिया प्रखंड कार्यालय परिसर में हरिनाथ तिवारी अपने बेटे के मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बनने पर मंगलवार को आमरण अनशन पर बैठ गए। दरअसल 28 सितंबर को पुलिस ने जंगल से एक शव बरामद किया था। उसकी पहचान नहीं हो पाई थी। जो कपड़ा मृतक के शरीर पर पाया गया था उससे प्रतीत हुआ था कि वह हरीनाथ तिवारी का बेटा संजीत कुमार तिवारी है। गोली लगने से बेटे की मौत हुई थी। हरिनाथ तिवारी का कहना है कि बेटे का मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए पिछले 6 महीने से कार्यालय का चक्कर लगा रहा हूं। साथ ही उनसे 10 हजार रुपए घूस भी मांगे जा रहे। घूस नहीं देने के कारण बेटे का मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है। वहीं हरिनाथ तिवारी ने मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने की मांग को लेकर 15 मई को सांकेतिक रूप से धरना दिया। मांग पूरी नहीं होने पर 16 मई से आमरण अनशन पर हैं। इस पूरे प्रकरण में टाटीझरिया की प्रखंड विकास पदाधिकारी सैनी तिग्गा ने बताया कि शव मिलने के बाद पहचान नहीं हो पाई थी। अब तक एफएसएल की रिपोर्ट नहीं मिली है। एफएसएल रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु प्रमाण पत्र बनेगा।

# पुलिसकर्मी की हत्या का आरोपी दोषी करार, आजीवन कारावास की सजा



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिला बल के पीसीआर चालक वीरेंद्र प्रसाद मेहता की हत्या के आरोपी अशोक कुमार मेहता को दोषी करार दिया गया है। हजारीबाग एडीजे-वन की कोर्ट ने मंगलवार को दोषी करार देते हुए अशोक कुमार मेहता को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दरअसल पुलिसकर्मी वीरेंद्र प्रसाद मेहता ड्यूटी कर अपने घर इचाक लौट रहे थे। इसी दौरान वह लापता हो गए। 15 दिसंबर 2020 को उनका शव इचाक प्रखंड कार्यालय के पीछे झाड़ियों के बीच से बरामद किया गया था। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू की। मृतक के परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने हत्या के आरोप में अशोक कुमार मेहता को गिरफ्तार किया था. इस मामले को लेकर कोर्ट में 16 गवाहों की गवाही हुई। पीड़ित पक्ष की ओर से अधिवक्ता राजकुमार राजू ने पक्ष रखा था। न्याय मिलने के बाद मृतक के परिजनों ने न्यायालय के प्रति आभार जताया। उनका कहना है कि इस मामले में अशोक कुमार मेहता आरोपी थे। इस हत्या का कोई भी साक्ष्य या प्रत्यक्षदर्शी नहीं था। काफी परिश्रम करने के बाद उन लोगों ने कोर्ट के सामने अपना पक्ष रखा। कोर्ट ने उनकी बातों और साक्ष्य के आधार पर सजा सुनाई है. उन्होंने बताया कि वीरेंद्र प्रसाद मेहता पीसीआर वैन में अपनी सेवा दे रहे थे. बहुत ही निर्मम तरीके से उनकी हत्या कर दी गई थी। वीरेंद्र चतरा जिले के ठेबादोरी गांव के रहने वाले थे। वहीं हत्यारोपी अशोक कुमार मेहता भी पास के सोकी गांव का रहने वाला है। हत्या के पीछे का कारण संपत्ति बताया गया. मृतक वीरेंद्र प्रसाद मेहता के पिता नर्सिंग मेहता ने फैसला मिलने पर कोर्ट के प्रति आभार जताया और कहा कि उनका बेटा तो वापस नहीं आएगा, लेकिन हत्यारे को कोर्ट ने सजा सुना दी। यही उनके लिए शुकून की बात है। कोर्ट कैंपस में मौजूद वीरेंद्र के दो बेटों ने भी न्यायालय को धन्यवाद दिया।


## 3 लाख 15 हजार की लागत से बनने वाले पीसीसी पथ का मुखिया ने किया शिलान्यास



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत ग्राम कोनहरा कला में मुखिया अब्बास अंसारी ने गोपी यादव के घर से नीचे बंधिया तक बनने वाले पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास किया। मौके पर मुखिया अब्बास अंसारी ने कहा कि 15 वीं वित मद से तीन लाख पंद्रह हजार रुपए की लागत से पीसीसी पथ का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बरसात के महीने में लोगों को आवागमन में काफी परेशानियां होती थी। रोड़ बनने से लोगों को आवागमन में सहुलियत होगी। शिलान्यास कार्यक्रम में पंचायत सचिव उदित नारायण बर्मन बीएफटी त्रिवेणी प्रसाद ,उप मुखिया प्रतिनिधि रहमत अंसारी, जागेश्वर प्रजापति,जहुर अंसारी,वार्ड सदस्य मुस्ताक अंसारी, वकील अंसारी,मनी यादव, मोहम्मद अंसारी समेत आदि उपस्थित थे।

## कस्टम सेंट्रल एक्साइज में इंस्पेक्टर के पद पर चयनित हुए राजहंस

**बरकट्ठा।** प्रखंड के सलैया पंचायत निवासी निरंजन प्रसाद के पुत्र राजहंस उर्फ विकास का चयन कस्टम सेंट्रल एक्साइज में इंस्पेक्टर के पद पर हुआ है। ज्ञात हो कि राजहंस जूनियर अकाउंटेट असिस्टेंट के पद पर कार्यरत थे जिनका चयन कस्टम सेंट्रल एक्साइज इंस्पेक्टर के पद पर होने से क्षेत्र में खुशी है ।वहीं इस सफलता के लिए जनप्रतिनिधियों व अनेक लोगों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी है



।उन्होंने अपनी सफलता का राज बताते हुए कहा कि कठिन परिश्रम व लगन से सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता, पिता, गुरुजनों,जीजा मनोज कुमार,दीदी मैडम माला और मामा रामचंद्र चौधरी को दी है। जिन्होंने लगातार प्रेरित कर उनका हौसला बढ़ाया। उनकी सफलता पर झारखंड शौण्डिक संघ, विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी,प्रमुख रेणु देवी, जिला परिषद सदस्या कुमकुम देवी, प्रेरणा प्रिया, मुखिया संघ अध्यक्ष इन्द्रदेव प्रसाद, पुर्व मुखिया गोपाल प्रसाद, मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव समेत सैकड़ों लोगों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी है।

**उत्साह** | डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में तीन दिवसीय समर कैंप का समापन समारोह

# समर कैंप में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, बनाई कलाकृतियां



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** आज दिनांक 16 मार्च 2023 दिन मंगलवार डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के प्रांगण में तीन दिवसीय समर कैंप के समाप्ति की घोषणा की गई ।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने इस कैंप में आयोजित खेलकूद ,संगीत, चित्रकला के साथ-साथ आर्ट एंड क्राफ्ट में भाग लेने वाले सभी छात्र छात्राओं को सम्मानित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम बच्चों को उनकी इच्छाओं को मूर्त रूप प्रदान करने में सदैव सहायक है। इस तरह के कार्यक्रम में बच्चे खुलकर अपने मनोभावों को प्रदर्शित करने में सक्षम हो पाते हैं। सामान्य दिनों के तुलना में बच्चे स्वच्छंद होकर अपने विचारों को विभिन्न रूप में प्रस्तुत करने में अग्रसर रहते हैं ।चित्रकला में वॉल पेंटिंग के माध्यम से बच्चों ने विद्यालय की दीवारों को बेहतरीन रूप से सुशोभित कर दिया। खेलकूद के माध्यम से बच्चों ने अपने शारीरिक बल के साथ साथ मानसिक बल का भी परिचय दिया। संगीत में बच्चों ने बेहतरीन ढंग से सरगम के सुरों को प्रस्तुत कर मनमोहक समा बांध दिया। इस तरह बच्चों ने अपने अंदर छिपे नैसर्गिक गुणों को बाहर निकालने में बड़े ही सहज महसूस कर रहे थे। इस अवसर पर बरही सद्भावना मंच के राज सिंह चौहान, एलएमसी सदस्य इंद्रदेव यादव, सुनील श्रीवास्तव ,प्रमोद चौरसिया, गतका प्रशिक्षक अंशु कुमार, जूडो प्रशिक्षक मिथिलेश कुमार के साथ-साथ इस कार्यक्रम में प्रायोजक की भूमिका में फाइबर कैसल के रिप्रेजेंटेटिव शैलेंद्र कुमार गुप्ता की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही। इस अवसर पर कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले बेहतर प्रतिभागियों को प्राचार्य महोदय ने सम्मानित किया। संगीत में प्रथम स्थान प्रसिद्धम(९अ) और सृष्टि रानी(९अ), द्वितीय स्थान अक्षरा श्री(९अ) और ऋषभ कुमार(९अ) तृतीय स्थान भारती कुमारी(९ऊ) और श्रेयम सोनी(९अ) ने प्राप्त किया। गेम्स और स्पोर्ट्स आदर्श कुमार आदर्श(९अ) और सोनी कुमारी(९) को सम्मानित किया गया। चित्रकला और आर्ट एंड क्राफ्ट में सफल प्रतिभागियों में वॉल पेंटिंग में साक्षी, शिवानी प्रेरणा और माही, तनु कुमारी प्रेरणा कुमारी, स्नेहा कुमारी पेंटिंग कंपटीशन में सूफी नाज, सुधांशु पांडे, नंदनी कुमारी, नेचर सब्जेक्ट स्टडी में तनु कुमारी क्राफ्ट में ऋद्धि कुमारी सम्मानित की गई। वोट आफ थैंक्स धर्मेंद्र कुमार सिंह के द्वारा प्रस्तुत की गई ।इस अवसर पर फोटोग्राफी की देखरेख दीपक शरण के द्वारा की गई ।कार्यक्रम में बेहतरीन मंच का संचालन राजेश सिन्हा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर राजेश कुमार सिंह, रविंद्र कुमार पांडे ,दीपक कुमार ,लल्लन यादव, नीरू कुमारी ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया ।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो कोडरमा इकाई की संगठनात्मक बैठक राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो कोडरमा के जिला अध्यक्ष रवि छाबड़ा की अध्यक्षता मे चिल्ड्रन पार्क, ब्लॉक रोड,झुमरी तिलैया परिसर में आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत राष्ट्रगान के साथ किया गया। इस बैठक में सर्वसम्मति से कई निर्णय पारित किये गई। जिसमें सर्व प्रथम यह निर्णय लिया गया की प्रत्येक महीने के पहले रविवार को एनएचआरसीसीबी की बैठक आयोजित की जाय। साथ ही तीसरे महीने के पहले रविवार को प्रखंड स्तर पर बैठक आयोजित की जाय।प्रत्येक पदाधिकारी और सक्रिय सदस्य को सदस्यता अभियान के तहत जिले मे सदस्यों को एनएचआरसीसीबी से जोड़ने की प्रक्रिया प्रारम्भ की जाय। एनएचआरसीसीबी का स्थाई कार्यालय झुमरी तिलैया में जल्द से जल्द खोला जाय।राष्ट्रीय मानवाधिकार अपराध नियंत्रण ब्यूरो के कोडरमा जिला अध्यक्ष रवि छाबड़ा ने एनएचआरसीसीबी के पदाधिकारियों और सक्रिय सदस्यों को निर्देश देते हुए कहा कि मानवाधिकार से जुड़े मामलों पर संज्ञान में लेते हुए त्वरित कार्रवाई करें।और लोगों को मानवाधिकार के प्रति जागरूक करें। साथ ही संगठन की मजबूती हेतु आपसी अनुदान पर भी जोर दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष रवि छाबड़ा,महिला जिला अध्यक्ष शगुफ्ता परवीन , जिला उपाध्यक्ष नवजीत सिंह, जिला सचिव सुषमा सुमन, प्रदीप सुमन, मीडिया ऑफिसर आलोक कुमार सिन्हा, मीडिया ऑफिसर राम कुमार सिंह, मीडिया ऑफिसर प्रेम भारती, सक्रिय सदस्य अरविंद एकघरा,अमन कपसीमें आदि उपस्थित थे।

# लायंस क्लब ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** स्थानीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोचनपुर, कोडरमा में लायंस क्लब के द्वारा आज एक दंत जांच एवं सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया जिसमें लायंस क्लब के दंत चिकित्सक डॉक्टर सागर मणि सेठ एवं डॉ अंकिता ने समस्त बच्चों के दातों की जांच की एवं उन्हें दंत स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी जिसमें उन्होंने बताया की प्रतिदिन सुबह एवं रात्रि भोजन के बाद अवश्य करना चाहिए उन्होंने ब्रश करने के उचित तरीके भी बताए साथ ही साथ सभी उपस्थित 120 बच्चों को 1 टूथ ब्रश एवं पेस्ट भी प्रदान किया गया इस शिविर में डॉ सुनील कुमार बरनवाल,आई स्पेशलिस्ट ने भी भाग लिया था जिन्होंने बच्चों को बताया की आंखों की देखभाल कैसे करनी चाहिए और कई बच्चों के आंखों में कई प्रकार की खराबी एवं बीमारियों का भी जिक्र किया उन्होंने बताया कि आजकल टीवी एवं मोबाइल के अधिक प्रयोग के कारण भी आंखों में कई प्रकार के दोष उत्पन्न हो जाते हैं अवसर अतः उन्होंने बच्चों को ज्यादा देर मोबाइल या टीवी के प्रयोग ना करने की सलाह दी उन्होंने आंखों के स्वस्थ रखने हेतु कुछ सामान्य बातें भी बताएं जिसमें प्रमुख रुप से बताया की आंखों को स्वच्छ पानी से ही साफ करना चाहिए एवं ज्यादा देर बिना पलक झपकाए टीवी या मोबाइल का प्रयोग नहीं करना चाहिए उन्होंने बताया कि ज्यादा देर पढ़ाई करने के बाद भी आंखों को थोड़ा आराम देने की आवश्यकता हो जाती है जिन बच्चों को आंखों की समस्या है वह अपने अभिभावक के साथ उनसे मिलकर जांच करवाएं एवं उचित इलाज करवाएं । इस कार्यक्रम में लायंस क्लब के एडमिनिस्ट्रेटर सुजीत अम्बष्ठ ने बच्चो को उचित खान पान के बारे में बताया एवं जंक फूड खाने के नुकसान से अवगत कराया । उन्होंने बच्चो से अपील किया कि पर्यावरण को सुरक्षित करने हेतु वे सब पेड़ लगाए एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग से परहेज करें। डॉ सेठ ने बताया कि सरकारी विद्यालयों में इस प्रकार की जांच शिविर को लगाकर लोगो को सही मार्गदर्शन करना एवं जानकारी प्रदान करना लायंस क्लब का मुख्य उद्देश्य है अतः इस प्रकार के कार्यक्रम एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आगामी महीने उन्हें किसी विद्यालय में किया जाएगा।

## एसएस स्कूल में सशक्तिकरण शिविर

**सिमडेगा।** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत एस एस +2 उच्च विद्यालय सिमडेगा में किशोर किशोरियों के सशक्तिकरण के लिए कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग एवं सिनी संस्था द्वारा किया गया। जिसमें राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के छः कंपोनेंट्स पर विस्तार पूर्वक से जानकारी दी गई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी बादल राज एवं विशिष्ट अतिथि सिनी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर रैहान उपस्थित थे।

### केरसई में बस स्टैंड का विधायक भूषण बाड़ा ने किया शिलान्यास

# करोड़ो की लागत से श्रीराम रेखा धाम में बनेगा डाक बंगला





**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा और जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने मंगलवार को श्रीरामरेखा धाम में करोड़ो की लागत से बनने वाले डाक बंगला भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। जिला परिषद मद से निर्मित डाक बंगला भवन का शिलान्यास के मौके पर धाम के महंत की अगुवाई में विधिवत पूजा अर्चना भी की गई। विधायक ने विधिवत पूजा अर्चना कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। विधायक भूषण बाड़ा ने रामरेखा धाम की सुंदरता का बखान करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम ने खुद अपने हाथों से इसे सजाया है। उन्होंने कहा कि रामरेखा की पहचान विश्व स्तर पर हो इसके लिए प्रयास शुरू कर दिया गया है। अब धाम के विकास की रफ्तार तेज कर दी गई है। पहले अतिथिशाला का निर्माण हुआ। फिर बीरू से रामरेखाधाम तक सड़क चौड़ीकरण करने की योजना सरकार से स्वीकृति दिलाई गई। अब धाम में डाक बंगला भवन का निर्माण भी शुरू हो रहा है। आने वाले दिनों और भी बहुत कुछ योजनाएं धाम में लाने की योजना है। इस सम्बंध में उन्?होंने लगातार विधानसभा में रामरेखा धाम का विकास कराने, रामरेखा के पहाड़ी में रोपवे निर्माण कराने की भी मांग कर चुके हैं। मौके पर विधायक ने धाम का विकास कराने के लिए धाम का भी निरीक्षण किया। विधायक श्रीरामरेखा धाम के पवित्र गुफा में स्थित भगवान के विग्रहों का दर्शन पूजन कर जिले के अमन, चैन, खुशहाली और तरक?की के लिए भगवान से प्रार्थना की। मौके पर विधायक ने धाम के महंत से आशीर्वाद लेते हुए रामरेखाधाम के विकास के संबंध में चर्चा की।मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष रोज प्रतिमा सोरेंग, उपाध्यक्ष सोनी पैकरा जिला परिषद सदस्य प्रेमा बाड़ा उपस्थित रहे इसके अलावा केरसई में बस स्टैंड तथा बांसजोर में कोलेबिरा विधायक की मौजूदगी में बस स्टैंड का शिलान्यास किया गया कार्यक्रम में बीडीओ शक्तिकुंज कुमार, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष आकाश सिंह, मुखिया बिनीता खाखा, उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा,जिला प्रवक्ता रणधीर सिंह,पीसीसी डेलीगेट प्रदीप केशरी,विनय तिग्गा,तेजकुमार लकड़ा,जोधन नायक,चंदन सिंह,ओमप्रकाश साहू,ईश्वर प्रसाद,पावन मित्तल,बैजनाथ केशरी,लोलाश तिर्की,पंचायत समिति प्रतिमा कुजूर,भूषण राम सुभाष साहू,नीला नाग,मंजू तिर्की,ज्योति,उप प्रमुख फोलोरा मिंज आदि मौजूद थे।

### इंटक प्रदेश सचिव दिलीप तिर्की ने प्रेस वार्ता कर कहा-ईडी से की जाएगी शिकायत

# मरे व्यक्ति के नाम पर मनरेगा में हो रहा है कार्य संचालित



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** कांग्रेस इंटक प्रदेश सचिव दिलीप तिर्की द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस किया जिसमें इंटक जिलाध्यक्ष अरुण पाढ़ी और इस्माइल केरकेट्टा उपस्थित रहे। जिसमे कुरडेग ब्लॉक में हो रहे मनरेगा घोटाले की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि ब्लॉक के अधिकारी सहित रोजगार सेवक, जे. ई. प्रवीण बड़ाईक, सहित मेट जिनके माध्यम से पैसे निकासी एटीएम द्वारा होता है। दिलीप ने बताया कि कुरडेग ब्लॉक अंतर्गत हेठमा पंचायत के स्व.चूमा बैगा जिनकी मृत्यु 6/6/2022 को हो चुकी है लेकिन इनके नाम से मास्टर रोल खोल कर फिनो अकाउंट में दूसरा अकाउंट नंबर ऐड कर 8 अलग-अलग योजनाओं से 21/12/2022 तक पैसा का निकासी किया गया है। जबकि डिमांड और मास्टर रोल रोजगार सेवक, पंचायत सेवक, मुखिया के हस्ताक्षर के बाद बीडीओ के आईडी और पासवर्ड से ही जेनरेट होता है। और पंचायत सेवक और मुखिया के डिजिटल सिग्नेचर से लेबर पेमेंट होता है। साथ ही बीना प्रधान की मेड़बंदी निर्माण जो कि 59,032 रुपये की योजना थी जिसमे 49,770 रुपए की निकासी हो चुकी जिसपर मृत व्यक्ति के नाम से निकासी है उस योजना में धरातल पर कोई काम नही हुआ है। जिसे जेई प्रवीण बड़ाईक द्वारा क्लोज कर दिया गया है। इस तरह के कई और योजना हैं, जो जांच का विषय है। दिलीप ने यह भी बताया कि फिनो अकॉउंट से जुड़े अकाउंट में से लगभग 70% फर्जी हैं। जिसमे कितने लोग मर गए। कितने जो बहार काम कर रहे लोगों के नाम से फजीर्वाड़ा कर करोड़ों की निकासी की जा रही है। सोचने वाली बात यह भी है कि एक रोजगार सेवक को बीपीओ का प्रभार कैसे मिला। स्थानीय लोगो ने भी दौरे के दौरान यह भी बताया कि शिकायत के बावजूद अधिकारी मनमानी करते हैं। दिलीप ने कहा कि जिला में शहर के अंदर सरकारी भूमि की सादे पट्टे पर करोड़ो रुपए की लेन देन कर बेचने का खेल जारी है।

## सर्पदंश से 42 वर्षीया महिला की मौत

**पाकरटांड।** थाना क्षेत्र के टकबा जामटोली गांव में बीती रात जहरीले सांप के डसने से 42 वर्षीय महिला की इलाज के क्रम में सदर अस्पताल सिमडेगा में मौत हो गई ।इधर मौत की सूचना के बाद पुलिस द्वारा महिला के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाते हुए शव परिजनों को सौंप दिया ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जामटोली गांव निवासी मेरी सुचिता लुगुन नामक 42 वर्षीय महिला जमीन पर सो रही थी इसी दौरान मंगलवार की अहले सुबह 3:00 बजे उसे जहरीले सांप ने डसा ।जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी तब परिवार वालों ने उसे इलाज के बजाए झाड़-फूंक के लिए वेद के पास ले गए ।काफी देर तक झाड़-फूंक चलता रहा लेकिन उसकी स्थिति में किसी प्रकार की सुधारना हुई और स्थिति बिगड़ते गई। जिसके बाद सुबह उस महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा लाया गया जहां पर इलाज के क्रम में अत्यधिक शरीर में जहर का फैलाव होने की वजह से मौत हो गई।

## दुष्कर्म एवं ब्लैकमेल करने वाले युवक को जेल

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना की पुलिस ने भक्ति टोली की एक लड़की के साथ दुष्कर्म कर ब्लैकमेल करने वाले युवक को गिरफ्तार करते हुए न्यायिक हिरासत में सिमडेगा जेल भेज दिया युवक की पहचान फहीम अंसारी जो शाहबाजपुर मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रवि प्रकाश ने बताया कि फहीम अंसारी पूर्व में सिमडेगा में फेरी का कारोबार करता था इसी बीच युवती के साथ उसकी दोस्ती हुई और उसके बाद दोनों में प्रेम प्रसंग हुआ और दोनों की सगाई परिवार वालों की मर्जी से हुई बाद में युवक द्वारा लगातार युवती एवं युवती के परिवार वालों से पैसे की मांग करने लगा तब जाकर परिवार वालों ने शादी करने से इनकार कर दिया। यूपी के परिजनों के द्वारा शादी से इंकार कर दिए जाने के बाद युवक द्वारा युवती के कुछ तस्वीर रख कर बार-बार पैसे की मांग कर उसे ब्लैकमेल करने लगा।

## बीडीओ ने योजनाओं का लिया जायजा

**सिमडेगा।** बीडीओ अजय कुमार ने सदर प्रखंड के तामड़ा पंचायत का भ्रमण कर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का निरीक्षण किया।उन्होंने प्रधानमंत्री आवास, अंबेडकर आवास, आम बागवानी,पंचायत भवन आदि का निरीक्षण कर जिम्मेवार लोगों को आवश्यक निर्देश दिए।उन्होंने आमजन से अपील कि जिन्हें भी आम बागवानी की जरूरत है,वह आगे आकर आम बागवानी लें। कहीं- कहीं लेबर नहीं थे, वहां लेबर लगाने की बात कही। उन्होंने लेबरों की संख्या बढ़ाने की बात कही।साथ ही उन्होंने कहा लेबर बाहर पलायन नहीं करें।उन्होंने ऐसे श्रमिकों को मनरेगा संबंधित कार्यों को सही ढंग से करने की बात कही। मौके पर मुखिया मुखिया अंजना एक्का,वार्ड सदस्य राहुल मिश्रा,रोजगार सेवक बबिता देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### एसपी सिमडेगा ने की मासिक क्राइम गोष्ठी का आयोजन

# लंबित कांडों का जल्द से जल्द करें निष्पादन:एसपी



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा एसपी सौरभ ने बुधवार को एसपी कार्यालय सभागार में मासिक क्राइम गोष्ठी का आयोजन किया ।क्राइम गोष्ठी में जिले के सभी थाना प्रभारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे जहां पर उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को पिछले महीने दिए गए टास्क के बारे में जानकारी ली तथा वर्तमान में चल रहे कार्यों की जानकारी ली। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों से विधि व्यवस्था अपराध नियंत्रण अनुसंधान से संबंधित छोटी-बड़ी बिंदुओं को थानावार पीपीटी के माध्यम से समीक्षा किया। समीक्षा के क्रम में उन्होंने जिन थाना क्षेत्रों में पुराने लंबित कांड हैं उन्हें जल्द से जल्द निष्पादित करने के निर्देश दिए। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर सभी थाना क्षेत्रों में जो पुराने लंबित मामले हैं उन्हें खत्म करें ।जिस पर एसपी ने बताया कि सिमडेगा में जिस रफ्तार से केस का निपटारा किया जा रहा है। ऐसे में बहुत ही कम पुराने मामले बचे हैं जिनका जल्द से जल्द निपटारा कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि सीसीए के तहत पुराने अपराधियों पर कार्रवाई की जा रही है ताकि सिमडेगा का माहौल शांत हो सके। छूटे हुए पुराने अपराधियों पर नजर रखते हुए उनके गतिविधियों पर ध्यान देने के निर्देश दिए ताकि किसी प्रकार की कोई भी उसके द्वारा किसी प्रकार का दोबारा कोई घटना ना घटे। क्षेत्र में सघन वाहन जांच, सामुदायिक पुलिस पदाधिकारी के माध्यम से लोगों को जागरूक साइबरक्राइम के अलावा आजकल फेक वट्सप अश्लील वीडियो कॉलिंग के माध्यम से हो रहे लोगों के साथ ब्लैकमेलिंग इस पर भी जागरूकता फैलाने की बात कही। इधर एसपी ने कोलेबिरा में प्रेम प्रसंग मामले में हुए हत्या मामले में थाना प्रभारी प्रभात कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं जलडेगा में हुए अपहरण में त्वरित कार्रवाई के लिए थाना प्रभारी हीरालाल महतो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। तथा इसके अलावा अन्य पुलिस पदाधिकारियों को भी तथा शस्त्र बल के जवानों को भी प्रशस्ति पत्र देकर एसपी ने सम्मानित करते हुए सभी पुलिस पदाधिकारियों को बेहतर कार्य करने की बात कही ताकि भविष्य में उन्हें भी सम्मानित करने का मौका मिल सके। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डेविड ए ढोढराय, पुलिस उपाधीक्षक पतरस बरवा, पुलिस निरीक्षक रामानुज वर्मा ,सिमडेगा थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक रवि प्रकाश राम,सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रार्थना | जीईएल चर्च कोंनजोबा पादरीपन स्तरीय पहला युवा सम्मेलन आयोजित

# युवा समाज की रीढ़ है : एनोस एक्का



**नवीन मेल संवाददाता**

**केरसई।** जीईएल चर्च कोंनजोबा पादरीपन स्तरीय पहला युवा सम्मेलन आयोजन बघडेगा में हुई। जहां पर मुख्य रूप से पादरी श्रीमती संजीता पुपेन मिंज, पादरी अमोन पूर्ति, पादरी ओहमा लकड़ा, तथा मुख्य अतिथि के रूप में पादरी सैहुँन मिंज, एवं पादरी सीएबी नाग तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड सरकार में पूर्व मंत्री रहे एनोस एक्का उपस्थित हुए। सर्वप्रथम आए हुए आगंतुक अतिथियों का भव्य तरीके से प्रार्थना गीत स्वागत गीत के साथ स्वागत किया गया जिसके बाद माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर विशेष रूप से धार्मिक अनुष्ठान एवं विशेष प्रार्थना का आयोजन हुआ। लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा प्रभु यीशु ने हमें इस दुनिया में परोपकार लोगों का भला समाज सेवा एवं एक दूसरे के सुख दुख में काम आने के लिए भेजा है। हम सभी कलीसिया के सेवक हैं और कलीसिया की सेवा करने के लिए लगातार प्रयासरत समाज का धर्म गुरु समाज को सही रास्ता दिखाने के लिए होता है ।ईश्वर ने कलीसिया के दास के रूप में उन्हें भेजा है। मुझे ईश्वर ने कलीसिया की सेवा जनप्रतिनिधि के रूप में करने के लिए भेजा है और मैं उसे कर रहा हूं। 15 वर्षों तक लोगों के बीच से दूर रहा। इस दौरान क्षेत्र में कई उतार-चढ़ाव आए कई ऐसे कार्य अधूरे रहे जिसकी क्षेत्र में आवश्यकता है। परंतु अब मैं आ गया हूं जिससे कि आप कलीसिया समुदाय की सेवा कर सकूं। युवा सम्मेलन पर चर्चा करते हुए कहा युवा समाज की रीढ़ हैं ।आज युवा इस देश के कर्णधार के रूप में आगे बढ़कर समाज अपने जिले और देश का नाम रोशन कर रहे हैं उन्हें सभी युवाओं को आह्वान करते हुए समाज की सेवा करते हुए आगे आने की बात कही। मौके पर संदेश एक्का ने भी लोगों संबोधित करते हुए कहा किसी भी समुदाय का अगुआ होना परमेश्वर की इच्छा से होता है इसलिए हम सभी को उनके दिए गए आदेशों का पालन करनी है।

# फ्लोरेंस नाइटेंगल की जीवनी से सीख ले छात्राएं : डॉ खगेन महतो



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग,बानो में नर्सिंग दिवस मनाया गया। मौके पर संस्थान के सभागार में बानो अंचल अधिकारी खगेन महतो, विशिष्ट अतिथि उषा शर्मा, जयश्री साहू,कोपरेटिव बैंक बानो शाखा प्रबंधक विकास कुमार कर्ण, निदेशक डॉ प्रह्लाद मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया । कार्यक्रम में फ्लोरेंस नाइटेंगल की तस्वीर पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलित संस्थान की प्राचार्य संगीता कुमारी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि डॉ खगेन महतो ने लेडी ऑफ लैंप फ्लोरेंस नाइटेंगल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को संबोधित किया तथा उनके जीवन से जुड़ी विभिन्न सकारात्मक बातों को अपने जीवन पर उतारने की बातें कही। वही संस्थान के निदेशक डॉ प्रह्लाद मिश्रा ने संस्थान के विगत वर्षों की उपलब्धियों को गिनाते हुए इस बात पर बल दिया कि संस्थान की छात्राएं सिमडेगा जिला ही नहीं वरन पूरे भारतवर्ष में अपने अहर्निश सेवा से संस्थान का नाम रोशन कर रही हैं तथा नर सेवा को ही नारायण सेवा बताया ।कोविड काल के दौरान नर्सों की भूमिका पूरे विश्व में अहम रही। स्कूल के डिप्टी डायरेक्टर बिल्लू अग्रवाल ने नर्सिंग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। रवि वर्मा, जगतमनी बैद शाखा प्रबंधक विकास कुमार कर्ण ने भी अपने विचार रखे। वहीं मौके पर संस्थान की सचिव निभा मिश्रा ने अतिथि को शाल ओढ़ाकर कर सम्मानित किया। उपप्राचार्या प्रभा सुरीन, ट्यूटर अल्बीना टोपनो, रश्मि बाड़ा, निभा खलखो, लीलावती कुमारी आदि उपस्थित रहे।

## NEWS इन ब्रीफ

### 10 लाख के गहने की चोरी

**मेदिनीनगर।** लेस्लीगंज बाजार में स्थित उज्जवल ज्वेलर्स के पास से थैलों रखा हुआ सोना चांदी लेकर चोर हुए फरार, दुकान खोलते समय घटी घटना, घटना के बाद से सदमा में है, दुकान का मालिक, उज्ज्वल ज्वेलर्स के प्रोपराइटर ने बताया कि सुबह 10:00 बजे दुकान खोलने के दौरान स्कूटी पर जेवर से भरा हुआ थैला रखा था। दुकान खोल कर पीछे मुड़ा तो थैला गायब दिखा। दुकानदार की माने तो करीब ?10 लाख का आभूषण उस थैले में था। पुलिस को दी गई मामले की जानकारी। मामले की जांच में जुटी पुलिस।

### ट्रेन की चपेट में आकर पुलिस जवान की मौत

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के डीटीएस टोला में सोमवार की रात करीब 10:00 बजे मालगाड़ी की चपेट में आकर झारखंड पुलिस के जवान महेंद्र राम उम्र 50 वर्ष की मौत हो गई। इस घटना के बारे में बताया जाता है कि सदर थाना क्षेत्र के सुआ निवासी जागू राम के पुत्र पुलिस जवान महेंद्र राम उम्र 50 वर्ष सोमवार की रात करीब 10:00 बजे शौच के लिए डीटीएस टोला रेलवे क्रासिंग के पास गए हुए थे। इसी बीच वह मालगाड़ी की चपेट में आ गए। जिसमें घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। इस घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों और परिजनों के द्वारा घटना की जानकारी सदर थाना को दी गई घटना की जानकारी मिलते ही सदर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है। बताया जाता है कि महेंद्र राम धनबाद जिले के सराय ढेला थाना में पदस्थापित थे। वह कुछ दिनों के लिए छुट्टी लेकर अपने घर आए हुए थे।

### लड़की को प्रताड़ित करने के मामले में हिरासत में लेकर पूछताछ

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर पाटन थाना की पुलिस लड़की को प्रताड़ित करने के मामले में 3 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इस संबंध में पाटन थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौरव ने बताया कि 15 मई को सुबह करीब 08.00 बजे सूचना प्राप्त हुई कि पाटन थाना अंतर्गत ग्राम - जागोडीह में एक लड़की को उनके परिजनों एवं ग्रामीणों के द्वारा मारपीट एवं सामाजिक रुप से प्रताड़ित कर घायल अवस्था से गांव के बाहर छेछानी जंगल में छोड़ दिया गया है । तत्पश्चात सूचना का सन्हा दर्ज करते हुए मैं थाना प्रभारी पु0अ0नि0 गुलशन गौरव एवं पु0अ0नि0 रॉबिन्स कुमार, स०अ०नि० कुमार निरज एवं महिला आरक्षी सुमिरन प्रभा मुण्डु तथा सशस्त्र बल के साथ सूचना के सत्यापन में प्रस्थान किया एवं ग्राम - जागोडीह पहुँचा एवं पीड़िता के घर के आस-पास के लोगों से पूछने पर घटना को सत्य पाया । जिसके बाद लड़की की बरामदगी हेतू सूचना संकलन कर छापामारी किये तथा लड़की को छेछानी जंगल से घायल अवस्था में बरामद किया।

# 24 को अभ्यर्थियों को मिलेगा नियुक्ति पत्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के अभ्यर्थियों के साथ साथ राज्य के पंचायत सचिव के अनुशंसित अभ्यर्थियों के शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की जांच 22 मई के पहले पूरा करने का निर्देश दिया गया है। जिसमे कहा गया हैं कि 24 मई को मुख्यमंत्री पंचायत सचिव के अभ्यर्थियों को पंचायत सचिव पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री कर द्वारा 1633 चयनित अभ्यर्थियों को पंचायत सचिवों पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। पंचायती राज्य विभाग के उप निदेशक संदीप दुबे के हस्ताक्षर से सभी जिलों के डीसी को जेएसएससी से प्राप्त अनुशंसा पत्र सौंपा गया है। गौरतलब है कि नियुक्ति की चयन की सभी प्रक्रिया 2019 में ही पूरी कर ली गई थी लेकिन तभी सरकार बदली और उनकी नियुक्ति अटक गई। पंचायत सचिव की नियुक्ति सरकार की वर्ष 2016 की नियोजन नीति के आधार पर हुई थी। गौरतलब हैं कि पंचायत सचिवों की नियुक्ति की यह प्रक्रिया केवल लिखित परीक्षा ही नहीं बल्कि कई आंदोलनों से होकर भी गुजरी हैं। पंचायत सचिव अभ्यर्थियों को सड़क और कोर्ट तक में संघर्ष करना पड़ा और राजभवन और पुंदाग मैदान में लंबा आंदोलन भी चला । पांच सालों के अथक प्रयास से अभ्यर्थियों को सफलता मिली है।

### नव चयनित शिक्षकों हेतु गर्मी छुट्टी में भी खुलेंगे स्कूल के कार्यालय

**मेदिनीनगर।** पलामू सहित पूरे राज्य में हाई स्कूल में चयनित अभ्यर्थियों को 19 मई को मुख्यमंत्री द्वारा नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। नव चयनित शिक्षकों को स्कूलों में योगदान कराने के लिए झारखंड के माध्यमिक स्कूल गरमी की छुट्टी में भी खुले रहेंगे। नियुक्त होने वाले शिक्षकों में अंग्रेजी की उनकी दक्षता के अनुसार उन्हें उत्कृष्ट व आदर्श विद्यालयों में पदस्थापित भी किया जाएगा। 25 मई तक स्कूलों में ज्वाइनिंग के बाद शिक्षकों का प्रशिक्षण भी होना है। 23 मई से लेकर तीन जून तक ये शिक्षक जिलावार प्रशिक्षित किये जाएंगे। हर दिन दो पालियों में होने वाले प्रशिक्षण में शिक्षकों को स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग की तरफ से प्रशिक्षण दिया जायेगा।वही, स्कूलों में शिक्षकों के ज्वाइनिंग को लेकर स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग ने सभी जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश जारी कर दिया है। नियुक्ति प्रक्रिया के लिए राज्य के सभी हाई स्कूलों का कार्यालय गर्मी की छुट्टी में भी 25 मई तक खुले रहेंगे। विभाग की तरफ से जारी निर्देश के मुताबिक स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा 2016 के चयनित 9000 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र मिलनी है। विभाग ने मई और जून महीने में कुल नौ हजार अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपने की तैयारी की है।

# आपसी विवाद में दंपति ने लगाई फांसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के गम्हरिया गांव में किसी बात को लेकर हुई नोकझोंक के बाद दंपति ने फांसी लगा ली। इस घटना में पत्नी की मौत हो गई, जबकि पति की स्थिति गंभीर बनी हुई है। उसे बेहतर इलाज के लिए हुसैनाबाद के अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया गया है। दंपति की पहचान मंटू चौधरी व इसकी पत्नी सोनी देवी के रूप में हुई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और महिला के शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल में भेज दिया है।घटना के संबंध में बताया जा रहा कि सोमवार की देर शाम पारिवारिक नोकझोंक के बाद मंगलवार की अहले सुबह दोनों ने फांसी लगा ली। जिसमें सोनी देवी (28) वर्ष की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि मृतका के पति मंटू चौधरी को परिजनों ने समय रहते फंदे से लटकता देखा और उसे उतारकर तत्काल हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर स्थित एमआरएमसीएच रेफर कर दिया है। चिकित्सक के अनुसार मंटू चौधरी की भी स्थिति चिंताजनक है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त दंपति के बीच आपस में पहले भी विवाद होते रहता था। सोमवार को भी किसी बात को लेकर विवाद उत्पन्न होने के बाद जीवन लीला ही खत्म कर लेने का मन बनाया।थाना प्रभारी जगरनाथ धान ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का ही प्रतीत होता है। वैसे पुलिस इस मामले में पुरी गंभीरता से छानबीन करने में जुट गयी है।

# उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन

### ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलू दोड्डे ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में मेदिनीनगर के संजय कुमार सोनी ने उपायुक्त से आर्थिक मदद की गुहार लगाया, संजय असाध्य रोग (कैंसर) से पीड़ित है और पैसे के अभाव में वह अपना इलाज करवा पाने में असमर्थ है। जिस पर उपायुक्त ने संजय को 20000 रुपये की आर्थिक मदद रेड क्रॉस का माध्यम से की। इसी तरह नावाबाजार थाना क्षेत्र के नावाडीह निवासी सारो देवी ने उपायुक्त से अंगुली कट जाने की शिकायत कर उपायुक्त से आर्थिक मदद करने की गुहार लगाई, जिस पर उपायुक्त ने सारो देवी को 10000 रुपये की आर्थिक मदद रेड क्रॉस के माध्यम से की। इसी तरह चैनपुर के नेउरा निवासी दिव्यांग मो. जमालुद्दीन अंसारी ने उपायुक्त से संबंधित विभाग द्वारा ट्राईसाइकिल दिलवाने का गुहार लगाया। इसी तरह हरिहरगंज थाना क्षेत्र के विजनीवार निवासी गिरजा राम ने उपायुक्त से एन. एच. 98 में अधिग्रहित भूमि का गलत तरीके फर्जी कागजात बनाकर पैसा गबन कर लेने का शिकायत किया। इसी तरह चैनपुर थाना क्षेत्र का ग्राम सोनपुरवा निवासी तेतर भुइयां ने उपायुक्त से अपने भूमि पर अवैध रूप से दखल कब्जा कर लेने का शिकायत किया। मंगलवार के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने,राशन कार्ड,वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

### उपायुक्त कार्यालय पलामू का घेराव का कार्यक्रम



**मेदिनीनगर।** 16 मई 2023 को पूर्व से घोषित आंदोलन रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन, एवं झारखंड राज्य डीजल ऑटो चालक महासंघ के संयुक्त तत्वाधान में पिंक बस की अनियमितता एवं अराजकता को लेकर मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय पलामू का घेराव का कार्यक्रम तय किया गया था। जिसके तहत सभी मजदूर ऑटो चालक, आम आवाम सैकड़ों की संख्या में टेंपो स्टैंड मेदनीनगर में एकजुट हुए। जिसका नेतृत्व मजदूर नेता सह झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के राकेश कुमार सिंह ने किया जबकि संचालन ऑटो चालक महासंघ के पलामू अध्यक्ष रमाकांत दुबे ने किया। तमाम एकजुटता के बीच मजदूर नेता राकेश सिंह ने कहा कि पिंक बस की समस्या, मनमानी ,अराजकता पर मेदिनीनगर नगर निगम की पूर्व मेयर साहिबा अरुणा शंकर के द्वारा प्रेस वार्ता के माध्यम से यह जानकारी दी गई है कि पिंक बस अब नगर निगम क्षेत्र से बाहर नहीं जाएगा जो बस नगर निगम से बाहर जा रहा था वह अब रांची रोड हवाई अड्डा एवं अन्य नगर निगम क्षेत्र के अंदर ही चलेगा। हमारा संगठन पिंक बस के परिचालन के विरोध में नहीं है हम विरोधी हैं अराजकता, अनियमितता, भ्रष्टाचार , दबंगई एवं मनमानी का। पिंक बस का परिचालन हो परंतु समय सीमा, रूट, हर रूट के बस संख्या का निर्धारण होते हुए यातायात कानून एवं परिवहन कानून के पालन के तहत हो। तालाब का अतिक्रमण करके गरीब मछुआरा परिवार को किस तरह दबाया गया है यह भी छुपा हुआ नहीं है इसलिए विकास के नाम पर विनाश का खेल ना खेला जाए! बैठक को संबोधित करते हुए रमाकांत दुबे ने कहा कि ऑटो चालकों का शोषण और पेट पर लात मारने का काम नगर निगम ना करे अन्यथा हम आर पार की लड़ाई लड़ने को तैयार हैं पूरे मामले पर 1 सप्ताह के अंदर समीक्षा बैठक बुलाई गई है तत्पश्चात आंदोलन की अगली रणनीति तय कर सार्वजनिक किया जाएगा।

### वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने लगायी हेल्पडेस्क

**मेदिनीनगर।** शहर के जीएलए कॉलेज में वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने जिला अध्यक्ष विपिन यादव की अध्यक्षता में जीएलए कॉलेज में स्नातकोत्तर में नामांकन ले रहे विद्यार्थियों की सहायता के लिए कॉलेज में हेल्पडेस्क लगायी। वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन के वरिष्ठ नेता विकाश यादव ने कहा की वाईजेके एसएफ छात्रों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहा है और आगे भी हर संभव मदद के लिए तत्पर रहेगा। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा की फेडरेशन ने विद्यार्थियों की सहायता के लिए हेल्पडेस्क लगायी है और विद्यार्थी इस हेल्पडेस्क से लाभान्वित भी हो रहें है। जिला सचिव मोहित साहू ने कहा की विद्यार्थियो की परेशानी दूर करना हमारी प्राथमिकता है, इसके लिए हमारा संगठन हर संभव प्रयत्न करेगा।

# आज पलामू में चयनित शिक्षको को दिया जायेगा दिशा निर्देश





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में अलग अलग विषयो में चयनित हाई स्कूल शिक्षको को स्थानीय जिला स्कूल में आज उपस्थित होने को कहा गया है। जिसमे सभी शिक्षको को आगामी 19 मई को रांची जाने और कार्यक्रम से संबधित दिशा निर्देश दिया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को डीईओ कार्यलय से फोन पर जानकरी दिया गया है।सभी अभ्यर्थियों को अपना पहचान पत्र सह एडमिड कार्ड लेकर आने को कहा गया है। गौरतलब है कि पलामू में लगभग 186 अभ्यर्थियों का नियुक्ति पहले फेज में किया जाना है। जिन्हें रांची में मुख्यमंत्री के द्वारा नियुक्ति पत्र दिया जाना है। उसके बाद अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण के लिए भी विभाग से समय सारणी सभी जिला को भेज दिया गया है।

### पुलिस के हत्थे चढ़ा गिरोह सरगना

**मेदिनीनगर।** पलामू में एक ऐसा गिरोह जो बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड और उत्तर प्रदेश में चोरी की घटनाओं को अंजाम देता है। यह गिरोह सरकारी कार्यालय, बैंक, गोदाम, अनाज गोदाम को निशाना बनाता है। इस गिरोह का संचालन बिहार के औरंगाबाद और झारखंड के पलामू के हरिहरगंज से होता है। जानकारी के अनुसार पलामू के हरिहरगंज और बिहार के अम्बा के इलाके में दिनों पहले अनाज गोदाम को निशाना बनाया गया था और बड़े पैमाने पर अनाज की चोरी की गई थी। पूरे मामले में पलामू पुलिस की स्पेशल टीम अनुसंधान कर रही थी।हरिहरगंज थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास के नेतृत्व में पुलिस ने बिहार के औरंगाबाद के डुमरी के इलाके में छापेमारी कर गिरोह के सरगना अनिल पासवान को गिरफ्तार किया है। गिरोह द्वारा सामान की खरीद करने वाले सूबेदार चौधरी और आनंद साव को भी पलामू पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों बिहार के औरंगाबाद के डुमरी के रहने वाले हैं। हरिहरगंज थाना प्रभारी राम कुमार दास ने बताया कि अनिल पासवान एक इंटरस्टेट चोर गिरोह चलाता है, इस गिरोह में पांच से छह सदस्य हैं। गिरोह ने बिहार के औरंगाबाद, कलकत्ता, यूपी में कई चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। झारखंड बिहार सीमावर्ती क्षेत्र में अनिल पासवान ने 14 से अधिक चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। जिसमें पांच घटना पलामू के हरिहरगंज, पांच बिहार के औरंगाबाद के देव थाना क्षेत्र में और अंबा थाना क्षेत्र में दो चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। गिरफ्तार आरोपी के पास से पुलिस चोरी का अनाज बरामद हुआ है। चोरी के अनाज के बड़े खरीदार गिरफ्तार दोनों आरोपी है। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार अनिल पासवान पलामू में कई बड़ी घटनाओं में शामिल रहा है।

### लाखों का प्लास्टिक पाइप जलकर राख

# धू-धू कर जला प्लास्टिक गोदाम



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

थाना क्षेत्र के चेचरिया स्थित अंबालाल पटेल बालिका उच्च विद्यालय के पीछे विश्वनाथ वाटिका परिसर में भारत मोटर्स के संचालक रूपेश कुमार जयसवाल के गोदाम में सोमवार की देर शाम करीब 6 बजे अचानक आग लग गई। आग लगने से गोदाम में रखी लाखों की संपत्ति धू-धू कर जलने लगी। धुआं आसमान में काले बादल की तरह छाने लगा।

घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते आग की लपटें काफी तेज हो गई और पूरे प्लास्टिक गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। कुछ ही घंटों में गोदाम में रखा गया प्लास्टिक पाइप जलकर नष्ट हो गया। आग इतनी भयानक थी कि धुआं बहुत दूर से ही स्पष्ट रूप से देखा जा रहा था। वहीं धुएं को देख आसपास के बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। घटनास्थल पर मौजूद पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज श्री बंशीधर नगर इकाई के लोगों ने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय थाने को दी। सूचना मिलते ही तुरंत अग्निशमन विभाग की टीम फायर ब्रिगेड की गाड़ी लेकर घटनास्थल पहुंच गई। वहीं अग्निशमन टीम को कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। हालांकि अभी तक आग लगने का स्पष्ट कारण मालूम नहीं हो सका है। आग इतनी भीषण थी कि दूर से ही इसकी लपटें दिखाई दे रही थीं। जानकारी के अनुसार आग लगने से लगभग 5 लाख रुपया का पाइप जलकर नष्ट हो गया है।

#### कैसे लगी आग

आग लगने का कारण पूछे जाने पर भारत मोटर्स के संचालक रूपेश कुमार जयसवाल ने बताया कि इस मामले में फिलहाल कुछ भी कह पाना जल्दबाजी होगी। आग लगने का स्पष्ट कारण मालूम नहीं हो सका है। आसपास के लोगों के द्वारा आग लगने की जानकारी मिली। इसके बाद घटनास्थल पर पहुंचकर देखा तो पाइप धू-धू कर जल रहा था। उन्होंने बताया कि गोदाम में रखा सारा प्लास्टिक का पाइप जलकर राख हो गया है। आग इतनी भयानक थी कि बिना अग्निशमन के आग पर काबू पाना मुश्किल हो रहा था। लेकिन पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स की मदद से अग्निशमन विभाग को तत्काल सूचना देकर भेजा गया। तब जाकर भीषण आग पर काबू पाया गया।

## कुव्यवस्था

### गर्मी से हल्कान हैं रोगी

# इमरजेंसी वार्ड व बर्न वार्ड के एसी खराब

### मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों का हाल बेहाल

### मरीजों को एसी तो दूर पंखों की हवा भी सही ढंग से नसीब नहीं हो रही





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदनीनगर।** मेदनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इमरजेंसी वार्ड और बर्न वार्ड के ऐसी खराब होने की वजह से मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आसमान से भगवान सूर्यदेव आग उगल रहे हैं। पारा हर दिन चढ़ता जा रहा है। ऐसे में लोग घरों में एसी, कूलर और पंखे के बिना नहीं रह पा रहे हैं। इधर, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों का हाल बेहाल हैं। इस भीषण गर्मी में मरीजों को ऐसी तो दूर पंखों की हवा भी सही ढंग से नसीब नहीं हो रही हैं। वार्डों में एसी लगे हैं, लेकिन महज दिखावा भर है। एसी में तापमान तो दिखा रहा, लेकिन हवा गर्म निकल रही है। गर्मी और उमस से बिलबिला रहे रोगी वार्डों में खिड़की और दरवाजे खोलने को विवश हो रहे हैं, वहीं जिम्मेदार नजरअंदाज किए हुए हैं। मंगलवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। ऐसे में लोग कूलर, एसी, पंखा के बिना नहीं रह पा रहे हैं। बढ़ी गर्मी के कारण लोग उल्टी-दस्त बुखार से पीड़ित हो रहे हैं। मेदनीराय कल कॉलेज अस्पताल में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में मरीज इलाज करवाने के लिए आ रहे हैं। चिकित्सक बिना देरी किए मरीजों को इलाज कर रहे हैं। वहीं कुछ गंभीर रोगियों को भी भर्ती किया जा रहा हैं। वर्तमान में महिला, पुरुष वार्ड भरे हुए हैं, वहीं शिशु वार्ड में भी काफी संख्या में रोगी भर्ती हैं। गर्मी को देखते हुए रोगियों के लिए वार्डो में पंखे लगे हैं। इसमें से कुछ खराब हो गए हैं। वहीं इमरजेंसी वार्ड और बर्न वार्ड के एसी खराब पड़े हैं। इससे इलाज कराने के लिए भर्ती हुए मरीज गर्मी से बिलबिला रहे हैं।

### सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल

**गढ़वा।** रमना थाना क्षेत्र के रमना बाजार के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो युवक घायल हो गए। दोनों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में धुरकी थाना क्षेत्र के परासपानी गांव निवासी विनोद परहिया का पुत्र आदित्य कुमार और चिनिया थाना क्षेत्र के छतैलिया गांव निवासी मनोज परहिया का पुत्र अभिषेक परहिया शामिल हैं। घटना के संबंध में बताया जाता है कि दोनों युवक रमना थाना क्षेत्र के चुनी गांव में एक रिश्तेदार के घर शादी समारोह में गए हुए थे, जहां से दोनों एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर घूमने रमना बाजार गए हुए थे। उसी दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दोनों घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां दोनों का इलाज चल रहा है।

# रोक के बावजूद सरकारी जमीन पर रातों-रात बन गया मकान



**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**

थाना क्षेत्र के बौलीया गांव में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर मकान का निर्माण कराए जाने को लेकर ग्रामीणों ने सोमवार को जमकर विरोध किया। साथ ही स्थानीय पदाधिकारियों के खिलाफ खूब भड़ास भी निकाली। विरोध कर रहे ग्रामीण सुरेंद्र सिंह, मनोज पासवान, अनिल साह, रघुवीर पासवान सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि बौलिया गांव की 44 डिसमिल सरकारी जमीन पर बैरियादमार गांव निवासी रोजमोहम्मद अंसारी ने अतिक्रमण कर कब्जा कर लिया है। उसके आधे हिस्से में रविवार को रातों-रात घर बना लिया गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि उक्त जमीन पर रविवार को जब रोज मोहम्मद अंसारी द्वारा घर का निर्माण कराया जा रहा था उस समय हम लोगों ने अंचलाधिकारी को मामले की टेलिफोनिक जानकारी देकर उस पर अविलंब कार्रवाई करने का अनुरोध किया था। इस पर अंचलाधिकारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्थल पर राजस्व कर्मचारी इंद्रेश्वर बैठा को भेज भेजा। इस बीच उनके द्वारा अवैध मकान निर्माण कार्य पर रोक लगाते हुए इसकी सूचना डंडई थाना को दे गई। लेकिन रोज मोहम्मद अंसारी द्वारा रविवार की रात्रि में रोक लगाने के बाद भी उक्त जमीन पर अपना मकान बना दिया गया। पुलिस पदाधिकारी देखते रह गए और रातों-रात गैरमजरूआ भूमि पर घर बनकर तैयार हो गया। ग्रामीणों ने कहा कि मामले पर प्रशासन की नजर होती तो सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर मकान का निर्माण नहीं होता।

# प्रगतिशील पहल

*एक* कुशल परिवहन व्यवस्था किसी भी राज्य के सामाजिक-आर्थिक विकास और लोगों के कल्याण के लिए काफी महत्वपूर्ण होती है। झारखंड में परिवहन व्यवस्था को अधिक उपयोगी बनाने की दृष्टि से सड़क मार्ग, रेल मार्ग एवं वायु मार्ग का विकास किया गया है, लेकिन जटिल भौगोलिक परिस्थिति के कारण जल परिवहन के क्षेत्र में बहुत कुछ नहीं किया जा सका है। राज्य की अधिकांश नदियां पहाड़ी हैं तथा यह पूर्णतः भूमि बंद (लैंड लॉक) हैं, जिसके कारण यहां जल मार्ग के विकास की संभावना बहुत कम है। एकमात्र दामोदर की सहायक नदी मयूराक्षी में वर्षा ऋतु में देसी नावें चलती हैं। ऐसे में साहिबगंज में 'बोट एंबुलेंस' की शुरुआत होना अपने आप में शासन-प्रशासन की सराहनीय और प्रगतिशील पहल है। कहा गया कि इस सुविधा के शुरू होने से गंगा नदी के दियारे इलाकों में रहने वाले करीब ढाई लाख आबादी को लाभ होगा। साहिबगंज जिले में लगभग 83 किलोमीटर एरिया में गंगा नदी बहती है। मॉनसून के समय बाढ़ आने के कारण यह इलाका जलमग्न हो जाता है। इस दौरान इस इलाके से सड़क संपर्क पूरी तरह टूट जाता है। ऐसी परिस्थिति में, जब टीकाकरण सहित तमाम स्वास्थ्य कार्यक्रम ठप पड़ जाते हैं, लोगों को स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने में यह सुविधा निश्चित रूप से वरदान साबित हो सकती है।

**निःसंदेह 'वनों की भूमि' झारखड में 'बोट एंबुलेंस' की सुविधा की शुरुआत गौरव की बात है, लेकिन यह निरंतर और सुचारु रूप से चलती रहे इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से इसकी सतत निगरानी करनी होगी।**

'बोट एंबुलेंस' जिला प्रशासन की ओर से डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) की ओर से खरीदी गई है। एक बोट की कीमत लगभग 29. 17 लाख रुपये है। इस तरह से दोनों बोट की कुल कीमत 58.34 रुपये है। इसमें ऑक्सीजन सिलेंडर, मरीजों के लिए केबिन, लैब टेक्नीशियन के साथ कई अन्य सुविधाएं भी हैं। यह पूरी तरह से वातानुकूलित है। इसमें गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी भी करवाई जा सकती है। कुल मिलाकर, यह तमाम तरह की आधुनिक सुविधाओं से लैस है। इसमें दो इंजन लगे हुए हैं, जो आपात स्थिति में उपयोग में लाये जा सकते हैं। विधायक और सांसद के साथ संयुक्त रूप से 'बोट एंबुलेंस' का उद्घाटन करने के दौरान जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने बताया कि यह बाढ़ के दौरान लोगों को सुचारु स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने का प्रयास है। हालांकि इसके साथ ही इस पहल का राजनीतिक श्रेय लेने का प्रयास भी शुरू हो गया। राजमहल से विधायक एवं भाजपा नेता अनंत कुमार ओझा ने अपने संबोधन में कहा कि उन्होंने लगभग दो साल पहले राजमहल एवं साहिबगंज इलाके के गंगा तट से बाढ़ इलाकों के लिए 'बोट एंबुलेंस' की मांग विधानसभा में उठाई थी। प्रक्रिया में थोड़ी देरी हुई, मगर उन्हें खुशी है कि उनकी मांग को पूरा किया गया। गंगा किनारों पर रहने वाले लोग इसका लाभ उठा सकेंगे। खासकर, बाढ़ के दिनों में यह उनके लिए लाइफ लाइन साबित होगी। वहीं सांसद एवं झामुमो नेता विजय हासदा ने जिला प्रशासन की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवा में सुधार कराना सरकार की प्राथमिकता में शामिल है।

बहरहाल, निःसंदेह 'वनों की भूमि' झारखड में 'बोट एंबुलेंस' की सुविधा की शुरुआत गौरव की बात है, लेकिन यह निरंतर व सुचारु रूप से चलती रहे इसके लिए जिला प्रशासन को इसकी सतत निगरानी करना होगा। आमतौर पर देखा जाता है कि अधिकांश सरकारी योजनाओं या सुविधाओं को लॉच तो बड़े धूमधाम से किया जाता है, लेकिन प्रशासनिक उदासीनता के कारण वे धरातल पर सही से लागू नहीं हो पाती हैं। ऐसे कई उदाहरणों का उल्लेख किया जा सकता है। इस सुविधा के साथ ऐसा न हो इसके लिए जरूरी है कि प्रशासनिक अधिकारी 'असफल' हो चुकी योजनाओं या सुविधाओं से सबक लेकर व्यवस्था की खामियों को दूर करने का प्रयास करें।

# उच्च रक्तचाप को न करें अनदेखा





ललित गर्ग

*हाई* ब्लड प्रेशर की समस्या आजकल एक कॉमन समस्या बन चुकी है। हाई ब्लड प्रेशर का ही दूसरा नाम हाइपरटेंशन या उच्चरक्तचाप है। इसे मेडिकल भाषा में हाइपरटेंशन कहा जाता है। नैशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के मुताबिक, हर आठ भारतीयों में से एक हाइपरटेंशन की समस्या से जूझ रहा है, ये एक ऐसी परेशानी है जो व्यक्ति की जान तक ले सकती है। इसे साइलेंट किलर के तौर पर भी जाना जाता है। इस जानलेवा समस्या के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए हर साल 17 मई को विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य लोगों के बीच हाइपरटेंशन के जोखिम और इसकी रोकथाम को लेकर जागरूकता फैलाना है, ताकि भविष्य में इस समस्या और इसके कारण होने वाली अन्य समस्याओं से बचा जा सके। हम अपने खानपान और दिनचर्या, सामान्य व्यायाम वगैरह का ध्यान रखें, तो उच्च रक्तचाप की समस्या पर खुद काबू पा सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'फिटनेस इंडिया अभियान' चलाया, जो स्वास्थ्य के मामले में बेहतर व्यक्ति, समाज एवं राष्ट्र के निर्माण की उम्मीद जगाता है और हाइपरटेंशन या उच्चरक्तचाप से निजात दिला सकता है। मोदी ने फिटनेस को स्वस्थ और समृद्ध जीवन की जरूरी शर्त बताया। हालांकि भारत की संस्कृति में स्वास्थ्य को ठीक रखने की प्रेरणा प्राचीन समय से दी जाती रही है। कहावत ही है कि पहला सुख निरोगी काया। पर जैसे-जैसे विकास और जीवन में सुख-सुविधाएं बढ़ती गई, लोग इसके महत्व को भूलते गये या फिर कुछ व्यस्तताओं के चलते अपेक्षित ध्यान नहीं दे पाते। भारत की उस प्राचीन परंपरा को मोदी ने जीवंतता देकर जीने को नया अंदाज दिया है, क्योंकि लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधान करना आज बड़ी जरूरत बन गई है। वर्ष 2023 का विश्व उच्च रक्तचाप दिवस की थीम 'अपने रक्तचाप को सटीक रूप से मापें, इसे नियंत्रित करें, लंबे समय तक जीवित रहें' है जो उच्च रक्तचाप की कम जागरूकता दरों से निपटने के प्रयासों पर केंद्रित है। गलत खानपान के चलते व गलत आदतों के कारण हाइपरटेंशन की समस्या लोगों को होने लगती है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य यह है कि लोगों को हाई ब्लड प्रेशर के खतरों के बारे में बताया जाय और इसे कंट्रोल करने व ठीक करने के तरीकों के बारे में जागरूक किया जाय। उच्च रक्तचाप से ग्रस्त संकट तब होता है जब रक्तचाप में अचानक वृद्धि होती है, संभावित रूप से अंग क्षति हो सकती है। उदाहरण के लिए, जब रक्तचाप बहुत अधिक हो जाता है तो किसी को दिल की विफलता, गुर्दे की विफलता या स्ट्रोक का खतरा होता है। उच्च रक्तचाप से ग्रस्त संकट के लक्षण सांस फूलना, सीने में दर्द, चेतना में परिवर्तन, बार-बार उल्टी, गंभीर सिरदर्द और आक्षेप हो सकते हैं। हमारे शरीर में मौजूद रक्त नसों में लगातार दौड़ता रहता है और इसी रक्त के माध्यम से शरीर के सभी अंगों तक ऊर्जा और पोषण के लिए जरूरी ऑक्सीजन, ग्लूकोज, विटामिन्स, मिनरल्स आदि पहुंचते हैं। ब्लड प्रेशर उस दबाव को कहते हैं, जो रक्त प्रवाह की वजह से नसों की दीवारों पर पड़ता है। आमतौर पर यह ब्लड प्रेशर इस बात पर निर्भर करता है कि हृदय कितनी गति से रक्त को पंप कर रहा है और रक्त को नसों में प्रवाहित होने में कितने अवरोधों का सामना करना पड़ रहा है। हाइपरटेंशन एक ऐसी बीमारी है जिसमें धीरे-धीरे आपका हृदय,

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'फिटनेस इंडिया अभियान' चलाया, जो स्वास्थ्य के मामले में बेहतर व्यक्ति, समाज एवं राष्ट्र के निर्माण की उम्मीद जगाता है और हाइपरटेंशन या उच्च रक्तचाप से निजात दिला सकता है।**

इन दिनों

किडनी व शरीर के दूसरे अंग काम करना बंद कर सकते हैं। हाइपरटेंशन एक साइलेंट किलर है। हाइपरटेंशन कई कारणों से होता है, जिनमें से कुछ कारण शारीरिक और कुछ मानसिक होते हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के एक हालिया अध्ययन से पता चलता है कि भारत में हर आठ में से एक व्यक्ति उच्च रक्तचाप से पीड़ित है। जिसका उद्देश्य उच्च रक्तचाप के बारे में जागरूकता पैदा करना और लोगों को जीवनशैली की बीमारी के खिलाफ निवारक उपाय करने के लिए प्रोत्साहित करना है। हाई ब्लडप्रेशर या हाईपरटेंशन का खतरा महिलाओं से ज्यादा पुरुषों में होता है। इसके अलग-अलग कारण हो सकते हैं जैसे- फैमिली हिस्ट्री, तनाव, गलत खानपान और लाइफ स्टाइल आदि। लेकिन इससे बचने के लिए न केवल डाइट और लाइफ स्टाइल पर ध्यान देने की जरूरत है बल्कि तनाव को कम करना और शरीर को सक्रिय बनाये रखने के लिए एक्सरसाइज भी बेहद जरूरी है। आजकल 18 साल से 50 वर्ष के लोग हाइपरटेंशन के अधिक शिकार हैं। हालांकि साठ साल की उम्र से पहले पुरुषों में उच्च रक्तचाप का खतरा ज्यादा रहता है, पर बाद में स्त्री-पुरुष दोनों में ही खतरे की आशंका बराबर होती है। रोजमर्रा की जिंदगी में हमें तमाम तरह की मीठी-कड़वी बातों से दो-चार होना पड़ता है। ऐसे में गुस्सा आना स्वाभाविक है। लेकिन गुस्सा अगर लत का रूप ले लें तो इस पर विचार करना जरूरी है। बात-बात पर गुस्सा करने से हमारी सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। लेकिन जब यह भावना व्यवहार और आदत में बदल जाती है, तो आप के साथ-साथ दूसरों पर इसका गंभीर असर पड़ने लगता है। इसके लिए जरूरी यह है कि अपने गुस्से की सही वजह को पहचाना जाए और उन पर नियंत्रण रखा जाए। जिस व्यक्ति को गुस्सा ज्यादा आता है, उनमें ब्लडप्रेशर, हाइपरटेंशन, गंभीर रूप से पीठ में दर्द की शिकायत देखी गई है। इसके साथ ही ऐसे लोगों को पेट की शिकायत भी हो सकती है। उच्च रक्तचाप ज्यादातर लोगों में इसका कोई बाहरी लक्षण और इसका प्रभाव देखने को नहीं मिलता। नियमित सिरदर्द, सांस की तकलीफ, चक्कर आना, त्वचा का फड़कना और प्रतिकूल स्थितियों में नाक बहना कुछ ऐसे मामूली लक्षण हैं, जिन पर आदतन ध्यान नहीं दिया जाता और ऐसे यह अनियंत्रित और अनुपचारित रह जाता है। उच्च रक्तचाप से पीड़ित आधे से अधिक व्यक्ति इससे अनजान हैं। यदि आपको हाई ब्लड प्रेशर की समस्या है, तो जाहिर है कि आप हर रोज हाई बीपी की दवा लेते होंगे। एक बार जब दवा लेना शुरू कर दी, तो जीवनभर इससे पीछा नहीं छूटता। हर रोज समय पर दवा लेना वास्तव में एक टेंशन है। नियमित व्यायाम, योगासन, सकारात्मक सोच, संतुलित एवं सात्विक खानपाप आदि से शरीर में पैदा हुई रक्तप्रवाह के अनियमितता एवं अस्तव्यस्तता को आसानी से दुरूस्त किया जा सकता है। इसके अलावा जो भी लोग शराब या धूम्रपान करते हैं। उन सभी लोगों को इस तरह के नशीले पदार्थों से बचना चाहिए। उच्च रक्तचाप से बचने के लिए हरी सब्जियों व मौसमी फलों का सेवन करें। नमक व तैलीय खाद्य सामग्री का सेवन कम करें। अगर आपकी आयु 40 साल से अधिक है तो वर्ष में दो बार रक्तचाप चेक जरूर कराएं। दवा के साथ डाइट चार्ट पर अमल करें।

## बोधि वृक्ष

### आईए सुनें बद्रीनाथ धाम की कथा

*भगवान* नारायण मुस्कराये और बोले माँ आपका वो बालक मैं ही हूँ। मैं जग कल्याण हेतु यहाँ ध्यान लगाने आया हूँ। यह स्थान बड़ा ही दिव्या हैं, मुझे जब पता चला की यह स्थान में आप रहते हो तो मुझे यह लीला करनी पड़ी ताकि आप स्वयं ही यह स्थान मुझे दे दें, और आपने ही यह स्थान मुझे दिया हैं। माँ पार्वती और महादेव शिव ने यह स्थान फिर श्री नारायण को दें कर स्वयं केदारनाथ में चले गये। जिस स्थान से भगवान शिव और माता गये उस स्थान को आदिकेदारेश्वर के नाम से जाता हैं। यहाँ आज भी भगवान विष्णु के बाल रूप के पद चिह्न हैं। फिर नारायण ध्यान चिंतन (आत्म चिंतन) में लीन हो गये। उनके धरती लोक में ध्यान चिंतन में लीन होने के कारण माता लक्ष्मी व्याकुल हो गयी। वह सोचने लगी की प्रभु की सेवा कैसे करू। माता लक्ष्मी भी केदार खंड आ गयी और जहाँ नारायण आत्म चिंतन लीन थे वहां पे बद्री (बेर) का पेड़ के रूप में नारायण को धूप, बारिश, बर्फ से बचाने लगी ताकि श्री नारायण को आत्म चिंतन में को परेशानी न आये। जब श्री नारायण का ध्यान टुटा तो वह माता लक्ष्मी कि सेवा से बहुत प्रसन्न हुए और माता को वरदान दिया कि आपने बद्री के वृक्ष के रूप में मेरी सेवा कि है, तो मेरा यह प्रिया स्थान बद्री नारायण (बद्रीनाथ) के नाम से विख्यात होगा और जब कभी भी मेरा नाम लिया जायेगा तो मेरे नाम से पहले आपका नाम लिया जायेगा। उसके बाद से ही माता का नाम श्री नारायण से पहले लिया जाता है जैसे बद्रीनाथ, सीताराम, राधाश्याम, लक्ष्मीनारायण। उसके बाद श्री नारायण ने धर्म और उनकी पत्नी रूचि जो कि भगवान विष्णु के अनन्य भक्त थे और श्री नारायण कि पुत्र प्राप्ति के लिए तपस्या कर रहे थे। उनके घर में नर, नारायण के रूप में अवतार लिया। नर, नारायण अपनी बाल्यावस्था में ही जगकल्याण हेतु अपने माता-पिता से आज्ञा लेकर तपस्या करने बद्री का आश्रम आ गये। **(क्रमशः)**

# सोचना होगा बिन भू-जल कैसा होगा कल



कुलभूषण उपमन्यु

*हाल* ही में दक्षिण अफ्रीका की राजधानी केपटाउन को जलविहीन घोषित किया गया है। प्रकृति का यह बदला रूप सारी दुनिया के लिए भयावह संदेश है। जलवायु परिवर्तन के दौर में पूरी दुनिया में जल आपूर्ति अपने आप में एक चुनौती के रूप में उभरती दिख रही है। पृथ्वी का 71 प्रतिशत हिस्सा पानी से ढका हुआ है। कुल उपलब्ध जल का 97 प्रतिशत भाग सागरों में है, जो खारा है। केवल तीन प्रतिशत जल ही प्रयोग के योग्य है, जिसमें 2.4 प्रतिशत ग्लेशियरों में है। केवल 0.6 प्रतिशत जल ही नदियों, झीलों आदि में है। पृथ्वी पर कुल 32 करोड़, 60 लाख खरब गैलन पानी है। सागरों से पानी भाप बन कर बादलों के रूप में बरसता है। उसमें से कुछ ही ग्लेशियरों और बर्फ, नदी जल, भू-जल के रूप में धरती पर रुक जाता है, बाकी बह कर फिर समुद्र में चला जाता है। जो पानी धरती पर रुक गया, वही हमारे उपयोग के योग्य बचता है। जलवायु परिवर्तन से जमीन पर गर्मी बढ़ रही है और इससे ग्लेशियर और बर्फ के रूप में रुकने वाला जल ग्लेशियर और बर्फ के पिघलने की गति बढ़ने के कारण घटता जा रहा है। ग्लेशियर पिघलने की दर तेज होने से आकलन के मुताबिक 2050 तक हिमालय के ग्लेशियर लगभग समाप्त हो जायेंगे। इससे भूजल पर निर्भरता बढ़ेगी। भू-जल का दोहन बढ़ा तो समूची दुनिया को गंभीर संकट का सामना करना पड़ेगा। इस समय देश में 61.6 प्रतिशत भूमि सिंचाई के लिए भू-जल पर निर्भर है, केवल 24.5 प्रतिशत ही नहरों से सिंचित है। शेष पर अन्य पारंपरिक साधनों से सिंचाई होती है। हाल यह है कि देश के लगभग एक तिहाई जिलों में स्थाई भूजल भंडार भी समाप्त हो गये हैं। इसलिए हमें उतना ही भू-जल निकालना चाहिए जितना हर वर्ष पुनर्भरण से इकठ्ठा होता है। इस आसन्न संकट को देख कर ही हमें भू-जल विकास कार्यक्रम बनाने चाहिए और उनका अनुश्रवण करना चाहिए। भू-जल के मामले में एक तो हमारे पास वर्तमान तकनीकों से मेल खाने वाले कानूनों का भी अभाव था दूसरे व्यवस्थित अनुश्रवण व्यवस्था भी नहीं थी। 2005 के कानून ने इस कमी को कुछ हद तक पूरा किया है। उससे पहले 1882 का एक कानून था जिसके अनुसार कोई भी अपनी जमीन के नीचे से भू-जल दोहन कर सकता था। जाहिर है उस समय ऊर्जा चालित गहरे कुआं बनाने की तो कोई सुविधा ही उपलब्ध नहीं थी। लोग रेहट, कुओं आदि से भू-जल दोहन करते थे, जिससे भू-जल स्तर पर कोई प्रभाव पड़ने की संभावना ही नहीं रहती थी। आज जब एक डेढ़ हजार फुट नीचे तक से भू-जल का निकास संभव हो गया है तो सोचना जरूरी हो गया है। भू-गर्भ विज्ञान के विकास के साथ हमें पता चल गया है कि भू-जल भंडार तो मीलों तक आपस में जुड़े हो सकते हैं। इसका अर्थ यह हुआ कि भू-जल को निजी भूमि से जुड़े व्यक्तिगत अधिकार के रूप में मान्यता नहीं दी जा सकती। भू-जल सामुदायिक संसाधन है। इसलिए सामुदायिक हितों के दृष्टिगत ही इसका प्रबंधन

**पृथ्वी पर कुल 32 करोड़, 60 लाख खरब गैलन पानी है। सागरों से पानी भाप बन कर बादलों के रूप में बरसता है। कुछ बर्फ, नदी जल, भू-जल के रूप में धरती पर रुक जाता है।**

देश-विदेश

होना चाहिए। वर्तमान कानून में इस दिशा में रास्ता बना है किन्तु मौके पर कानून के प्रावधानों को लागू करने की लचर व्यवस्था से काम चलने वाला नहीं है। हिमाचल प्रदेश के संदर्भ में इसे समझते हैं। हिमाचल में दोहन योग्य भू-जल 0.97 बिलियन घन मीटर वार्षिक है, जिसमें से 0.36 बिलियन घन मीटर ही निकाला जा रहा है। 2019 तक प्रदेश में 39085 हैंड पंप जलशक्ति विभाग द्वारा लगाये गये हैं और 8000 सिंचाई कुओं का निर्माण किया गया है।

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से

ये ज़िंदगी है मेरे दोस्त ...
माँ नहीं,
जो हर वक़्त सिर्फ़
ख़ुशियाँ ही दे... :)

# प्रवासी पेशेवर भारतीय भरते भारत का खजाना



आर.के.सिन्हा

*अब* लगभग हर रोज मीडिया में भारत से बाहर बसे या काम करने भारतीयों की उल्लेखनीय उपलब्धियों पर खबरें होती हैं। विश्व बैंक का अध्यक्ष बनने से लेकर किसी देश का राष्ट्राध्यक्ष, प्रधानमंत्री, सांसद वगैरह बन रहे हैं भारतीय। पर बात यहां तक ही सीमित नहीं है। संसार के कोने-कोने में रहने वाले भारतीयों ने अपने देश के खजाने को अपने पैसे से लबालब भर दिया है। रिजर्व बैंक के फरवरी, 2023 तक के आंकड़े बता रहे हैं कि रिजर्व बैंक का एनआरआई डिपाजिट 136 अरब रुपये हो चुका है। एनआरआई का मतलब है नॉन रेजीडेंट इंडियन या अप्रवासी भारती। यानी वे लोग जो कामकाज के लिए देश से बाहर चल गये हैं। तो साफ है कि भारत से बाहर गये हुए लगभग तीन करोड़ भारत वंशी तथा एनआरआई अपने वतन को खुशहाल करने का ठोस काम कर रहे हैं। इसलिए यह समझना गलत होगा कि वे भारत से बाहर जाकर भारत को भूल जाते हैं। नहीं, यह बात नहीं है। वे कहीं भी चले जाएं, पर वे रहते भारतीय ही हैं। उनकी पहचान भारतीय के रूप में ही होती है। वे भी गर्व करते हैं कि उन्हें भारत से बाहर बसने के सालों, दशकों तो छोड़िये, कई पीढ़ियों के बाद भी भारतीय ही माना जाता है। एक बार केन्या के हॉकी के महान खिलाड़ी अवतार सिंह सोहल बता रहे थे कि अफ्रीका में 125 से भी ज्यादा सालों से भारतीय बसे हुए हैं। अब वहां उनकी चौथी-पांचवीं पीढ़ी आबाद है। अफ्रीका से अनेक भारतीय परिवार यूरोप, कनाडा, अमेरिका वगैरह भी जाकर बस गये। पर वे जहां भी जाते हैं वे अपने को भारतीय ही बताते हैं। सोहल ने केन्या का चार ओलंपिक खेलों में प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने चंडीगढ़ में एक फ्लैट भी खरीदा हुआ है। कुछ अफ्रीकी देशों में बसे हुए भारतीय संकेतों में कहते हैं कि अगर कभी संकट पैदा हुआ तो वे भारत का रुख कर सकते हैं। इसलिए वे भारत में भी अपने संपत्ति रख लेते हैं। यह कहना होगा कि भारत की मजबूत आर्थिक सेहत के लिए हमारे उन अनाम भारतीयों का भी कम बड़ा योगदान नहीं है जो हर साल भारत में पैसा भेजते हैं। आमतौर पर तो अखबारों में उन्हीं की चर्चा होती है जो बहुत बड़े इनवेस्टर होते हैं। आप देखेंगे कि कोई भी राज्य सरकार जब अपने यहां निवेश आमंत्रित करती है तो उसकी निगाहे बड़ी कंपनियों पर ही रहती है। मानता हूँ कि उनका निवेश भी जरूरी होता है। पर अगर अपने देश के नागरिक ही अपने देश में निवेश करें तो आनंददायक रहता है। असली बात यह है कि देश में पैसा आना चाहिए। पैसा चाहे अमेरिका की सिलिकॉन वैली में काम करने वाले भारतीय आई टी इंजीनियर भेज रहे हों या फिर दुबई या खाड़ी के किसी भाग में काम करने वाले कुशल- अकुशल मजदूर। भारत में धन की आवक अमेरिका से लेकर खाड़ी देशों में बसे हुए भारतीयों की मार्फत खूब हो रही है। यह तो सबको पता ही है कि भारत के बाहर से पैसा आने से देश में इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर करना संभव हो पाता है। ये भी ध्यान रखा जाय कि भारतवंशियों या एनआईआई के लिए भारत एक भौगोलिक वास्तविकता मात्र नहीं है। सिखों के लिए भारत उनका

**अखबारों में उन्हीं की चर्चा होती है जो बहुत बड़े इनवेस्टर होते हैं। आप देखेंगे कि कोई भी राज्य सरकार जब अपने यहां निवेश करती है तो उसकी निगाहें बड़ी कंपनियों पर ही रहती हैं।**

देश-दुनिया

गुरुघर है। यही स्थिति बौद्धों और जैन धर्मावलम्बियों के साथ भी हैक सनातनी हिंदुओं तो भारत के अलावा कुछ दिखाई ही नहीं देता है। इसलिए इनकी भारत के प्रति निष्ठा बनी रहती ही है। भारत सिखों के लिए एक पवित्र भूमि है। शेष भारतवंशियों के संबंध में भी कमोबेश यही कहा जा सकता है। माफ करें हाल के कुछ समय में कुछ सिरफिरे खालिस्तानी तत्वों की हरकतों को बहुसंख्यक सिखों का नाम मात्र का भी समर्थन प्राप्त नहीं है।

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

### बैचलर ऑफ फिजियोथैरिपी कोर्स कर करियर को दें नई उड़ान


# एम्स से लेकर स्पोर्ट्स लाइन में मिलेंगी बेहतर संभावनाएं

12वीं के बाद अपनी रुचि अनुसार छात्र बेल्थ केयर सेक्टर में अपना करियर बना सकते हैं। इस आर्टिकल में हम आपको टॉप कॉलेज, एडमिशन और फीस आदि के बारे में जानकारी दे रहे हैं। इस कॉलेज से यह कोर्स कर आप अपने करियर को नई ऊंचाई दे सकते हैं। 12वीं कक्षा के छात्र मेडिकल और पैरामेडिकल कोर्सेस के बारे में इंटरनेट से जानकारी हासिल करते हैं। छात्र हेल्थ केयर सेक्टर में अपनी रूचि और इच्छा के अनुसार करियर बनाने का सपना लेकर आते हैं। वहीं कोरोना महामारी के दौरान हेल्थ केयर सेक्टर में शामिल लोगों ने जिस तरह से दिन-रात लोगों के लिए काम किया और अपनी ड्यूटी की, उसे कोई भुला नहीं सकता है। सेवा के इसी भाव से और अपने करियर को आगे बढ़ाने के लिए कई छात्र मेडिकल व पैरामेडिकल के क्षेत्र में करियर बनाने का सपना देखते हैं।

दिल्ली के टॉप पैरामेडिकल के कोर्स बैचलर ऑफ फिजियोथैरपी कॉलेज के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर छात्र फिजिकल थैरेपिस्ट या फिजियोथैरेपी बनने का अपना सपना पूरा कर सकते हैं। इन टॉप संस्थानों से यह कोर्स पूरा करने के बाद छात्र किसी भी प्राइवेट और सरकारी अस्पताल या क्लीनिक आदि में नौकरी पा सकते हैं। इस क्षेत्र में शुरूआत में आप 3 से 4 लाख रुपये का वेतन प्राप्त कर सकते हैं।

## क्या है बीपीटी

बीपीटी को बैचलर ऑफ फिजियोथैरेपी कहा जाता है। बता दें कि यह एक अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम है। इस कोर्स की अवधि 4 साल की होती है। यह कोर्स मानव संरचना से संबंधित जैसे पोस्ट फ्रैक्चर दर्द, मूवमेंट के लिए एक्सरसाइस और शारीरिक दर्दों से निजात दिलाने में सहायक होती है।




बैचलर ऑफ फिजियोथैरेपी के लिए योग्यता 12वीं सांइस स्ट्रीम से पास होना अनिवार्य है। पीसीबी के सब्जेक्ट पढ़ा होना अनिवार्य है। अंग्रेजी का ज्ञान होना जरूरी है। इसके अलावा 12वीं में कम से कम 50% अंक होना चाहिए। आरक्षित श्रेणी के छात्रों को 5% की छूट प्राप्त है। इस कोर्स में प्रवेश लेने के लिए न्यूनतम आयु 17 साल होनी चाहिए।

## प्रवेश परीक्षा

इस कोर्स को करने के लिए छात्रों को प्रवेश परीक्षा में शामिल होना जरूरी है। कुछ संस्थानों में एडमिशन परीक्षा के आधार पर होता है तो वहीं कुछ संस्थान डायरेक्ट एडमिशन देते हैं।

## संस्थान

आईपीयू सीईटी
वीईई
बीसीईसीई
एलपीयूएनईएसटी
आईईएमजीई

## बीपीटी कॉलेज की लिस्ट

वैसे तो भारत में 200 अधिक कॉलेज बीपीटी का कोर्स ऑफर करते हैं। इनमें से 80% कॉलेज प्राइवेट हैं। यहां हम आपको बेस्ट बीपीट कॉलेज के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां से आप यह कोर्स कर सकते हैं।

जामिया हमदर्द यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली - 135,000 रुपये फीस
केआर मंगलम यूनिवर्सिटी, गुड़गांव - 115,000 फीस
गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (जीजीएसआईपीयू), नई दिल्ली - 93,100 रुपये
जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय (जेएमआई), नई दिल्ली - 21,800 रुपये
एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा - 116,000 रुपये
हमदर्द इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च (एचआईएमएसआर), नई दिल्ली - 264,500 रुपये
पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पीजीआईएमएस), रोहतक - 12,395 रुपये (प्रथम वर्ष फीस)
गुरुग्राम विश्वविद्यालय, गुड़गांव - 40,000 रुपये
गलगोटिया विश्वविद्यालय - 75,000 रुपये
डीपीएसआरयू - 56,000 रुपये।
शारदा विश्वविद्यालय - 1.58 लाख रुपये

❖ अनन्या मिश्रा

# होम्योपैथिक डॉक्टर बन दें करियर को नई उड़ान

होम्योपैथिक इलाज में दवाओं का कोई दुष्प्रभाव नहीं होता है। यही कारण है कि बड़ी संख्या में लोग होम्योपैथिक उपचार पर भरोसा करते हैं। अगर आप भी होम्योपैथिक डॉक्टर बनने की चाहत रखते हैं। तो आप इस क्षेत्र में अपना करियर बना सकते हैं। अंग्रेजी दवाओं के अलावा कई लोग होम्योपैथिक दवाओं पर भी भरोसा जताते हैं। किसी भी बीमारी व समस्या को ठीक करने के लिए होम्योपैथिक डॉक्टर प्राकृतिक जड़ी बूटियों का इस्तेमाल करते हैं। बता दें कि भारत समेत दुनिया भर में होम्योपैथिक डॉक्टरों की भी मांग बढ़ती जा रही है। वहीं छात्रों में भी होम्योपैथिक डॉक्टर बनने का इंट्रेस्ट बढ़ रहा है। खासतौर पर कोरोना महामारी के दौरान पूरी दुनिया ने डॉक्टरों की सेवाभाव को देखा है। ऐसे में जो छात्र होम्योपैथिक डॉक्टर बनने का सपना देख रहे हैं। यह आर्टिकल उन्हीं के लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको होम्योपैथिक डॉक्टर बनने की सारी पात्रताओं के बारे में जानकारी देने के अलावा यह भी बताने जा रहे हैं कि इस कोर्स को करने के बाद आप इस क्षेत्र में किस तरह अपना करियर बना सकते हैं।

**क्वालिफिकेशन :** होम्योपैथी कोर्स में प्रवेश पाने की चाहत रखने वाले छात्रों को साइंस साइड से 12वीं पास होना अनिवार्य है। 12वीं कक्षा में छात्रों के कम से कम अंक 50 फीसदी होने चाहिए। वहीं आरक्षित श्रेणियों के कैंडिडेट के 45% अंक होना जरूरी है। छात्र की कम से कम उम्र 17 साल होनी चाहिए। छात्र का नीट क्वालिफाई होना जरूरी है। बता दें कि होम्योपैथी पाठ्यक्रमों में एडमिशन के लिए तमाम संस्थान परीक्षाओं का आयोजन करते हैं। वहीं कई संस्थान ठएएळ को भी स्वीकार करते हैं।

**प्रवेश परीक्षाएं**

इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (IPU CET)
केरल इंजीनियरिंग, कृषि और चिकित्सा (KEAM)
भारती विद्यापीठ कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (BVP CET)
पंजाब यूनिवर्सिटी कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (PUCET)
राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (NEET)
इंजीनियरिंग, कृषि और मेडिकल कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (तेलंगाना और आंध्र प्रदेश) (EAMCET)

**टॉप कॉलेज और फीस**

पटना मेडिकल कॉलेज, पटना- फीस 63,000
महाराष्ट्र यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज, नासिक- फीस 11,145
भारती विद्यापीठ होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, पुणे- फीस 75,000
लॉर्ड महावीर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, लुधियाना- फीस 80,000
नेहरू होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, नई दिल्ली- फीस 3,120
जनार्दन राय नगर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय, उदयपुर- फीस 55,000

**यह कोर्स कर सकते हैं**

**सर्टिफिकेट कोर्स**

बता दें कि होम्योपैथिक कोर्स करने के लिए तमाम तरह के सर्टिफिकेट कोर्स करवाए जाते हैं। इस सर्टिफिकेट कोर्सेज की अवधि 3 से 6 महीने की होती है।



**डिप्लोमा कोर्स**

होम्योपैथी में कई प्रकार के अंडर ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा कोर्स भी कराए जाते हैं। इन कोर्स में आप डिप्लोमा इन इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिसिन और डिप्लोमा इन होम्योपैथी एंड मेडिसिन आदि कोर्स कर सकते हैं। इन कोर्सेज की अवधि 1-2 वर्ष की होती है।

**UG कोर्स**

स्नातक स्तर पर होम्योपैथिक कोर्स करने के लिए छात्र इल्टर और इएटर आदि पाठ्यक्रम चुन सकते हैं। बता दें कि इस कोर्स की अवधि 3 से 5 साल की होती है।

**PG कोर्स**

स्नातकोत्तर स्तर पर छात्र M.D (होम-फामेर्सी), M.D (होम-प्रैक्टिस ऑफ मेडिसिन), M.D (होम्योपैथिक) (मटेरिया मेडिका) आदि कोर्स कर सकते हैं। यह कोर्स 3 साल की अवधि के होते हैं।

**BHMS कोर्स सिलेबस**

BHMS यानी की बैचलर ऑफ होम्योपैथिक मेडिसिन एंड सर्जरी कोर्स में बायोलॉजी, शरीर विज्ञान और चिकित्सा की तमाम शाखाओम पर बुनियादी और उन्नत ज्ञान और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने वाले कई विषय पढ़ाए जाते हैं। वहीं डिग्री प्राप्त करने से पहले छात्र को 1 साल की इंटर्नशिप पूरी करनी होती है।

**सिलेबस**

होम्योपैथिक मटेरिया मेडिका और चिकित्सीय
बायोकैमिस्ट्री सहित फिजियोलॉजी
पैथोलॉजी और माइक्रोबायोलॉजी
फोरेंसिक मेडिसिन और विष विज्ञान
प्रसूति एवं स्त्री रोग
शरीर रचना
होम्योपैथिक फामेर्सी
केस टेकिंग और रिपर्टरी
सामुदायिक चिकित्सा
ऑर्गन ऑफ मेडिसिन,
प्रिंसिपल्स ऑफ होम्योपैथिक फिलॉसफी एंड साइकोलॉजी
ऑपरेशन

**चिकित्सा का अभ्यास**

आपको बता दें कि भारत में केवल 2 कॉलेज ऐसे हैं, जो एमडी होम्योपैथी सिलेबस प्रदान करते हैं। इस सिलेबस में 7 विशेषज्ञताएं शामिल हैं।

बच्चों की दवा करने की विद्या
होम्योपैथिक मटेरिया मेडिका
प्रदर्शनों की सूची
होम्योपैथिक दर्शन के साथ ऑर्गन ऑफ मेडिसिन
होम्योपैथिक फामेर्सी
मनश्चिकित्सा
चिकित्सा का अभ्यास

करियर

होम्योपैथी के क्षेत्र में करियर की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। क्योंकि होम्योपैथिक दवाइयों का कोई दुष्प्रभाव नहीं होता है। इसलिए बहुत सारे लोग होम्योपैथिक इलाज में भरोसा जताते हैं। बच्चों से लेकर बड़ों तक पर होम्योपैथिक दवाएं समान रूप से असर करती हैं। होम्योपैथिक दवाइयों का इस्तेमाल कई तरह की बीमारियों में किया जाता है। जिनमें से माइग्रेन, अवसाद, क्रोनिक थकान सिंड्रोम, रूमेटोइड गठिया, एलर्जी, खांसी और सर्दी, चिड़चिड़ा आंत्र सिंड्रोम और प्रीमेंस्ट्रुअल सिंड्रोम आदि का इलाज शामिल है।

छात्र इस कोर्स की डिग्री व डिप्लोमा प्राप्त करने के बाद सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों में काम कर अपने करियर को शुरू कर सकते हैं। नीचे दिए गए क्षेत्रों की लिस्ट में आप होम्योपैथिक पेशेवर के तौर पर काम कर सकते हैं।

केंद्रीय, राज्य व स्थानीय सरकारी व प्राइवेट अस्पताल
ESIC, रेलवे, NTPC और कोल इंडिया
नर्सिंग होम, क्लीनिक और स्वास्थ्य विभाग
दवा निर्माण इकाइयां (सरकारी, निजी, स्वायत्त, सहकारी क्षेत्र)
औषधि नियंत्रण संगठन (राज्य और केंद्र सरकार)
होम्योपैथिक दवा कंपनियां
प्रबंधन और प्रशासन (सरकारी और निजी)
चिकित्सा पर्यटन
होम्योपैथिक विशेषता केंद्र
नैदानिक परीक्षण (फार्मास्यूटिकल्स)
स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र में तृतीय-पक्ष प्रशासक
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम)
राष्ट्रीय आयुष मिशन आदि में आप बतौर होम्योपैथिक पेशेवर के रूप में काम कर सकते हैं।

वहीं जो छात्र पढ़ाने में इंट्रेस्ट रखते हैं, वह मेडिकल कॉलेजों में प्रोफेसर के रूप में सेवा दे सकते हैं।

**नौकरी :** होम्योपैथिक कोर्स पूरा होने के बाद छात्र सरकारी या प्राइवेट स्तर पर अपनी नौकरी की शुरूआत कर सकते हैं। इसके अलावा वह अपना क्लीनिक भी खोल सकते हैं। होम्योपैथिक क्षेत्र में आप यह नौकरी भी कर सकते हैं।

**शिक्षण कार्य**

फार्मेसिस्ट
बीमा अधिकारी
होम्योपैथिक चिकित्सक
अनुसंधान पेशेवर
होम्योपैथिक सलाहकार
विपणन विशेषज्ञ

**सैलरी**

जॉब प्रोफाइल- औसत वेतन
फार्मासिस्ट- 3.5 लाख
निजी चिकित्सक- 5.5 लाख
निजी स्वास्थ्य विशेषज्ञ - 6 लाख
सामान्य चिकित्सक - 6 लाख
डॉक्टर- 7 लाख

# बिना डिग्री के इन क्षेत्रों में बना सकते हैं अपना करियर



कई बार पैसों की तंगी के कारण कई लोग अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते हैं। ऐसे में आप बिना किसी डिग्री या कोर्स के इन नौकरियों को कर सकते हैं। इन फील्ड में नौकरी कर आप हर महीने अच्छी कमाई कर सकते हैं। हर इंसान की यही चाहत होती है कि कॉलेज खत्म होने के बाद उनको एक अच्छी सी जॉब मिल जाए। ताकि वह अपने सपनों को पूरा कर सकें। लेकिन कई बार ऐसा नहीं हो पाता है। वहीं कुछ परिस्थितियों के कारण हम आगे की पढ़ाई नहीं कर पाते हैं। जिसके कारण अच्छी नौकरी मिलने में दिक्कत होती है। अगर आप भी ऐसी ही किसी समस्या से परेशान हैं तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज हम आपको कुछ ऐसी नौकरियों के बारे में बताने जा रहे हैं। जिन्हें आप बिना किसी डिग्री के भी पा सकते हैं।

**मेकअप आर्टिस्ट :** आज के दौर में हर कोई अच्छा दिखना चाहता है। ऐसे में लोग मेकअप का सहारा लेते हैं। वहीं मेकअप आर्टिस्ट की डिमांड भी तेजी से बढ़ रही है। बता दें कि मेकअप आर्टिस्ट बनने के लिए किसी तरह की डिग्री की जरूरत नहीं होती है। हालांकि आप कुछ ऑनलाइन कोर्सेज जरूर कर सकती हैं। इन ऑनलाइन कोर्स की मदद से आप मेकअप की हर बारीकी को अच्छे से समझ सकती हैं। मेकअप के बारे में अच्छी जानकारी होने के बाद आप बतौर मेकअप आर्टिस्ट अपना करियर शुरू कर सकती हैं। इसके अलावा चाहे तो खुद का सैलून भी खोल सकती हैं। इसमें आपको कमाई के अच्छे अवसर मिलेंगे।

**स्टाइलिस्ट :** अगर आपको भी डिजाइन में रुचि है तो आप स्टाइलिस्ट को बतौर करियर शुरू कर सकती हैं। बता दें कि यह फील्ड ऐसा है, जहां आपको डिग्री से ज्यादा काम करना आना चाहिए। इस तरह आप वॉरड्रोब स्टाइलिस्ट और फैशन स्टाइलिस्ट बन अपने करियर को नई उड़ान दे सकती हैं। भले ही यह प्रोफेशन थोड़ा अलग है, लेकिन इस फील्ड में आपको शानदार सैलरी दी जाती है।

**सेलिब्रिटी मैनेजर :** हर एक सेलेब्स अपने काम को मैनेज करने के लिए मैनेजर रखते हैं। क्योंकि अक्सर सेलेब्स को एक साथ कई प्रोजेक्ट्स पर काम करना होता है। इस नौकरी के लिए किसी डिग्री की जरूरत नहीं होती है। इस तरह बिना डिग्री के आप आसानी से सेलिब्रिटी मैनेजर बन सकती हैं। इस फील्ड में सैलरी सुन आप दंग हो जाएंगी।

**वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी :** अगर आपको भी फोटोग्राफी का शौक है तो वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी को बतौर करियर चुन सकते हैं। इसके लिए किसी डिग्री या कोर्स की आवश्यकता नहीं होती है। बेहतरीन फोटोग्राफी कर आप सोशल मीडिया पर इस फोटोज को सेल कर सकती हैं।

**प्रोफेशनल ब्लॉगर :** आपने भी कई ब्लॉगर को देखा होगा। जो अलग-अलग विषयों के बारे में जानकारी देते हैं और लोग उनके काम को खूब पसंद भी करते हैं। बता दें कि ब्लॉगिंग आपके लिए एक बेहतरीन ऑप्शन साबित हो सकता है। इस फील्ड में आप बिना किसी डिग्री व कोर्स के लाखों रुपए कमा सकते हैं।

# गधों के लिए है



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त',
मो. नं. 73 8657 8657

स्वतंत्रता से पहले राजा-रजवाड़ों का शासन था। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात एक-एक कर इन्हें मिला लिया गया। यह राजाओं को रास नहीं आया। लेकिन वे मजबूर थे। धीरे-धीरे परिस्थितियां सामान्य होने लगीं। राजाओं को भी लगा जो हुआ अच्छा हुआ। बहुत हुआ अपना शासन। अब देखते हैं जनता का शासन कैसा होता है।

कुछ दिन बीते। एक राजा अपने घोड़े पर सवार शहर की ओर निकल पड़ा। उसने इधर-उधर नजर दौड़ाई। उसने देखा कि शहर में बड़े-बड़े भवन बन चुके हैं। चमचमाती सड़कों से रौनक बढ़ गई है। तरह-तरह की दुकानों में तरह-तरह की चीजें बिक रही थीं। तभी राजा की नजर एक ऐसे बंदे पर पड़ी जो सड़क के एक किनारे जमीन पर कागज के टुकड़े बिछाकर ग्राहक की खोज में आंखें बिछाए बैठा था।

राजा उसके पास गया। उसने पूछा - यह कागज के टुकड़े क्या हैं? इन्हें इस तरह से क्यों बिछाकर रखा है? इससे अच्छा कोई दूसरा धंधा क्यों नहीं कर लेते?

इस पर बंदे ने कहा - घोड़े और मुकुट से तो आप राजा लगते हैं। आपके जमाने में पढ़ाई नहीं थी। इसीलिए आप अनपढ़ रह गए। इन कागजों का महत्व आप क्या समझेंगे?

राजा ने कहा - बात तो तुम्हारी एकदम ठीक है। लेकिन हम कर भी क्या सकते हैं? भाग्य में जो लिखा था वही मुझे प्राप्त हुआ। भाग्य का लिखा कौन बदल सकता है?

बंदे ने कहा - कौन कहता है नहीं बदल सकते? इन कागज के टुकड़ों से भाग्य बदल सकते हैं।

राजा ने कहा - इन कागज के टुकड़ों से? वह कैसे?

बंदे ने कहा - ये कागज के टुकड़े नहीं हैं। ये डिग्री हैं डिग्री। इसे जो प्राप्त कर लेता है समाज उसका खूब सम्मान करता है। उसे पढ़ा-लिखा मानकर उसकी खातिरदारी करता है।

राजा ने कहा - वाह। यह तो बहुत बढ़िया बात है। मेरे लायक कोई डिग्री हो तो मोल-भाव करके दे दो।

बंदे ने कहा - क्यों नहीं राजा जी। आपके लिए एम.ए. की डिग्री सबसे अच्छी रहेगी। आपका चेहरा, शरीर का आकार इस डिग्री पर एकदम फिट बैठता है। आगे से आप किसी को मिलें तो खुद को एम.ए. पास कहें। फिर देखिए किस तरह लोग आपकी प्रशंसा करने लगेंगे।

राजा ने अपने गले से एक सोना जड़ित हार निकालकर बंदे को दे दिया। बदले में डिग्री लेकर खुशी-खुशी अपने घोड़े पर सवार घर की ओर निकल पड़े। रास्ते में राजा को क्या सूझा कि अचानक से वे रुक गए। उन्हें लगा मैं तो डिग्री पास हो गया किंतु मेरा घोड़ा तो अनपढ़-गंवार ही रह गया। क्यों न मेरे घोड़े के लिए भी एक डिग्री ले लूं। पढ़ा-लिखा घोड़ा होगा तो मेरा सम्मान और बढ़ जाएगा। यही सोचकर डिग्री बेचने वाले बंदे के पास आनन-फानन में पहुंच गया।

वहां जाकर राजा ने अपनी व्यथा बताई। यह सुनकर बंदा पहले तो खूब हंसा। फिर उसने कहा - साहब यह डिग्री गधों के लिए है घोड़ों के लिए नहीं।

# आज का राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ मिलेगा। धन प्राप्ति के योग हैं। कोई बड़ी खुशखबरी मिल सकती है। पारिवारिक जीवन में भी खुशियों का माहौल बना रहेगा।

**वृष राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार में सभी कार्य आसानी से पूरे होंगे और धनलाभ की स्थिति रहेगी। शिक्षा के क्षेत्र में परेशानियां होगी।

**मिथुन राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। धन लाभ होने के योग बने हुये हैं। नए कार्यों की शुरूआत कर सकते हैं। दोस्तों से लाभ मिल सकता है।

**कर्क राशि :** आज का दिन शुभ रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ होगा। बेरोजगार लोगों को आज रोजगार मिलने की संभावना है।

**सिंह राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ होने की संभावनाएं हैं। मन में नए विचार आएंगे। किसी अच्छी कंपनी से नौकरी का ऑफर मिल सकता है।

**कन्या राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। मित्रों से मुलाकात हो सकती है। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**तुला राशि :** आज का दिन शुभ रहेगा। धन लाभ के योग बनेंगे और भाग्य प्रबल रहेगा। आय में वृद्धि होगी। कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यवसाय में बढ़ोतरी की संभावनाएं हैं। ऑफिस या व्यावसायिक स्थल पर कार्य भार अधिक रहेगा।

**धनु राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। माता-पिता और बुजुर्गों के आशीर्वाद से सारे काम आसानी से हो जाएंगे। शारीरिक रूप से नई ऊर्जा का अनुभव करेंगे।

**मकर राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्य क्षेत्र में बाधाएं आ सकती हैं। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। दांपत्य जीवन के सुख अनुभव कर सकेंगे। घर के किसी बुजुर्ग से धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कुंभ राशि :** आज का दिन शुभ रहेगा। कठिन परिश्रम से अपने कार्यक्षेत्र में अच्छे परिणाम मिलने के योग रहेंगे। कारोबारी व्यापार में वृद्धि कर सकेंगे। ऑफिस में सहयोग मिलेगा।

**मीन राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। ऑफिस में काम की अधिकता रहेगी। मन में अशांति रहेगी। वाणी में मधुरता से नए संबंध बनेंगे।

# यूरोप चरण के लिए भारतीय हॉकी टीम का ऐलान, हरमनप्रीत सिंह को कमान




**एजेंसी। नई दिल्ली**

हॉकी इंडिया ने यूरोप में 26 मई से शुरू हो रही एफआईएच हॉकी प्रो लीग के अगले चरण के लिए सोमवार को 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा की। ग मैचों में अपने पिछले आउटिंग में, भारत विश्व चैंपियन जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अजेय रहा, जिससे उसे अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचने में मदद मिली। यूरोप में, वे अपनी जीत की गति को जारी रखने की उम्मीद करेंगे। लंदन में वे मजबूत बेल्जियम और ग्रेट ब्रिटेन से भिड़ेंगे और उसके बाद नीदरलैंड और अर्जेंटीना के खिलाफ आइंडहोवन, नीदरलैंड में मैच खेलेंगे। नवनियुक्त मुख्य कोच क्रेग फुल्टन के नेतृत्व में टीम का यह पहला दौरा होगा, जबकि टीम का नेतृत्व कुशल ड्रैगफ्लिकर और डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह करेंगे और उपकप्तानी शानदार मिडफील्डर हार्दिक सिंह करेंगे। टीम में गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक हैं। वह अपनी शादी के कारण घरेलू मैचों में नहीं खेल पाने के बाद टीम में वापसी कर रहे हैं। उनके साथ गोलपोस्ट में पीआर श्रीजेश शामिल होंगे, जबकि डिफेंडरों की सूची में हरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, संजय और मनदीप मोर के रूप में पांच पेनल्टी कार्नर विशेषज्ञ शामिल हैं। मनप्रीत सिंह एक नई भूमिका में नजर आएंगे। सुमित के साथ भारत की बैकलाइन में खेलते हुए और गुरिंदर सिंह को भी बैकलाइन में नामित किया गया है। मिडफील्ड का नेतृत्व उप कप्तान हार्दिक सिंह के साथ-साथ दिलप्रीत सिंह, मोइरंगथेम रबीचंद्र सिंह, शमशेर सिंह, आकाशदीप सिंह और विवेक सागर प्रसाद करेंगे। भारत की फॉरवर्ड लाइन में सिमरनजीत सिंह की वापसी देखी जा रही है, जो आखिरी बार एशिया कप जकार्ता में भारत के लिए खेले थे, लेकिन चोट के कारण उन्हें बीच में ही स्वदेश लौटना पड़ा था। उनके साथ अभिषेक, ललित कुमार उपाध्याय, एस कार्थी, गुरजंट सिंह, सुखजीत सिंह, राज कुमार पाल और मनदीप सिंह जैसे अनुभवी और युवा स्ट्राइकरों का अच्छा मिश्रण होगा। टीम चयन के बारे में बात करते हुए, मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, बेल्जियम, हॉलैंड, ग्रेट ब्रिटेन और अर्जेंटीना के खिलाफ आगामी प्रो लीग टूनामेंट के लिए हमने जो टीम चुनी है, उससे मैं खुश हूं। हमारी मौजूदा विश्व रैंकिंग चौथी है, जो टीम की कड़ी मेहनत को दर्शाती है। यह टूर्नामेंट हमारे लिए शीर्ष क्रम की टीमों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने और अपने समग्र खेल में और सुधार करने का एक शानदार अवसर होगा।

# पंचनद क्रिकेट चैंपियनशिप के दूसरे राउंड में जीती कंधावली



**नवीन मेल संवाददाता। औरैया**

चंबल विद्यापीठ परिवार की ओर से हिम्मतपुर ग्राउंड पर कराए जा रहे 'पंचनद क्रिकेट चैंपियनशिप' के आठवें दिन कंधावली और हमीरपुरा टीमों के बीच मुकाबला हुआ। कंधावली टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में तीन विकेट के नुकसान से 112 रन बनाए। कंधावली टीम के खिलाड़ी आशीष ने 50 रन तो वहीं अवनीश ने 43 रन बनाए। जवाब में उतरी हमीरपुरा टीम शुरू से लड़खड़ाते हुए 10.5 ओवर में महज 50 रन पर ही ऑल आउट हो गयी। कंधावली टीम के संतोष ने चार विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच रहे। उन्हें सतेन्द्र सिंह राठौर के हाथों ट्राफी प्रदान की गयी। उल्लेखनीय है कि पांच नदियों के महासंगम के नजदीक यह चैंपियनशिप 1857 के क्रांतिवीरों की स्मृति में हो रही है। जिसमें जालौन, औरैया, इटावा और भिंड के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया है। इस दौरान चंबल अंचल के महान क्रांतियोद्धा इमरान खां को नमन किया।

# लखनऊ ने मुंबई को 178 रनों का दिया लक्ष्य




**एजेंसी। लखनऊ**

लखनऊ सुपरजायंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सीजन के 63वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस को जीत के लिए 178 रन का टारगेट दिया है। जवाब में मुंबई इंडियंस ने दो ओवर में बिना नुकसान के 20 रन बना लिए हैं। कप्तान रोहित शर्मा और ईशान किशन क्रीज पर हैं। लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर 177 रन बनाए। मार्कस स्टोइनिस ने सीजन का तीसरा अर्धशतक जमाया, जबकि कप्तान क्रुणाल पंड्या 49 रन पर रिटायर्ड हर्ट हो गए। पहलाः दूसरे ओवर की पहली बॉल पर जेसन बेहरनडॉर्फ ने दीपक हुड्?डा को टिम डेविड के हाथों कैच कराया। दूसरा : दूसरे ओवर की तीसरी बॉल पर जेसन बेहरनडॉर्फ ने प्रेरक मांकड़ को विकेटकीपर ईशान किशन के हाथों कैच कराया। तीसरा : 7वें ओवर की पहली बॉल पर पीयूष चावला ने डीकॉक को विकेटकीपर ईशान किशन के हाथों कैच कराया। मार्कस स्टोइनिस ने बनाया 7वां अर्धशतक मार्कस स्टोइनिस ने 35 बॉल पर अर्धशतक पूरा किया। यह उनके करियर का 7वां अर्धशतक जमाया। मौजूदा सीजन में यह स्टोइनिस का तीसरा अर्धशतक है। स्टोइनिस ने 47 बॉल पर 189.36 के स्ट्राइक रेट से नाबाद 89 रन बनाए। उनकी पारी में चार चौके और आठ छक्के शामिल रहे। 12 रन पर दो विकेट गंवाने के बाद मार्कस स्टोइनिस और कप्तान क्रुणाल पंड्या ने लखनऊ की लड़खड़ाती पारी को संभाला। दोनों ने 59 बॉल पर नाबाद 82 रन जोड़े। कप्तान क्रुणाल पंड्या 49 रन के निजी स्कोर पर रिटायर्ड हर्ट हो गए। लखनऊ की शुरूआत खराब रही। टीम ने पावरप्ले में 32 रन बनाए और 2 विकेट गंवाए। इस दौरान दीपक हुड्डा और प्रेरक मांकड़ पवेलियन लौट गए। दोनों विकेट जेसन बेहरनडॉर्फ ने लिए। मुंबई की टीम में एक बदलाव हुआ है। लखनऊ में नवीन और दीपक हुड्?डा की वापसी हुई है, जबकि काइल मेयर्स और आवेश खान को प्लेइंग से बाहर रखा गया है। मुंबई इंडियंसः रोहित शर्मा (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), कैमरून ग्रीन, सूर्यकुमार यादव, नेहल वाधेरा, टिम डेविड, ऋतिक शौकीन, क्रिस जॉर्डन, पीयूष चावला, जेसन बेहरनडॉर्फ और अकाश मधवाल। इम्पैक्ट प्लेयर्सः अरशद खान, ट्रिस्टन स्टब्स, तिलक वर्मा और राइली मेरेडिथ।

## सूर्यकुमार को परमानेंट तीसरे नंबर पर उतारे मुंबई : सहवाग

नई दिल्ली। भारत के पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने गति और स्पिन के खिलाफ अपनी प्रतिभा के कारण स्टार मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को मुंबई इंडियंस के लिए नंबर तीन पर परमानेंट बल्लेबाज बनाए जाने का समर्थन किया है। आईपीएल 2023 के एक महत्वपूर्ण मैच में, पांच बार के चैंपियन मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स मंगलवार शाम लखनऊ में एक-दूसरे से भिड़ेंगे, जहां मुंबई का लक्ष्य जीत हासिल कर प्लेऑफ के करीब पहुंचना होगा। मुंबई की शुरूआत इस सीजन में खराब रही। सूर्यकुमार भी खास नहीं कर पाए थे, लेकिन आधा सीजन बीतते ही मुंबई ने लय हासिल कर ली। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ने अपने पिछले पांच मैचों में से चार में जीत हासिल की है और आज रात लखनऊ में दो महत्वपूर्ण अंक हासिल करने का लक्ष्य रखेगी। स्टार स्पोर्ट्स के क्रिकेट लाइव पर सहवाग ने कहा, स्काई मुंबई इंडियंस के लिए परमानेंट नंबर 3 पर हो सकता है क्योंकि वह स्पीड और स्पिन का सामना करने के लिए एक अच्छा खिलाड़ी है। इस बीच, भारत के पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह का मानना है कि मुंबई इंडियंस लीग चरण के अंत में शीर्ष दो में बहुत अच्छी तरह से रह सकती है।

# क्षमताओं से भरपूर शुभमन गिल, अगली पीढ़ी का नेतृत्व करने को तैयार : कोहली



**एजेंसी। नई दिल्ली**

शुभमन गिल के पर्फॉर्मेंस ने विराट कोहली को भी हैरान कर दिया है। किंग कोहली ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर गिल को भारतीय क्रिकेट का अगला सुपरस्टार मान लिया है। कोहली ने गिल के लिए कैप्शन में लिखा, क्षमताओं से भरपूर शुभमन गिल, जाओ और अगली पीढ़ी का नेतृत्व करो। भगवान आपका भला करे गिल। विराट ने गिल के लिए ऐसी बात लिखकर एक तरह से ऐलान कर दिया है कि आने वाले समय में ही गिल भारतीय क्रिकेट को आगे ले जाएंगे और शायद कप्तान भी बन सकते हैं। दरअसल, हाल के समय में गिल ने अपने परफॉर्मेंस से दिखाया है कि क्यों वो टीम इंडिया के अगले सुपरस्टार हैं। साल 2023 में गिल ने वनडे में एक दोहरा शतक, टी-20 इंटरनेशनल में शतक, टेस्ट में शतक और अब आईपीएल में शतक लगाकर धमाका कर दिया है, शुभमन ने आईपीएल 2023 में 500 से ज्यादा रन भी बना लिए हैं, गिल की बेहतरीन बल्लेबाजी ने उन्हें विश्व क्रिकेट का नया किंग बना दिया है जो अब भारतीय क्रिकेट की अगली पीढ़ी का नेतृत्व करने के लिए बिल्कुल तैयार है।

# एशिया पेसिफिक मास्टर गेम्स में किशन ने जीते तीन गोल्ड मेडल



**एजेंसी। कुल्लू**

एशिया पैसिफिक मास्टर गेम्स-2023 में लगातार हो रही भारत की जीत ने देश का गौरव बढ़ाया है। वहीं कुल्लू और लाहौल का भी नाम विश्व भर में चमका है। भारत के एथलीट किशन लाल दो गोल्ड मेडल हासिल कर चुके हैं। भारत ने मंगलवार को फिर ट्रिपल जंप में सोना जीता है। भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स एथलीट किशन लाल ने फिर कमाल कर दिखाया। ट्रिपल जंप प्रतियोगिता में 16 देशों को पछाड़ते हुए लाहुल-स्पीति जिला के मास्टर्स एथलीट किशन लाल ने प्रथम स्थान हासिल किया और गोल्ड मेडल भारत की झोली में डाला। ट्रिपल जंप में जापान दूसरे स्थान पर रहा जबकि चीन तीसरे स्थान पर रहा। पांच दिनों के भीतर तीन प्रतियोगिता में किशन लाल ने भारत का प्रतिनिधित्व किया और तीनों में प्रथम स्थान हासिल कर गोल्ड मेडल जीते। 12 मई को डिस्कस थ्रो, 15 मई को जैवलिन थ्रो और 16 मई को ट्रिपल जंप प्रतियोगिता में भाग लिया और गोल्ड मेडल हासिल किए। लाहुल स्पीति के किशन लाल भारत का नाम दुनिया भर में रोशन किया है। किशन लाल ने साउथ कोरिया में एशिया पैरिफिक मास्टर गेम्स की जैवलिन थ्रो स्पर्धा में भारत का प्रतिनधित्व करते हुए तीन गोल्ड जीते हैं।

# मरने से पहले 2011 विश्वकप के फाइनल में धोनी के लगाए छक्के देखना पसंद करूंगा : गावस्कर



**एजेंसी। नई दिल्ली**

झारखंड के लाल महेंद्र सिंह धोनी के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने जमकर प्रशंसा की है. हाल में ही सुनील गावस्कर ने अपने शर्ट पर धोनी का ऑटोग्राफ लिया जिसने हर किसी का दिल जीत लियावहीं, अब गावस्कर ने इसके लेकर अपनी एक ख्वाहिश भी जाहिर की है। स्टार स्पोर्ट्स चैनल पर बात करते हुए गावस्कर के आंखों से आंसू निकल आए। दरअसल, धोनी के ऑटोग्राफ को लेकर गावस्कर बात कर रहे थे और बताया कि धोनी का यह ऑटोग्राफ उनके लिए क्या मायने रखता है। बातचीत के क्रम में गावस्कर ने ये भी बताया है कि, मरने से पहले वो 1983 का विश्व कप ट्रॉफी मोमेंट और धोनी के द्वारा 2011 विश्वकप फाइनल में लगाए गए छक्के को देखना पसंद करेंगे। सुनील गावस्कर ने कहा कि, ह्ययह मेरे लिए इमोशनल पल है, इस बंदे ने (धोनी) ने क्या-क्या नहीं किया है और मुझे पता है कि अब मेरी लाइफ का यह आखिरी दौर चल रहा है, यह मेरे जिन्दगी के आखिरी लम्हें चल रहे हैं तो मुझे 2 मिनट के लिए 2 लम्हों को फिर से जीना है, एक तो जब 1983 में वो कप कपिल देव उठाते हैं और दूसरा जब धोनी वह छक्का मारते हैं और उसके बाद जिस तरह से बल्ले को घुमाते हैं, उन पलों को मैं मरने से पहले देखना चाहता हूं।

सुनील गावस्कर ने धोनी की भरपूर तारीफ की और कहा, ह्यधोनी को कौन प्यार नहीं करता? उन्होंने बीते सालों में इंडियन क्रिकेट के लिए जो किया है, वह कमाल है। भारत में बहुत सारे यंगस्टर्स हैं जो उनसे प्रेरित होते हैंङ्घ जिस तरीके से उन्होंने खुद को हैंडल किया है, वह बहुत कमाल का रहा है। जैसे ही मैंने सुना कि सीएसके के खिलाड़ी मैदान का चक्कर लगा रहे हैं, तब मैंने तुरंत ही एक पेन उधार मांगा। और इसे अपने पास रखा।

# आईपीएलः सनराइजर्स हैदराबाद को हराकर प्लेऑफ में पहुंची गुजरात टाइटंस

**एजेंसी। अहमदाबाद**

आईपीएल 2023 के 62वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को 34 रन से हरा दिया है। इस जीत के बाद गुजरात टाइटंस प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है। इस मैच में शुभमन गिल ने आईपीएल करियर का पहला शतक जड़ा। उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेले गए मैच में 189 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद की शुरूआत फिर खराब रही। टीम ने एक बार फिर पावरप्ले में ही आधी टीम यानी पांच विकेट गंवा दिये। हैदराबाद के लिए हेनरी क्लासेन जुझारूपन दिखाया लेकिन वो नाकाफी रहा। क्लासेन ने 64 रन की पारी खेली। इनके अलावा, भुवनेश्वर कुमार 27 रन, मयंक मार्कंडय 18 रन और एडन मार्कराम 10 रन बना सके। शेष कोई बल्लेबाज दहाई के आंकड़े में नहीं पहुंच सका। गुजरात की तरफ से मोहम्मद शमी और मोहित शर्मा ने चार-चार विकेट लिए, जबकि यश दयाल को एक विकेट मिला। इससे पहले, टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए गुजरात टाइटंस ने 188 रन का स्कोर खड़ा किया। गुजरात के लिए सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने शानदार शतक जड़ा। हालांकि शतक बनाने के बाद वो क्रीज पर ज्यादा देर नहीं टिके। गिल ने 58 गेंद पर 101 रन की पारी खेली। उनको भरपूर साथ साई सुदर्शन का मिला, जिन्होंने 47 रन की उम्दा पारी खेली। इन दोनों के अलावा गुजरात का कोई बल्लेबाज दहाई में नहीं पहुंच सका। टीम के पांच बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल पाये।

## बदलाव — आईपीएल 2023 प्वाइंट टेबल में हुआ फेरबदल

# 2 टीम हुई बाहर, अब नंबर 2 को लेकर पेंच फंसा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

गुजरात टाइटंस 2022 सीजन के प्लेऑफ में जगह बनाने वाली पहली टीम थी। इस बार भी उन्होंने यही कारनामा कर दिखाया। अहमदाबाद के मैदान पर हैदराबाद को 34 रन से हराकर गुजरात अब टेबल टॉपर हो गया है। वह 13 में से 9 मुकाबले जीत चुका है। गुजरात की जीत और बीते दिनों चेन्नई की हार के साथ ही अब नंबर दो को लेकर पेंच फंस गया है। नंबर दो के लिए अब चेन्नई सुपर किंग्स के साथ मुंबई इंडियंस भी दावेदार दिख रही है। दिल्ली कैपिटल्स के बाद अब सनराइजर्स हैदराबाद भी प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई है। गुजरात अब 13 में से नौ मुकाबले जीतकर प्वाइंट टेबल में पहले नंबर पर आ गया है। चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस अब दूसरे स्थान के लिए संघर्ष करती दिखेंगी। चेन्नई ने अभी एक तो मुंबई ने दो मुकाबले खेलने हैं। वहीं, चौथे स्थान के लिए अभी भी लखनऊ, बेंगलुरु, राजस्थान और पंजाब में जंग जारी है। ऑरेंज कैप में अभी भी फाफ डु प्लेसिस पहले नंबर पर बने हुए हैं। डु प्लेसिस ने 12 मैचों में 631 रन बनाए हैं। उनके बाद 576 रन के साथ शुभमन गिल दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। सूर्यकुमार यादव भी बीते मैच में शतक लगाकर इस लिस्ट में पांचवें स्थान पर आ गए हैं। वह 12 मैचों में 479 रन बना चुके हैं। बटलर 13 मैचों में 392 रन बनाकर दसवें स्थान पर हैं। गेंदबाजी में गुजरात टाइटंस के टॉप गेंदबाज मुहरी बने हुए हैं। मोहम्मद शमी और राशिद खान के नाम पर 13-13 मैचों में 23-23 विकेट हैं। युजी चहल भी 13 मैचों में 21 विकेट निकाल चुके हैं। वहीं, मैच में पांच विकेट निकालकर भुवी 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने 12 मैचों में अब तक 14 विकेट ली हैं। राजस्थान रॉयल्स के यशस्वी जायसवाल 75 चौके लगाकर इस लिस्ट में पहले स्थान पर बने हुए हैं। उसके बाद शुभमन गिल और चेन्नई के ड्वेन कॉनवे का नाम आता है। सबसे ज्यादा छक्के लगाने की लिस्ट में अभी भी फाफ डु प्लेसिस 34 छक्के लगाकर टॉप पर बने हुए हैं। उनके बाद चेन्नई के शिवम दुबे (30) और बेंगलुरु के ग्लेन मैक्सवेल (30) हैं।

## प्रणीत को 2.5 करोड़ रुपये देगी तेलंगाना सरकार

**हैदराबाद।** मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने तेलंगाना के शतरंज खिलाड़ी उप्पला प्रणीत को ग्रैंडमास्टर की उपाधि हासिल करने पर बधाई देते हुए 2.5 करोड़ रुपये की धनराशि से सम्मानित करने का फैसला लिया है। मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार प्रणीत को यह धनराशि प्रशिक्षण और अन्य खर्चों के लिये दी जायेगी। श्री राव ने कहा कि प्रणीत (16) की लगन, मेहनत और समर्पण ने उन्हें ग्रैंडमास्टर बनाया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि प्रणीत और अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचेंगे और भविष्य में तेलंगाना एवं भारत के लिये ख्याति अर्जित करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रणीत की आकांक्षाओं को पूरा करने में उनका हर कदम पर सहयोग करेगी।

इसी बीच, श्री राव ने शतरंज चैंपियन वीरलापल्ली नंदिता को 'महिला कैंडिडेट मास्टर' बनने पर 50 लाख रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने 19 वर्षीय नंदिता को विश्व शतरंज महासंघ द्वारा यह उपाधि दिये जाने पर बधाई दी।



# शेयर बाजार में गिरावट




**एजेंसी। मुंबई**
शेयर बाजार में आज यानी मंगलवार (16 मई) को गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 413 अंक गिरकर 61,932 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 125 अंकों की गिरावट रही और ये 18,273 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 13 में तेजी और 17 में गिरावट देखने को मिली। कोटक महिंद्रा-टाटा मोटर्स निफ्टी-50 के टॉप लूजर कोल इंडिया, बजाज फाइनेंस, हिंडाल्को, इंफोसिस, बजाज फिनसर्व और विप्रो समेत निफ्टी-50 के 17 शेयरों में तेजी रही। वहीं कोटक महिंद्रा, टाटा मोटर्स, अपोलो हॉस्पिटल, मारुति, भारतीय एयरटेल, सन फार्मा और रिलायंस समेत निफ्टी के 33 शेयरों में गिरावट देखने को मिली। ठरए के सभी 11 सेक्टोरल इंडेक्स में से 9 में गिरावट और 2 में तेजी रही। मीडिया सेक्टर में सबसे ज्यादा 1.38% की गिरावट रही। वहीं बैंक, ऑटो, फाइनेंशियल सर्विसेज, ऋ्रउऋ्र प्राइवेट बैंक, मेटल, फार्मा और रियल्टी सेक्टर में भी गिरावट रही। सिर्फ क्ळ और ढरव बैंक सेक्टर में तेजी देखने को मिली। इससे पहले सोमवार (15 मई) को शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली थी। सेंसेक्स 317 अंक चढ़कर 62,345 के स्तर पर बंद हुआ था। निफ्टी में भी 84 अंकों की तेजी रही और ये 18,398 पर बंद हुआ था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 23 में तेजी और सिर्फ 7 में गिरावट देखने को मिली थी।

## लावा अग्नि 2 स्मार्टफोन लॉन्च

**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारतीय मोबाइल मेकर कंपनी छ्ं५ आज यानी मंगलवार (16 मई) को 'लावा अग्नि 2' 5जी स्मार्टफोन लॉन्च कर दिया है। कंपनी ने इस स्मार्टफोन को 8जीबी रैम + 256जीबी स्टोरेज के साथ सिंगल वैरिएंट में लॉन्च किया है। साथ ही, इसमें 8जीबी एक्सपेंडेबल रैम दी गई है। कंपनी ने वादा किया है कि वह लावा अग्नि 2 में 3 साल तक क्वार्टरली सिक्योरिटी अपडेट के साथ एंड्रॉयड 14 और एंड्रॉयड 14 का भी अपडेट देगी। इसके साथ ही फोन में किसी भी प्रकार का ब्लोटवेयर एड नहीं दिखाई देगा। कंपनी ने वादा किया है कि लावा




अग्नि 2 में 1 साल की वारंटी पीरियड में किसी हार्डवेयर इश्यू पर फोन को फ्री में रिप्लेस किया जाएगा। साथ ही, कस्टमर्स को फ्री होम सर्विस भी मिलेगी। कंपनी ने दावा किया है कि मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7050 प्रोसेसर के साथ भारत में लॉन्च होने वाला ये पहला स्मार्टफोन है।

# टेलीकॉम कंपनी में फिर होगी छंटनी

**एजेंसी। नई दिल्ली**
वोडाफोन ग्रुप ने हाल ही में छंटनी की अनाउंसमेंट की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ग्रुप की नई चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (उएड) मार्गेरिटा डेला वैले ने बताया है कि कंपनी के 11,000 एम्प्लॉइज की छंटनी की जाएगी। इन सभी एम्प्लॉइज को तीन साल के पीरियड में हटाया जाएगा। मार्गेरिटा डेला वैले का मानना है कि टेलीकॉम कंपनी के इस साल फ्री कैश फ्लो में 1.5 बिलियन यूरो की गिरावट के पूर्वानुमान के बाद यह बदलाव करना जरूरी है। डेला वैले को कंपनी में पिछले महीने ही परमानेंट तौर पर अपॉइंट किया गया है। डेला वैले ने कहा, 'कंपनी की परफॉर्मेंस अच्छी नहीं रही है। मेरी प्रायोरिटीज- कस्टमर्स, सिंपलिसिटी और ग्रोथ है। हम





अपनी कॉम्पिटेटिवनेस को फिर से हासिल करने के लिए कॉम्प्लेक्सिटी को दूर करते हुए अपने ऑर्गेनाइजेशन को सरल बनाएंगे। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, यह कंपनी के लिए अब तक की सबसे बड़ी छंटनी होगी। वर्तमान में वोडाफोन में 1 लाख एम्प्लॉइज हैं। टेलीकॉम कंपनी ने बताया कि उसे चालू फाइनेंशियल ईयर में 3.3 बिलियन यूरो नकद जनरेट करने की उम्मीद है, जो मार्च के आखिरी में खत्म हुए पिछले फाइनेंशियल ईयर के 4.8 बिलियन यूरो से कम है। इससे पहले वोडाफोन ने इस साल की शुरूआत में इटली में 1,000 एम्प्लॉइज की छंटनी की अनाउंसमेंट की थी। जर्मनी में भी 1,300 एम्प्लॉइज की छंटनी की जा सकती है।

## अब कच्चे तेल पर कोई विंडफॉल टैक्स नहीं

**नई दिल्ली।** सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादन किए जाने वाले कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स में कटौती की है। सरकार की तरफ से जारी नोटिफिकेशन के अनुसार ओएनजीसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी पेट्रोलियम कंपनियों द्वारा घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स 4,100 रुपए प्रति टन से घटाकर शून्य कर दिए हैं। यह कटौती 16 मई से लागू हो गई है। विंडफॉल टैक्स घटने या बढ़ने से आम आदमी पर फर्क नहीं पड़ता है। सरकार ने पेट्रोल-डीजल और एविएशन टरबाइन फ्यूल पर विंडफॉल टैक्स को शून्य पर बरकरार रखा है यानी इन पेट्रोलियम उत्पादों पर कोई विंडफॉल टैक्स नहीं लगेगा। पिछले साल 1 जुलाई से विंडफॉल टैक्स लगाने की शुरूआत की थी। तब पेट्रोल और अळऋ पर 6 रुपए प्रति लीटर, जबकि डीजल पर 13 रुपए प्रति लीटर निर्यात शुल्क (विंडफॉल टैक्स) लगाने का फैसला किया था। इसके बाद सरकार ने 20 जुलाई को पेट्रोल के निर्यात पर ये टैक्स खत्म कर दिया था। केंद्र सरकार हर 15 दिन में विंडफॉल टैक्स की समीक्षा करती है।

# अमेजन ने की 400-500 कर्मचारियों की छंटनी

**एजेंसी। नई दिल्ली**
अमेजन इंडिया ने अपने क्लाउड डिवीजन एडब्ल्यूएस के साथ-साथ पीपल एक्सपीरियंस एंड टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस (पीएक्सटी) या एचआर और सपोर्ट वर्टिकल से लगभग 400-500 कर्मचारियों को निकाल दिया है। कंपनी ने करीब 400-500 कर्मचारियों की छंटनी की है। सूत्रों के मुताबिक, देश में कर्मचारियों की छंटनी अमेजन के सीईओ एंडी जेसी द्वारा मार्च में की गई 9,000 छंटनी की घोषणा का हिस्सा है। अमेजन ने मार्च में अमेजन वेब सर्विस (एडब्ल्यूएस), ट्विच, एडवरटाइजिंग और एचआर में




9,000 कर्मचारियों की छंटनी करने की घोषणा की थी। अमेजन के सीईओ एंडी जेसी द्वारा मार्च में कर्मचारियों के साथ साझा किए गए मेमो के अनुसार, ई-कॉमर्स की दिग्गज कंपनी ने शुरूआत में जनवरी में 18,000 पदों को समाप्त कर दिया था और हमने इस महीने अपनी योजना के दूसरे चरण को पूरा किया। हमें 9,000 अतिरिक्त भूमिका में कटौती करने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने उल्लेख किया, मैं यह साझा करने के लिए लिख रहा हूं कि हम अगले कुछ हफ्तों में ज्यादातर एडब्ल्यूएस, पीएक्सटी, विज्ञापन और ट्विच में लगभग 9,000 और पदों को खत्म करने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, यह एक कठिन फैसला था, लेकिन हमें लगता है कि कंपनी के लॉन्ग टर्म के लिए सबसे अच्छा है। एडब्ल्यूएस के सीईओ एडम सेलिप्सकी ने भी घोषणा की थी।

# एक साल में रिकॉर्ड 3.47 लाख करोड़ के घर बिके



**एजेंसी। नई दिल्ली**
मार्च में खत्म वित्त वर्ष के दौरान देश में मकानों की बिक्री 3.47 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। रियल एस्टेट कंसल्टेंट एनारॉक के मुताबिक, ये 2021-22 में घरों की बिक्री से 48% ज्यादा है। इस दौरान बिके घर भी 36% बढ़कर 3.79 लाख से ज्यादा हो गए। बीते वित्त वर्ष बिके मकानों की संख्या और उनकी कुल कीमत के मामले में मुंबई महानगर क्षेत्र सबसे आगे रहा। एनारॉक ग्रुप के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा, ह्यदेश के टॉप हाउसिंग मार्केट में बिके कुल मकानों में टटफ की हिससेदारी 30% रही। मार्च तक 12 महीनों में इस इलाके में 1.67 लाख करोड़ रुपए के घर बिक गए।ह्ण पुरी ने कहा कि लोग न सिर्फ रहने के लिए बल्कि निवेश के मकसद से भी घर खरीद रहे हैं। प्रॉपर्टी निवेश के भरोसेमंद साधन के तौर पर उभर रही है। जनवरी-मार्च के बीच मुंबई में मकानों के दाम 5.5% बढ़े। इस मामले में देश की आर्थिक राजधानी दुनियाभर के टॉप-46 शहरों में छठे स्थान पर रही। एक साल पहले मुंबई इस मामले में 38वें स्थान पर थी। रियल एस्टेट सलाहकार फर्म नाइट फ्रैंक इंडिया के मुताबिक, बीती तिमाही मकानों के दाम बढ़ने के मामले में बेंगलुरु 16वें और दिल्ली 22वें स्थान पर पहुंच गई।

## आईओएस के लिए फोन लिंक अब सभी विंडोज 11 कस्टमर्स के लिए उपलब्ध

**सैन फ्रांसिस्को।** माइक्रोसॉफ्ट ने घोषणा की है कि आईओएस के लिए फोन लिंक अब सभी विंडोज 11 कस्टमर्स के लिए उपलब्ध है, जिससे आईफोन यूजर्स को फोन कॉल करने और रिसीव करने, आईमैसेज के माध्यम से मैसेज भेजने और रिसीव करने, अपने कॉन्टेक्ट्स तक पहुंचने और सीधे अपने विंडोज पीसी से फोन नोटिफिकेशन देखने की सुविधा देता है। माइक्रोसॉफ्ट ने एक ब्लॉगपोस्ट में कहा, हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि आईओएस के लिए फोन लिंक अब सभी विंडोज 11 कस्टमर्स के लिए उपलब्ध है। विंडोज 11 पर आईओएस के लिए फोन लिंक पिछले महीने 39 भाषाओं और वैश्विक स्तर पर 85 बाजारों में जारी किया गया था, कंपनी ने ध्यान दिया कि सभी कस्टमर तक पहुंचने में कुछ सप्ताह लगेंगे। इससे पहले, फोन लिंक फीचर केवल एंड्रॉइड फोन के साथ काम करता था। हालांकि, फोन लिंक की कुछ सीमाएं हैं क्योंकि टेक दिग्गज ने कहा कि मैसेजिंग फीचर लिमिट और सेंशन आधारित होगी और केवल तभी आएगी जब फोन पीसी से जुड़ा होगा।

# एनएसई ने लॉन्च किया नया फ्यूचर कॉन्ट्रैक्ट

**एजेंसी। नई दिल्ली**
नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने सोमवार (15 मई) को हळकक्रूड ऑयल और नैचुरल गैस फ्यूचर कॉन्ट्रैक्ट्स लॉन्च कर दिया है। इसके बाद अब फ्यूचर एंड ऑप्शन सेगमेंट के तहत हळकक्रूड ऑयल और नैचुरल गैस में भी ट्रेड कर सकते हैं। इसके लिए मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (रएइक) ने पिछले महीने ठरए को मंजूरी दी थी। इस मंजूरी के बाद ठरए ने उटए ग्रुप के साथ एक डेटा लाइसेंसिंग एग्रीमेंट किया, जिससे ठ टए प्लेटफार्म पर भारतीय रुपए में हळकक्रूड ऑयल एंड नेचुरल गैस के ट्रेड और डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट्स को सेटल कर सकें। ठरए के चीफ बिजनेस डेवलपमेंट ऑफिसर श्रीराम कृष्णन ने कहा कि 'मार्केट पार्टिसिपेट्स को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि ठरए ने आज क्रूड ऑयल और नैचुरल गैस फ्यूचर कॉन्ट्रैक्ट लॉन्च किया है। ठरए करीब 30 सालों से मार्केट पार्टिसिपेट्स का भरोसेमंद




एक्सचेंज बना हुआ है, जिसका कारण हाई लेवल सिक्योरिटी और लचीलेपन के साथ मजबूत टेक्नोलॉजी प्लेटफार्म है।' फ्यूचर्स इंडस्ट्री एसोसिएशन के साल 2022 के आकड़ो के अनुसार, ट्रेडिंग वॉल्यूम के लिहाज से ठरए दुनिया का सबसे बड़ा डेरिवेटिव एक्सचेंज है। लगातार यह चौथा साल है जब ठरए ने यह स्थान हासिल किया है। इसके साथ ही इलेक्ट्रॉनिक ऑर्डर बुक के लिहाज से एनएसई का तीसरा स्थान है। एनएसई भारत में इलेक्ट्रॉनिक बेस्ड ट्रेडिंग शुरू करने वाला पहला एक्सचेंज है।

## विदेश

# पाक में चीफ जस्टिस से इस्तीफे की मांग



**एजेंसी। इस्लामाबाद**
पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को रिहाई के खिलाफ पाकिस्तान के सत्तारूढ़ गठबंधन पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के सामने धरना प्रदर्शन किया। इसकी अगुआई अलायंस चीफ मौलाना फजल-उर-रहमान ने की। पहले यह धरना बेमियादी था, देर रात इसको खत्म करने का फैसला हुआ। ढञ्च में शामिल सभी 13 पार्टियों के नेता और हजारों कार्यकर्ता इसमें शामिल हुए। इस दौरान नवाज शरीफ की बेटी और पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (ढटछ-ठ) की नेता मरियम नवाज ने कहा- हमारा सुप्रीम कोर्ट और उसके चीफ जस्टिस उमर अता बंदियाल सिर्फ इमरान खान को इंसाफ दे रहे हैं। वो ईमानदारी नहीं, इमरानदारी दिखा रहे हैं। मौलाना ने कहा- जजों को सियासत का बहुत शौक है। मेरा चैलेंज है, वो कोर्ट से निकलें और फिर सियासत करें। देखते हैं क्या होता है। मरियम नवाज ने इमरान पर तंज कसा। कहा- इमरान का जो पैर 6 महीने से ठीक नहीं हो रहा था, वो हमारे रेंजर्स ने 2 घंटे में ठीक कर दिया। चलना तो ठीक, खान तो अब दौड़ने भी लगा है। अगर चीफ जस्टिस उमर अता बंदियाल में जरा भी शर्म है तो वो इस्तीफा दें।

## पाकिस्तान में खूनी संघर्ष, गोलीबारी में 16 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दो समूहों के बीच खूनी संघर्ष में कम से कम 16 लोग मारे गए और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने समाचार एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि यह घटना सोमवार देर रात कोहाट जिले के दर्रा आदम खेल आदिवासी क्षेत्र में दो समूहों के बीच विवादित कोयला खदान के सीमांकन को लेकर हुई। पुलिस ने कहा कि दो आदिवासी समूहों के बीच लंबे समय से चल रहे विवाद के कारण गोलीबारी हुई। स्थानीय आदिवासी अदालत, जिरगा के कई सत्र, प्रतिद्वंद्वी जनजातियों को समेटने के लिए आयोजित किए गए थे। हालांकि, सोमवार को कोयला खदान में काम करने के दौरान एक-दूसरे का सामना करने पर समूह हिंसक हो गए। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, पुलिस और बचाव दल तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ितों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने दोषियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अमेरिका के पास 1419 डिप्लॉएड परमाणु हथियार



**एजेंसी। वाशिंगटन**
अमेरिका ने मंगलवार को अपने परमाणु हथियारों की जानकारी सार्वजनिक की है। वहां के स्टेट डिपार्टमेंट ने बताया कि उनके पास कुल 1419 डिप्लॉएड परमाणु हथियार हैं। ये जानकारी अमेरिका की रूस के साथ 2011 में हुई न्यू स्टार्ट ट्रीटी के तहत दी गई है। हालांकि, रूस ने यूक्रेन जंग का एक साल पूरा होने पर इस समझौते को सस्पेंड किया था। पुतिन ने अमेरिका पर आरोप लगाया था कि वो इस जानकारी का गलत इस्तेमाल कर रहा है। वहीं, अमेरिका अब रूस पर परमाणु हथियारों की जानकारी देने का दबाव बना रहा है।अमेरिका ने रूस पर आरोप लगाया है कि वो अपने परमाणु हथियारों की जानकारी छिपा रहा है। जो ट्रीटी का उल्लंघन है। वहीं, अमेरिका की दी गई जानकारी से सामने आया है कि उसके पास 662 इंटरकॉन्टिनेंटल, सबमरीन बैलिस्टिक मिसाइल और हैवी बॉम्बर्स हैं। जो पिछले साल के मुकाबले घटे हैं। पिछले साल तक अमेरिका के पास 686 ऐसी मिसाइल थीं, जबकि रूस के पास 2022 में 526 इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल थी।

## सूडान के युद्धरत पक्षों के बीच खारतूम में लड़ाई जारी

**खारतूम।** सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) और रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के बीच हिंसक झड़पें जारी हैं। राजधानी खारतूम के पूर्वी हिस्सों में वायु सेना द्वारा भारी बमबारी की जा रही है। सेना ने सोमवार देर रात एक बयान में कहा, विद्रोही मिलिशिया से संबंधित हथियारों, गोला-बारूद, ईंधन व रसद को रोका गया है, जिसने शार्क अल-नील (पूर्वी नील) इलाके में कुछ क्षेत्रों और पूर्वी नील अस्पताल के आसपास के ठिकानों को निशाना बनाया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बयान में कहा गया है कि ऑपरेशन के दौरान कोई नागरिक हताहत नहीं हुआ, लेकिन आरएसएफ ने कहा कि बमबारी में दर्जनों निर्दोष नागरिक मारे गए और घायल हुए और अस्पताल का एक बड़ा हिस्सा नष्ट हो गया। सोमवार को, सूडानी विदेश मंत्रालय ने खारतूम में कई राजनयिक मिशनों पर आरएसएफ हमलों की निंदा की। मंत्रालय ने कहा,आरएसएफ ने जॉर्डन के राजनयिक मिशनों, दक्षिण सूडान के दूतावास, सोमालिया गणराज्य के दूतावास, युगांडा गणराज्य के दूतावास और सेना पर हमला किया।

# न्यूजीलैंड : हॉस्टल में आग लगने से 6 की मौत



**एजेंसी। न्यूजीलैंड**
न्यूजीलैंड की राजधानी वेलिंगटन में मंगलवार देर रात 12 बजकर 30 मिनट पर एक चार मंजिला हॉस्टल में आग लग गई। इसमें 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 20 लोग लापता हैं। हॉस्टल का नाम लोफर्स लॉज हॉस्टल है, जिसमें 92 कमरे थे। आग बुझाने के लिए 90 फायर फाइटर्स और 20 फायर ट्रकों को काम पर लगाया गया था। इन्होंने 50 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला, इनमें से 5 लोगों को हॉस्टल की छत से रेस्क्यू किया गया था। एक व्यक्ति ने तो जान बचान के लिए तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। जो बुरी तरह जख्मी हो गया। इमरजेंसी सर्विसेज के लोग अभी भी लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं। इसके लिए आम नागरिकों की मदद भी मांगी गई है। अभी तक आग लगने के कारण का पता नहीं चला है, लेकिन लोकल मीडिया का कहना है कि आशंका है किसी ने आग जानबूझकर लगाई हो। प्रधानमंत्री क्रिस हिपकिंस ने स्थिति को गंभीर बताया है।

## एतराज जताया

## जेलेंस्की से दो घंटे बातचीत के बाद सुनक का वादा

# यूक्रेन के पायलट्स को ट्रेनिंग देगा ब्रिटेन

**एजेंसी। वाशिंगटन**
यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की सोमवार को ऋषि सुनक से मिलने के लिए ब्रिटेन पहुंचे। दोनों ने 16वीं सदी में ब्रिटेन के बकिंघमशायर में बने घर में यूक्रेन को सैन्य और आर्थिक मदद देने पर चर्चा की। प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक ब्रिटेन जंग में रूस का सामना करने के लिए यूक्रेन को कई सौ एयर डिफेंस मिसाइल और अटैक के लिए लंबी रेंज वाले ड्रोन देगा। जेलेंस्की ने मदद के बदले ब्रिटेन के लोगों को दिल से धन्यवाद दिया। वहीं, रूस ने कहा कि ब्रिटेन की मदद से जंग का रुख नहीं बदलने वाला है। जेलेंस्की ने कहा कि हम जेट कोएलिशन बनाना चाहते हैं। ये हमारे लिए काफी अहम है क्योंकि हम आसमान को कंट्रोल नहीं कर सकते हैं। मुझे इसके बनने की पूरी उम्मीद है। हमें जल्द ही कुछ जरूरी फैसले सुनने को मिल सकते हैं। वहीं जेलेंस्की के फाइटर प्लेन की मांग पर ऋषि सुनक ने कहा- लड़ाकू एयरक्राफ्ट बनाना आसान नहीं है। वो एयरक्राफ्ट चलाने के लिए यूक्रेन के पायलट्स को ट्रेनिंग देंगे। जो जल्द ही शुरू होगी। वहीं ब्रिटेन के यूक्रेन की मदद करने पर रूस ने एतराज जताया है। इस पर सुनक ने कहा- मैं रूस को बता देना चाहता हूं कि हम यूक्रेन को छोड़कर कहीं नहीं जा रहे हैं। मदद करते रहेंगे। ब्रिटेन के यूक्रेन को और मदद देने के वादे का वहां की डिफेंस सिलेक्ट कमेटी ने विरोध किया है। कमेटी ने कहा कि ब्रिटेन लगातार यूक्रेन को मदद देकर अपने हथियार खत्म नहीं कर सकता है। वहीं सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी टोबाइस एलवुड के सांसद ने कहा कि अकेला ब्रिटेन यूक्रेन की मदद नहीं कर सकता है। इसके लिए नाटो के सभी देशों को साथ आना होगा। उन्होंने कहा- ये नाटो का मिशन होना चाहिए, जो अब तक नहीं है। ब्रिटेन हमेशा यूक्रेन को हथियार गिफ्ट नहीं कर सकता है।



# न्यू मैक्सिको में मास शूटिंग में 3 की मौत,9 घायल

**एजेंसी। वॉशिंगटन**
अमेरिका के दक्षिण-पश्चिमी राज्य न्यू मैक्सिको में सोमवार को मास शूटिंग की वारदात में 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि दो पुलिसवालों समेत 9 लोग घायल हो गए। वारदात को 18 साल के हमलावर ने अंजाम दिया था। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में हमलावर भी मारा गया। शूटिंग की वारदात फार्मिंग्टन में हुई, जहां करीब 50 हजार लोग रहते हैं। यहां के सैन हुआन रीजनल मेडिकल सेंटर में 7 घायलों को भर्ती कराया गया। इनमें एक फार्मिंग्टन पुलिस ऑफिसर और एक स्टेट पुलिस ऑफिसर शामिल है। फार्मिंग्टन पुलिस के डेप्युटी चीफ बैरिक क्रम ने बताया कि दोनों अफसरों की हालत स्थिर है। शहर के पुलिस डिपार्टमेंट ने हमलावर की पहचान उजागर नहीं की है और न ही हमले में मरने वालों और घायलों की जानकारी शेयर की है। पुलिस ने ये भी नहीं बताया कि हमले के पीछे क्या कारण रहा होगा और हमलावर ने किस तरह के हथियार का इस्तेमाल किया। हालांकि, पुलिस ने इस बात का भी आश्वासन दिया कि इलाका फिलहाल खतरे से बाहर है। घटना के बाद शहर के सभी स्कूलों पर पुलिस ने लॉकडाकन लगा दिया है। मिडिल स्कूल टीचर ने बताया कि यह इलाका शहर का बहुत हलचल वाला इलाका नहीं है। यहां घरों के साथ शॉर्ट-टर्म रेंटल अपार्टमेंट और चर्च भी हैं।

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


### कांग्रेस ने विधायक दल की बैठक बुलाई

# कर्नाटक के सीएम का ऐलान आज



**एजेंसी/नई दिल्ली**

कर्नाटक के मुख्यमंत्री का ऐलान कल किया जाएगा। बुधवार को बेंगलुरु में कांग्रेस विधायक दल की बैठक बुलाई जाएगी, वहीं मल्लिकार्जुन खड़गे विधायक दल के नेता का ऐलान करेंगे। मंगलवार शाम सीएम पद के दोनों दावेदार डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से उनके घर जाकर मिले। दोनों नेता 50-50 फॉमूले से सहमत नहीं है। दोनों नेताओं से मुलाकात के बारे में अब खड़गे सोनिया गांधी को रिपोर्ट देंगे। राहुल-सोनिया से बात करने के बाद खड़गे कल बेंगलुरु जाएंगे। इस बीच सूत्रों के हवाले से खबर यह भी है कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद के लिए सिद्धारमैया का नाम लगभग तय हो गया है। डीके शिवकुमार को लोकसभा चुनाव तक इंतजार करने को कहा है। तब तक उन्हें डिप्टी सीएम बनाया जाएगा या प्रदेश अध्यक्ष के साथ दो महत्वपूर्ण मंत्रालय दिए जाएंगे। इस बीच राहुल गांधी दोपहर 12.30 बजे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मिलने उनके आवास पर पहुंचे। आज सुबह पार्टी के नवनिर्वाचित विधायक भी कांग्रेस अध्यक्ष से मिले। इनके बीच क्या बात हुई, यह सामने नहीं आई है। डीके शिवकुमार ने मंगलवार सुबह बेंगलुरु में कहा, 'हम सब एक हैं। हम 135 हैं। मैं किसी को डिवाइड नहीं करना चाहता। वे भले ही मुझे पसंद करें या नहीं। मैं एक जिम्मेदार व्यक्ति हूं। मैं धोखा नहीं दूंगा और ना ही ब्लैकमेल करूंगा। हमने कांग्रेस पार्टी को बनाया, हमने इस घर को बनाया। मैं इसका हिस्सा हूं।' उन्होंने कहा, 'एक मां अपने बच्चे को सब कुछ देती है। सोनिया गांधी हमारी आदर्श हैं। कांग्रेस हर किसी के लिए परिवार की तरह है। हमारा संविधान बेहद महत्वपूर्ण है और हमें सभी के हितों की रक्षा करनी है। लोकसभा में 20 सीट जीतना हमारा अगला लक्ष्य है।

# खट्टर देते हैं बयान ,जब होता है बखेड़ा तब लगते हैं पछताने

**आरएनएम/नई दिल्ली**

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर अपने बयान को लेकर अक्सरहां घिर जाते हैं । और जब घिर जाते हैं तो पछताते हुए बातें बनाने लगते हैं ।इससे कई बार पार्टी के शीर्ष नेता परेशान हो जाते हैं। सोनिया गांधी जब एक बार फिर से कांग्रेस की अध्यक्ष बनीं तो हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि खोदा पहाड़ निकली चुहिया। उनका ये बयान सुनने के बाद हर किसी को अजीब लगा। अरविंद केजरीवाल दिल्ली का चुनाव लड़ रहे थे तो खट्टर ने कहा कि वो जीते तो बंदर के हाथ में उस्तरा आ जाएगा। उनका ये बयान भी किसी के गले नहीं उतरा। लेकिन देखा जाए तो खट्टर के ये दो बयान ही नहीं हैं जिनकी वजह से वो विवादों में आए। वो कई बार ऐसे वक्तव्य दे चुके हैं, जिनकी वजह से बेवजह का बखेड़ा खड़ा हुआ। उन्होंने स्पष्टीकरण के बाद अपनी बात पर पछतावा भी जताया। हालांकि वो विवादों से कोई सबक ले रहे हैं ये बात कहीं पर भी नहीं दिखाई देती। पिछले तीन दिनों के तीन वाकये देखे जाए तो साफ लग रहा है कि मनोहर लाल खट्टर को अपनी गलतियों पर कोई मलाल नहीं है। एक जनसंवाद कार्यक्रम में उन्होंने एक शक्स को आप वर्कर बताकर डपट दिया। वो उनसे सवाल कर रहा था तो बीते तीन दिनों के दौरान दो महिलाओं के साथ सीएम के सामने ऐसा बर्ताव हुआ जो नहीं होना चाहिए था ।खट्टर को भाजपा ने हरियाणा के मुख्यमंत्री की कुर्सी पर दोबारा बिठाया है। वो पहले 2014 में मुख्यमंत्री बने। पांच साल तक बदस्तूर राज किया। 2019 के चुनाव में भाजपा हरियाणा में अपने दम पर बहुमत भी हासिल नहीं कर सकी। बावजूद इसके कि उनकी सारी कैबिनेट (सीएम और अनिल विज को छोड़कर) चुनाव हार गई। आलाकमान ने उनको फिर से सीएम की कुर्सी पर बिठा दिया। वो जेजेपी के साथ समझौता करके सरकार चला रहे हैं ।उनके विवादित बयानों पर नजर डाली जाए तो पहली बार सीएम बनते ही उन्होंने इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में कहा था कि मुस्लिम रह सकते हैं पर उनको बीफ खाना छोड़ना ही होगा। वो दादरी लिंचिंग पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। केंद्रीय नेतृत्व ने उनके बयान से किनारा किया तो वो माफी मांगने लगे। 2018 में उन्होंने रेप को लेकर विवादित बयान दिया। अरविंद केजरीवाल



और रणदीप सुरजेवाला ने उनकी घेराबंदी की तो उन्होंने पल्ला झाड़ लिया ।केंद्र ने आर्टिकल 370 हटाया तो उन्होंने कश्मीर की लड़कियों को लेकर विवादित टिप्पणी की। बाद में पीछे हट गए। 2021 में किसान जब दिल्ली की सीमाओं पर जमे थे तब उन्होंने बीजेपी किसान मोर्चा की मीटिंग में विवादित टिप्पणी की। बवाल बढ़ा तो फिर से पीछे हट गए। लेकिन इस साल अप्रैल में वो सीमाएं लांघ गए। कांस्टेबल भर्ती टलने को लेकर उनसे सवाल किया गया तो उनका कहना था कि एक जज को कुछ दिक्कत है। हम बातचीत करके कोई रास्ता निकाल लेंगे। न्यायपालिका पर टिप्पणी को लेकर आलोचना हुई तो वो बोले कि ये अस्वाभाविक वक्तव्य था।

## 26 मई 2023 को नए संसद भवन का हो सकता है उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री बनने के नौ साल पूरे होने पर केन्द्रीय सत्ता के शीर्ष नेता 26 मई 2023 को नए संसद भवन का उद्घाटन कर सकते हैं। बदले व नए संसद भवन के लिए सब कुछ बदला हुआ नजर आने की संभावना है। मार्शल की ड्रेस नई , सुरक्षा पहले से तगड़ी। तामझाम पहले से तगड़ा।नया संसद भवन चार मंजिला , 1224 सांसदों के बैठने की व्यवस्था । दिसंबर, 2022 में प्रधानमंत्री मोदी ने नई संसद की आधारशिला रखी थी। नए संसद भवन का निर्माण टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड कर रहा है। इस भवन में कई ऐसी चीजों को प्रदर्शित किया जाएगा जो भारत की एकता को दिखलाएगा।

### सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर से पूछा

# हेट स्पीच मामला: अनुराग ठाकुर व परवेश वर्मा के खिलाफ केस दर्ज क्यों नहीं हो रहा?

**-ब्यूरो। नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय की जस्टिस केएम जोसेफ और जस्टिस बीवी नागरत्ना की बेंच ने हेट स्पीच के मामले में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और सांसद परवेश वर्मा के खिलाफ केस दर्ज न होने पर दिल्ली पुलिस के कमिश्नर से जवाब मांगा तो वो टाइम मांगने लगे। इस बेंच ने तीन महीने बाद की तारीख लगाकर कहा कि तसल्ली से जवाब दीजिए पर दीजिए जरूर। मामले की अगली सुनवाई 14 अगस्त को की जाएगी। माकपा नेता वृंदा करात ने दिल्ली हाईकोर्ट के उस फैसले को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी है जिसमें निचली अदालत ने अनुराग ठाकुर और परवेश वर्मा के खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश देने से इनकार कर दिया था। वृंदा करात ने स्पेशल लीव पिटीशन दायर करके सुप्रीम कोर्ट से दरख्वास्त की है कि वो हेट स्पीच के मामले में दोनों के खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश जारी करे। कोर्ट ने दिल्ली के पुलिस कमिश्नर को नोटिस देकर पूछा था कि दोनों नेताओं के खिलाफ केस दर्ज क्यों नहीं किया गया, इस पर वो काउंटर एफिडेविट दाखिल करें। उनके वकील ने अदालत से समय की मांग की थी ।पिछली सुनवाई के दौरान माकपा नेता ने सुको को बताया था कि मजिस्ट्रेट ने दोनों के खिलाफ इस आधार पर केस दर्ज करने की अनुमति नहीं दी क्योंकि अथॉरिटी से सेंक्शन नहीं ली गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने मजिस्ट्रेट के फैसले को सरासर गलत बताया था। करात ने अपनी याचिका में 27 जनवरी 2020 को एक रैली में अनुराग ठाकुर के उस बयान का जिक्र किया जिसमें उन्होंने कहा



था- देश के गद्दारों को गोली मारोङ्को ।वृंदा करात ने भाजपा सांसद परवेश वर्मा के भी उस बयान का जिक्र अपनी याचिका में किया है जिसमें 27-28 जनवरी के दौरान वो एक समुदाय विशेष के खिलाफ आपत्तिजनक बातें कहते दिखे।

# ज्ञानवापी के अरकसर्वे की याचिका मंजूर

### 22 मई को अगली सुनवाई

**एजेंसी। वाराणसी**

ज्ञानवापी की अरक सर्वे की मांग वाली हिंदू पक्ष की याचिका वाराणसी कोर्ट ने मंजूर कर ली है। इस पर अगली सुनवाई 22 मई को होगी। कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष को 19 मई तक आपत्ति दाखिल करने का समय दिया है। आज यानी मंगलवार सुबह ही 11 बजे कोर्ट में चारों वादिनी महिलाओं ने फ्रेश याचिका दाखिल की थी। इसमें ज्ञानवापी परिसर के आर्केलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया यानी अरक सर्वे की मांग की थी। याचिका दाखिल करने से पहले सुबह विष्णु जैन के साथ 4 वादिनी महिलाओं (रेखा, सीता, मंजू, लक्ष्मी) ने काशी विश्वनाथ धाम के दर्शन किए। इससे पहले शुक्रवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ज्ञानवापी परिसर में कथित शिवलिंग की कार्बन डेटिंग और साइंटिफिक सर्वे कराने के आदेश दिए थे। कोर्ट में याचिका स्वीकार होने के बाद विष्णु शंकर जैन ने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा, ₹ज्ञानवापी को आदि विश्वेश्वर का मंदिर प्रूफ करने के लिए उन्हें कुछ सवालों का जवाब चाहिए। वैज्ञानिक ढंग से इन सवालों के जवाब कार्बन डेटिंग और ऋढफसर्वे से ही मिल सकेंगे। कोर्ट में आज जो याचिका मंजूर की है। वह इन्हीं सवालों पर आधारित है। विष्णु जैन ने आगे कहा, ₹ राणा पीबी सिंह की किताब, ट्रैवलर्स और कई विद्वानों की किताबों में इस बात का जिक्र है कि यह हिंदू मंदिर का भग्नावशेष है। कमीशन की कार्रवाई में जो फैक्ट मिले हैं, वो सब हिंदू मंदिर के हैं। अयोध्या के राम मंदिर केस में 2002 में अरकने सर्वे रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में साक्ष्यों को प्रस्तुत किया था। 14 कसोटी के पिलर मिले थे, जिस पर बाबरी मस्जिद बनी थी। इस पर ऐतिहासिक फैसला दिया गया था और अब राम मंदिर बनकर तैयार हो रहा है। वैसे ही जब ज्ञानवापी में अरकजांच करेगी तो उम्मीद से परे चीजें निकलकर बाहर आएंगी।

# छत्तीसगढ़ में 5वीं की छात्रा से गैंगरेप

**एजेंसी। अंबिकापुर**

छत्तीसगढ़ में 5वीं की छात्रा से गैंगरेप का मामला सामने आया है। बच्ची बाजार गई थी। वहां से लौटने के दौरान आरोपियों ने उसे जबरदस्ती स्कूटी पर बिठा लिया। इसके बाद उससे रेप किया। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामला लुंड्रा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, 10 मई को 11 साल की लड़की अपने सहेली के साथ साप्ताहिक बाजार गई थी। मगर बाजार में उसे लेट हो गया। जबकि उसकी सहेली पहले ही घर लौट गई थी। बताया गया कि शाम के वक्त वह लौट रही थी। तभी उसे दो युवक मिल गए। उन्होंने लड़की से घर छोड़ने की बात कही थी। इसके बाद लड़की ने उन्हें मना किया कि वो उनके साथ नहीं जाएगी, लेकिन आरोपी नहीं माने। दोनों ने लड़की को जबरदस्ती स्कूटी पर बिठा लिया। फिर लड़की को जंगल में ले गए। यहां उन्होंने लड़की से रेप किया और आरोपी वहां से भाग निकले थे। उधर, लड़की किस तरह से भागकर घर पहुंची। मगर घर में उसकी मां नहीं थी। इसलिए वह चुप रही। फिर जब मां तीन दिन बाद अपने मायके से आई।

**कवायद जारी** | **पटना में विधानसभा और मुख्यमंत्री आवास के पास अतिक्रमण**

# अवैध अतिक्रमण पर चला प्रशासन का डंडा

**एजेंसी। पटना**

सचिवालय थाना क्षेत्र के विकास भवन के नजदीक वर्षों से किए गए अवैध अतिक्रमण पर जिला प्रशासन का आज डंडा चलाया गया है। यहां 100 से अधिक अवैध रूप से बनाए गए दुकानों और पक्के मकानों को ध्वस्त कर दिया गया। वर्षों से सचिवालय थाना क्षेत्र के विकास भवन के सामने 2 एकड़ के आसपास सरकारी जमीन पर वर्षों से अवैध अतिक्रमण किया गया था। वहां 100 से अधिक अवैध पक्के दुकान और मकान का निर्माण कर लिया गया था। इसलिए शहर में अवैध अतिक्रमण को लेकर अभियान



चलाया गया और सैकड़ों दुकानों को ध्वस्त कर अतिक्रमण मुक्त किया गया ।वहीं, इसके साथ ही वर्षों से अवैध भूमि पर भाजपा के विधान पार्षद नवल किशोर यादव ने भी अपना कार्यालय खोल रखा था उसे सत्ता के धौंस के कारण कोई करवाई नही हों रही थी । लेकिन शहर को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए लगातार चलाए जा रहे अभियान के तहत मकानों और दुकानों को अतिक्रमण मुक्त के लिए जिला प्रशासन की टीम ने करवाई कर दिया। इसके लिए जिला प्रशासन ने ऊछफ उड, रऊड, मैजिस्ट्रेट के साथ भारी संख्या में पुलिस बल को तैनाती किया जहां वर्षों से किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया दिया गया हालांकि अभी भी कई जगहों पर अतिक्रमण किया हुआ है ।उसे भी हटाने की कवायद जारी है।




## कांस फिल्म फेस्टिवल के लिए रवाना हुई उर्वशी रौतेला



एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला कांस फिल्म फेस्टिवल के लिए फ्रांस रवाना हो चुकी हैं। एक्ट्रेस को मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया, जहां से उन्होंने फ्लाइट ली। इस दौरान एक्ट्रेस शॉर्ट रेड ड्रेस और मैचिंग बूट्स में नजर आईं। ड्रेस के साथ एक्ट्रेस ने कमर में एक चेक शर्ट भी बांधी हुई थी। फ्रांस में उर्वशी परवीन बाबी की बायोपिक के फोटोकॉल में शामिल होंगी, जिसमें वो लीड रोल निभाएंगी। सोशल मीडिया पर उर्वशी का एक वीडियो सामने आया है।

## मिनिमल मेकअप गोल्डन पैंट-सूट में स्पॉट हुई मलाइका



49 साल की मलाइका अरोड़ा हमेशा अपने फैशन और फिटनेस को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। हाल ही में उन्हें मुंबई में एक शूट के बाद ग्लैमरस लुक में देखा गया, जिसका एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में मलाइका सीक्वन पैंट-सूट में नजर आईं। इस दौरान उन्होंने अपने एब्स भी फ्लॉन्ट किए। मलाइका ने अपने बालों को खुला रखा।

## गौरी के बुक लॉन्च इंवेंट में पहुंचे शाहरुख



शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान ने सोमवार को अपनी पहली बुक को लॉन्च किया है। इस कॉफी टेबल बुक का नाम 'माई लाइफ इन डिजाइन' है। इस दौरान उनके साथ शाहरुख खान भी मौजूद रहे। इवेंट में किंग खान ने गौरी की जमकर तारीफ की और बताया की गौरी इन दिनों घर में सबसे व्यस्त चल रही हैं। मीडिया से बातचीत के दौरान शाहरुख ने कहा- जब गौरी ने अपना खुद का बिजनेस शुरू करने का फैसला किया, तो शाहरुख ने अपने दोस्तों से मदद लेने की बात कही, लेकिन गौरी ने इनकार कर दिया। 40 साल की उम्र में गौरी ने ये बिजनेस शुरू किया है। मैंने गौरी से कहा, 'मेरे कुछ दोस्त हैं, हम उनसे बात कर सकते हैं', और उसने कहा नहीं। गौरी ने लोअर परेल में कहीं एक छोटी सी दुकान शुरू की। और उसने यह सब अपने दम पर किया, और वह करती रही जो उन्हें पसंद हैं'। बुक लॉन्च में शाहरुख ने गौरी की तारीफ करते हुए कहा- 'मुझसे, मेरे बच्चों से मेरी बहन से ज्यादा गौरी इन दिनों व्यस्त चल रही हैं'। हम उनसे पूंछते रहते हैं कि वह इतना काम क्यों करती हैं। तो वह जवाब में कहती हैं की उन्हें संतुष्टि मिलती है।